# परमेश्वर के एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग

क्यों, सुप्रभात, मित्रों। यह एक बहुत अच्छी सुबह है, और यहां होने के लिए एक अच्छा समय है। मैं आज सुबह जीवित होने के लिए खुश हूं, और यहां फिर से सभा के साथ होने के लिए। ऐसे कम समय में बहुत सारी बातें घटित हो सकती हैं। और हम नहीं जानते कि हमें किस समय पर उस बड़े न्यायालय में उत्तर देने के लिए बुलाया जाएगा। और हम किसी भी समय तैयार रहना चाहते हैं, ताकि हमारे पास शांति हो सके।

2 और जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत आभारी हूं। निश्चय ही, मैं रविवार रात को यहां पर था, और लोगों से बात कर रहा था... मैंने रविवार रात को प्रचार किया, और मैं भाई रॉबर्सन और आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, सारे लोगों को जिन्हें बुलाया गया, आनंद लेने के विषय में रविवार की रात का संदेश, "हमारे पास सारी चीजें है।" और इसलिए मैं... मैंने कभी नहीं सोचा कि मैं बोलने जा रहा हूं, बस नीचे आकर और भाई नेविल की ओर देखा। उसका—उसका गला एक प्रकार से एक भौंरे की तरह भुनभुन आवाज़ कर रहा था। मैंने सोचा, "बेचारा भाई, यदि वह निश्चित रूप से आज रात मुझे बुलाता है, तो मैं सहायता करूंगा, या जो कुछ भी मैं कर सकता हूं वह करूंगा।" क्योंकि, मैं जानता हूं कि यह कैसा होता है, जब आप थके हुए होते है और गला ख़राब होता है, और उसने उस सुबह जोर से प्रचार किया था। और इसलिए मैंने—मैंने रविवार रात उसके लिए प्रचार किया। और इसलिए हम—हम... मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

3 अब वहां वे बता रहे हैं प्रार्थना के लिए बहुत सी विनंतीयां है। और इसलिए आइये बस सबसे पहले उन्हें याद करे, इन सारी विनंतीयों को। आइये अब अपने सिरों को झुकाये।

4 हमारे स्वर्गीय पिता, ऐसा लिखा है कि हमें अपने ह्रदय में धन्यवाद के साथ आपकी सभाओं में प्रवेश करना चाहिए, हमारी विनतियों को संतों की सभाओं में सामने रखी जाए। और आज सुबह हमारे पास उनमें से बहुत सी विनतियां है, बहुत सी, जो हम नहीं जानते कि उन्हें आपके सामने कैसे

रखी जाये, लेकिन आप उन्हें जानते हैं। बहुत सी ऐसी है जिनके विषय में नहीं बताया गया। आप उन्हें भी जानते हैं। इसलिए, हम अपने पूरे हृदय से प्रार्थना करते हैं, जैसा कि हमने पिछले रविवार रात को बहन शेफर्ड, भाई शेफर्ड के बच्ची के लिए प्रार्थना की थी। वहां जब... वापस आकर, पवित्र आत्मा ने कहा, "उसे कोई पोलियो नहीं है। वह ठीक हो जाएगी।" जब हम आपसे सुनते हैं तो हमें क्या ही संतुष्टि मिलती है।

5 अब हम आज सुबह आपसे मांगते हैं कि आप बीमारियों के लिए हमारी इन विनंतीयों को स्वीकार करें, शोकित घर के लिए, प्रियजनों के लिए, और उन सभी के लिए जो बोला गया है, पिता। हम प्रार्थना करते हैं कि आप हर एक को याद रखेंगे। और मैं अपनी प्रार्थना को, और इन लोगों की प्रार्थना को आपके सामने रखता हूं; एक साथ एकत्र होकर, और आपके पास भेजते है, यीशु मसीह के नाम में। पिता, हमारी सुने, हम प्रार्थना करते हैं। आमीन।

6 मैं आप में से हर एक को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मेरे लिए प्रार्थना की है। जबकि मैं... आप जानते हैं कि वहां मेरे पास ही नीचे की गोली चलाने के मैदान पर एक छोटा सा धमाका हुआ था। और शैतान ने मुझे मारने की कोशिश की। और—और, निश्चय ही, वह ऐसा नहीं कर सकता। हुंह-उम। नहीं। परमेश्वर ने अभी तक मेरे काम को पूरा नहीं किया है। इसलिए वह इसे तब तक नहीं कर सकता जब तक यह पूरा नहीं हो जाता। जब परमेश्वर का काम पूरा हो जाता है, तब मैं तैयार हूं। लेकिन मैं... मेरे अच्छे मित्र, भाई वुड, वहां पर, यह तो बस परमेश्वर की दया है, नही तो उसका बस *यहां* से नीचे का हिस्सा ही मिलता, और न की *यहां* से ऊपर का। यह लगभग पांच या छह टन का विस्फोट था *जो* कि मेरे मुंह के नजदीक था, *इस* तरह से। मुझे जरा भी चोट नहीं पहुंची। देखा? मेरे चेहरे पर थोड़ी सी खरोंच आई है। तो, यह, तो, अब यह सब जा चूका है, *वहां* बस एक छोटा सा निशान ही बचा है।

7 इसलिए, मैं यहाँ पर भाई और बहन डाउच को धन्यवाद देना चाहता हूं। भाई ब्राउन, और वे लोग, जो टेलीफोन पर बातचीत के द्वारा समझ गये कि वे एक साथ एकत्र होकर, लोगों का एक झुण्ड, और मेरे लिए प्रार्थना की। और यह बस कुछ तो है, जो आपके लिए कुछ तो करता है। आप जानते हैं, आप दूसरों के लिए प्रार्थना करते हैं, और हर चीज के लिए,

और फिर जब आपको पता चलता हैं कि कोई तो आपके लिए प्रार्थना कर रहा है, जब आपको इसकी आवश्यकता होती है, तो यह बात बहुत बड़ा मायने रखती है। और मैं जानता हूं कि आपमें से कई लोगों ने फोन किया, या कुछ भी नहीं किया, लेकिन आपने भी उसी तरह से प्रार्थना की। और यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। और यही कारण है कि मैं... इससे मुझे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। परमेश्वर मुझे चंगा करे। और इसलिए मैं बहुत ही आभारी हूं।

8 अब, मेरे पास कुछ घोषणाएं हैं इससे पहले कि हम इन छोटे बच्चों को समर्पित करें। अब, आज रात, वहां आराधनालय में सभा है। और आप सभी जो यहां आराधनालय में आते हैं, सीधे यहां सभा में आ जाएं। और इसलिए हम... मैं आज रात भाई रुडेल के लिए बोलने जा रहा हूं, यहाँ ऊपर महामार्ग पर, जो हमारे एक आने वाले अतिथि भाइयों में से एक है। और फिर, जैसे ही मैं वापस आऊंगा, यदि मेरे पास एक और रात होगी, तो मैं भाई जूनी जैक्सन के पास जाना चाहता हूं। उसके बाद वह भाई जो सेलर्सबर्ग में है, हम उसे वहां एक रात देना चाहते है, और इसलिए हम वहां पर उससे मिलने के लिए जाना चाहते हैं। और वो भाई जो वहां यूटिका में है, उससे भी हम जब भी रात में मौका मिले उससे मिल लेंगे।

9 जैसा कि आप जानते हैं, इस सप्ताह मैं ग्रीन बे, विस्कॉन्सिन के यहाँ जाने के लिए निकल रहा हूं, फुल गोस्पल बिजनेस मेन के क्षेत्रीय कन्वेंशन में।

10 अगले रविवार, मैं उस हाई स्कूल में रहूंगा, वहां पर ऊपर, जहां मैं पिछली बार वहां था। मैं उस हाई स्कूल के सभागार का नाम भूल गया। [एक भाई कहता है, "माथेर।"—सम्पा।] यह क्या है? ["माथेर।"] माथेर। स्टीफन माथेर। जी हां। तो ठीक है। हाई स्कूल सभागार।

11 और फिर, सोमवार को, मैं एक कन्वेंशन में रहूँगा, जहां पर मैंने उस सेवक लोगों की समिति के साथ चर्चा की थी शिकागो में, वहां पिछली बार। हम भाई जोसफ बोज की विदाई की सभा के लिए उस स्थान पर होंगे, जो तांगानिका जा रहे हैं। मैं सोचता हूं कि वो इसे तांगानिका कहते है। और केन्या, और डरबन, और वहां से होते हुए, मेरी आने वाली सभाओं के लिए व्यवस्था कर रहे है; और और दक्षिण अफ्रीका में से होते हुए अफ्रीका में। और तब हम आपसे मांगते है कि इन सभाओं के लिए प्रार्थना में हमें याद

रखे। उसके बाद हम वापस लौट आयेंगे।

12 और मैं नहीं जानता कि मेरे पास सभा को लेने का समय कहां होगा, किसी और दिन आराधनालय में, या नहीं, इससे पहले कि हम उत्तरी केरोलिना में जाये। और फिर, वहां से, दक्षिण कैरोलिना। और फिर वहां से होते हुए लॉस एंजिल्स में काऊ पैलेस की ओर, दक्षिण गेट पर। और यही है जहां मैं आशा करता हूं कि वहां जाकर और श्रीमान वेदरबाय से मिलूंगा, जिसने वह बंदूक बनाई जिसमें से गोली विस्फोट हो गयी।

13 उसने बंदूक में गोली डालने की जगह को पर्याप्त रूप से सही नहीं किया था, और गोली को आगे जाने के बजाय पीछे की ओर धकेल दिया। यह एक पुरानी बंदूक थी जिसे मैंने हाल ही में उसे भेजा था। बाद में, उसने उसकी नली को बड़ा करवाया और उसे एक अलग प्रकार की बंदूक बना दिया। मैंने इसमें गोली को डाला, गोली चलाने के लिए इसे ऊपर उठाया, और यह, तब, इसने बंदूक को मेरे चारों ओर पचास गज की दूरी तक विस्फोट कर दिया, *इस* तरह से, मेरे हाथ में पिघल गयी। बंदूक की नली पचास गज की दूरी पर फटकर अलग हो गयी, पिछला भाग सीधा हिरण के पिंजरे के पीछे चला गया, ये मेरे पीछे तीस, चालीस गज की दूरी पर गिरा, और छर्रे के टुकड़े उड़ गए और पेड़ों से छाल को उखाड़ दिया और बाकी की हर एक चीज को। तो यह मेरी आंख के *इतना* ही नजदीक हुआ था, बस लगभग एक इंच की दूरी, जहां से यह इस तरह फटा। और यदि यह फट गया होता...

14 और वह बंदूक अपने आप में उन्नीस सौ पाउंड दबाव को झेल सकती है, बिना फटे। तो आप कल्पना कर सकते हैं कि उस पर कितना ज़बरदस्त दबाव रहा होगा, कि ऐसा हो गया। और याद रखना, यदि यह इसे उड़ाता है, तो यह मेरे सिर और कंधों को भी उड़ा सकता था, आपने देखा। लेकिन वहां पर प्रभु खड़ा हुआ था, जिसने मुझे यहां तक चोट भी नहीं आने दी, बस मेरे चेहरे पर खरोंच आ गयी। और एक छोटा सा छर्रा मेरी आंख के स्थान के नीचे चला गया, आँखों के चारों ओर एक घेरा बना दिया, सो इसने आँखों को नही छुआ, जहां पर वो छर्रा अंदर गया था। उनमें से एक बड़ा टुकड़ा जो सिर की हड्डी में अटक गया, आंख के आस–पास चला गया, हालांकि आंख के अंदर नहीं गया। ओह, प्रभु!

15 ज्यादा समय नहीं हुआ, आपको याद है, मैंने आपको बताया था कि

उसने मुझसे कमरे में भेंट की, और कहा, “डरो मत, क्योंकि यीशु मसीह की कभी ना चूकने वाली उपस्थिति हमेशा तुम्हारे साथ है।” देखा? देखा? तो यह इसे साबित करता है, कि वो उपस्थित है।

16 एक डॉक्टर जिसने लुइसविले में मेरी आंख की ओर देखा, उसने कहा कि उन्होंने हमारे मित्र डॉक्टर सैम अडायर को यहां वापस लिखा, और कहा, “मैं केवल एक चीज जो कह सकता हूं, कि प्रभु उस सुबह अपने सेवक के साथ उसकी रक्षा करने के लिए वहां उपस्थित था, या तो यहाँ तक उसका सिर और कंधे भी नहीं बचते।” इसलिए, वह वास्तव में मेरे लिए भला था, और मैं इसकी सराहना करता हूं। यह बात मुझे उसके थोड़ा और करीब लेकर आती है। यह हमेशा ही थोड़ा भिन्न बनाती है।

17 और फिर, उसके दो, तीन दिन के बाद, जब मैं अपनी सभा के लिए जा रहा था, जहां मैंने केनडा में निर्धारित की थी, वो व्यक्ति, इस विषय में बिना कुछ जाने, मुझे वापस फोन किया, और सभा को स्थागित करना पड़ा। देखा? यदि ये घटना इस तरह न घटी होती, तो मैं वहां केनडा के रास्ते पर होता। समझे? और इसलिए उसने फिर से वापस फोन किया, और मुझे सभा को लेना है, केनडा की सभा को। और यह जुलाई में होगी, जुलाई के अंतिम सप्ताह में। उसके बाद मैं डॉसन क्रीक जा रहा हूं, उसके बाद एंकोरेज, अलास्का, प्रभु ने चाहा तो।

18 अब, इन सभाओं में से किसी भी सभा में मेरे पास जाने के लिए कोई अगुवाई नहीं है, एक में भी नहीं। लेकिन मैं यह सोच भी नहीं सकता कि पूरी गर्मी यहीं बिताऊं, यहीं आस–पास बैठे हुए, और हर जगह लोग मर रहे हैं। मुझे बीजों को बोना है, यह कहीं भी हो, चाहे कुछ भी हो। यदि यह ऊपर नही आता है, यदि उड़ने वाले पक्षी आकर इसे ले ले, चाहे जो कुछ भी हो, मैं बीजों को बोना चाहता हूं, क्योंकि उसने मुझे बोने के लिए कुछ दिया है। इसलिए कुछ भी हो मैं—मैं बीज को बोने जा रहा हूं। अब, हमारे पास यहां एक समय है कि मैं...

19 बहुत से लोग, जिसे वे मसीही विश्वास में छोटे बच्चों को “बपतिस्मा” देना कहते हैं। तो, यह ठीक है, यदि आप ऐसा करते हैं तो कोई बात नहीं। यह आप पर निर्भर करता है। निश्चय ही, वे असल में उन्हें बपतिस्मा नहीं देते हैं। वे तो बस उन पर पानी का छिड़काव करते हैं। लेकिन, मेरे लिए, मैं तो बाईबल में जो कहा गया है, उसी के साथ बने रहना पसंद करता हूं।

इसलिए, केवल जो वचन ने कहा, यही है जो मैं करना चाहता हूं, बस जो कुछ भी वचन कहता है। और, अब, मैं—मैं बाईबल में किसी स्थान में नहीं पाता हूं...

20 पुराने नियम में, वे बच्चों को शारीरिक खतना के लिए लाते थे, छोटे नर बालक, और मां शुद्धिकरण के लिए दो पंडुकियों या एक मेमना भेंट करती थी।

21 लेकिन, नए नियम में, केवल एक ही स्थान है जो मैं इस महान सभा के स्मरणोत्सव के लिए देख सकता हूं... यह एक समर्पण था। वे बालकों को यीशु के पास लाए, और उसने उन्हें अपनी गोद में उठाया और उन्हें आशीष दी। यही है जो उनके माता–पिता करते थे। और उसका जीवन एक उदाहरण था कि हमें क्या करना चाहिए। समझे? इन चीजों को उसने एक उदाहरण के लिए किया।

22 अब, हम बस छोटे बच्चों को लेते हैं, और वे उन्हें हमारे पास लाते हैं, और हम बस उन्हें परमेश्वर के सामने रखते हैं, और उन पर परमेश्वर की आशीषों को मांगते हैं, और जब वे अपने छोटे बच्चों को सौंपते हैं, माता और पिता की ओर से, कि परमेश्वर से समर्पण की प्रार्थना करें। और... या उन्हें यीशु मसीह के नाम में समर्पित करें, जब तक कि यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेने के लिए वे पर्याप्त बड़े न हो जाएं। और अब, उसने कहा, “जो कुछ भी हम वचन या काम में करते हैं, यह सब यीशु मसीह के नाम में करें।” इसलिए—इसलिए यही है जो हम करना चाहते हैं।

23 और अब, जबकि बहन धीरे से इस छोटे से गीत को बजाएगी, बहन, जो यहाँ हमारे पास है, *उन्हें अंदर लाओ*। और माता और पिता जिनके पास ये छोटे बच्चे है जिन्हें कभी भी प्रभु को समर्पित नहीं किया गया है, यदि आप उन्हें अब लायेंगे, जबकि सभा के लोग, हम अब उनके लिए एक स्तुती के गीत को धीरे से गाएंगे। जी हां।

उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ,
छोटे बच्चों को यीशु के पास लाओ।

24 मैं इन छोटे बच्चों से प्रेम करता हूं। उनके विषय में कुछ तो है जो बहुत ही प्यारे है।

25 मैं समझता हूं कि यह पूरी तरह से इटेलियन है। क्या यह नहीं है? तो ठीक है। इटेलियन परिवार, थोड़े ही है जिन्हें समर्पित किया जाना है। छोटी

इटेलियन बहन जो यहाँ, ओह, यहाँ शिकागो से है। कहा, "यह आज सुबह इटेलियन परिवार है, लेकिन मैं प्रचार नहीं करूंगा।"

26 उसका नाम क्या है? जोनाथन डेविड, कितना सुंदर नाम है! अब, जोनाथन। उसने कहा कि उसके पिता का एक—एक इटेलियन नाम था, और उसका... वह चाहते थे कि उनके बच्चे का नाम बाईबल का कोई नाम रखा जाए।

27 आप जानते हैं, बाईबल में एक महान इटेलियन था, एक समय, जिसका नाम कुरनेलियस था, आप जानते हैं। उसके पास एक दल था, और वह अच्छा था, और उसने लोगों को दान दिया, जबकि वह एक अन्यजाति था, फिर भी। आप कहानी को जानते हैं। और एक दिन एक दूत उसके घर पर आया, उससे कहा कि एक ऐसे व्यक्ति को बुलाए जो परमेश्वर की योजना को जानता हो। और वह... आप कहानी जानते हैं। जबकि, उसने उन लोगों को परमेश्वर का इतना आदर दिया था! "जब पतरस अभी इन बातों को बोल ही रहा था, कि पवित्र आत्मा उन पर उतर आया।" यह सही है। मैं प्रार्थना करता हूं कि यह बालक भी उसी प्रकार का व्यक्ति हो, उसी नाम की तरह।

28 जोनाथन, सुंदर! क्या मैं उसे ले सकता हूं? जोनाथन, यहाँ आओ। ओह, इस परिवार के लिए क्या ही मुट्ठी भर मिठास है!

आइये हम अपने सिरों को झुकाये।

29 हमारे स्वर्गीय पिता, वर्षों बीत गए हैं, जैसा कि मैंने जिस कहानी का अभी–अभी हवाला दिया है, कुरनेलियस नामक एक महान व्यक्ति का, जो एक भला मनुष्य था, धर्मी, दान देने वाला और परमेश्वर से प्रेम करने वाला। और परमेश्वर का एक दूत उस व्यक्ति के घर पर आया। हे परमेश्वर, आज सुबह हम आपको छोटे से जोनाथन डेविड को सौपते है। मैं प्रार्थना करता हूं, स्वर्गीय पिता, कि जैसा कि मैंने उसे उसके माता और पिता की गोद से लिया है, जो उसे आपके सामने रख रहे हैं... मैं इस बच्चे के जीवन को आपकी सेवा के लिए समर्पित करने के लिए प्रार्थना करता हूँ, घर के लिए एक आशीष हो, कलीसिया के लिए एक महान प्रगति का चरण हो। पिता, इसे प्रदान करे। मैं आपको छोटे जोनाथन डेविड को सौंपता हूं, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

30 परमेश्वर आपको अपना अनुग्रह प्रदान करे और परमेश्वर की चेतावनी में उसे बड़ा करने में सहायता करे।

जोनाथन डेविड, आपको आशीष मिले।

31 अब, यह एक, ओह, यह बहुत ही छोटा है, या क्या यह लड़की है? लड़का? ओह, एक और भी प्रचारक आ रहा है, मैं आशा करता हूं। क्या नाम है? मीका। मीका। मैं आज सुबह उस पर बोल रहा हूं। मीका एडवर्ड। एडवर्ड, यह बहुत अच्छा नाम है। अब, मेरी पत्नी इसे बहुत अच्छी तरीके से कर सकती है जब बात बालक को पकड़ने की आती है, क्योंकि मैं हमेशा ही डरता हूं कि जब कि वे छोटे है तो मैं उन्हें गिरा दूंगा। समझे? क्या ही प्यारी सी चीज है, उसकी छोटी आंखें बस चारों ओर देख रही हैं। वह बहुत ही छोटा है। यह कितने वर्ष का है? एक महीने का।

आइये हम अपने सिरों को झुकाये।

32 स्वर्गीय पिता, यह युवा जोड़ा फिर से यहां पर चलकर आया है ताकि आपको उनके जीवन की एकता के फल को अर्पित करें, जो आपने उन्हें दिया है, जिससे कि वे परमेश्वर की चेतावनी में पालन–पोषण कर सकें। इस छोटे से मीका को आशीष देना। परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उसे बाईबल के मीका के समान एक पुरुष बनाये। पिता, इसे प्रदान करे। उसे परमेश्वर की आशीषों को देना। उसके पिता और माता को आशीष देना, और उसे यहां धरती पर एक प्रेरणा बनाए, मसीह के काम के लिए एक महान प्रगति का चरण हो। और अब, पिता, हमारी सुने, मैं आपके सामने रखता हूं, पिता और माता की बाहों से लेकर, परमेश्वर की बाहों में, छोटे से मीका एडवर्ड को, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

33 होने पाए प्रभु उसे आशीष दे, पिता और माता को आशीष दे, कि उसका पालन–पोषण परमेश्वर की चेतावनी में करें।

मैं सोचता हूं कि इतने ही है। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

34 ओह, मैं बस उन छोटे बच्चों से प्रेम करता हूं, बस हर एक से। जो कि, हर एक, संसार का सबसे सुंदर बच्चा है। वहाँ बस कोई आवश्यकता नहीं है... जब मैं छोटे जोसफ को घर ले आया, जो कि सच कहूं में, सबसे बदसूरत छोटा बच्चा था जिसे मैंने कभी देखा था, लेकिन उसकी मां और मैंने सोचा कि वह एक गुड़िया है। लेकिन यह इसी तरह से होता है, आप जानते हैं। यही है... हम तो बस ऐसा ही सोचते हैं।

35 मैं आज सुबह सोच रहा हूं, हमारे कुछ सदस्य यहां पर है। वहां एक—एक... अब, *इस* आँख में बेलाडोना दवा है, जिससे सब बहुत धुंधला नज़र आता है। लेकिन बहन नैश... भाई नैश के बारे में पूछा था; मैं सोचता हूं कि क्या वह ठीक है। क्या... क्या वे यहां पर हैं? ओह, तो ठीक है, हाँ, वे यहाँ पर है। प्रभु की स्तुति हो, भाई नैश। यह, यह अच्छी बात है।

36 अब, बहन एडवर्ड्स, क्या वह यहाँ पर है? वो... या, बहन शेफर्ड, जिनकी छोटी बीमार बच्ची थी, क्या वह अब ठीक है? अच्छी बात है। मुझे खबर मिली, और बस पाँच मिनट बाद ही मेरे पास बाहर से लोग इंटरव्यू के लिए आने वाले थे। मैं दौड़कर कमरे में गया और प्रार्थना की, और उन्होंने कहा कि बच्चे को पोलियो हो रहा है, हाथ और पैर अकड़ रहे हैं। और मैं प्रार्थना करने के लिए दौड़ा, और कहा, "मैं कलीसिया के बाद आऊंगा।" लोयस से कहा कि वापस फोन करके और उस महिला को बताओ कि यदि वह मुझे बुलाना चाहती है; मैं कलीसिया के बाद वहां पर आऊंगा। और जब मैं प्रार्थना करने के लिए अंदर गया, तो आत्मा ने कहा—कहा, "पोलियो नहीं है। वह ठीक हो जाएगी।" मैं नीचे आया, खैर, हम सब ने यहां कलीसिया में प्रार्थना की थी। बस इससे बात खत्म हो जाती है।

37 [एक बहन कहती है, "भाई ब्रन्हम? "—सम्पा।] जी हां, महोदया। ["हम सोमवार को डॉक्टर के पास गए, जब आपने पहली बार उसके लिए प्रार्थना की थी, और उसके छाती का सारा संक्रमण ठीक हो गया है, उसके गले से निकल गया है।"] प्रभु की स्तुति हो! प्रार्थना चीजों को बदल देती है।

कहा गया, वह आज सुबह यहाँ नहीं है, क्या वो दामाद है? जी हां।

38 पिछले रविवार को, पिछली बार जब मैंने यहां प्रचार किया था, सप्ताह के रविवार को, यहां एक युवा व्यक्ति बैठा हुआ था; मैं उसकी ओर देखता रहा। मैंने सोचा, "मुझे उस व्यक्ति के विषय में जानना चाहिए।" और पता चला कि वह मेरे पुराने स्कूल के मित्र का बेटा था, जिम पूल। क्योंकि, बचपन से, हम एक साथ बड़े हुए थे। यही वो व्यक्ति है जिसके साथ उस समय मेरी बन्दूक दुर्घटना हुई थी, और फिर बाद में मेरे एक और मित्र के साथ ऐसा ही हुआ था। मैं भरोसा करता हूं कि मैं उस लड़के को मसीह की ओर अगुवाही कर सकता हूं। मैंने उसके पिता के लिए बहुत कोशिश की। मुझे विश्वास है कि मैं अब भी ले आऊंगा, मैं उसे अंदर ले आऊंगा।

मैं आशा करता हूं कि मैं उस युवा व्यक्ति की अगुवाई कर सकता हूं। उसके पास एक... मैंने उसकी ओर देखा है। वह ऐसा लग रहा था मानो उसमें एक अच्छा, मैं इसे अभी क्या कहूं (यह टिप्पणी किसी और के लिए ना करे), लेकिन, उसकी आत्मा का कंपन, एक अच्छा एहसास था। मैं विश्वास करता हूं कि उस लड़के को मसीह की ओर अगुवाई करने में बहुत ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। तो आइये उसके लिए प्रार्थना करें। यह सही है।

39 और, भाई, देखो, कोई और भी बीमार था, या कुछ तो, जिसके बारे में मैं सोचने की कोशिश कर रहा हूँ।

40 हालांकि, हम सभी के लिए प्रार्थना करते हैं। और जब कभी–कभी... जब आप एक विनंती को भेजते हैं, तो याद रखें, जैसे ही मुझे यह मिलती है... मेरी पत्नी इसी इमारत में कहीं तो है, मैं सोचता हूं, इसलिए वो जानती है। जैसे ही मुझे कोई विनंती मिलती है, मैं सीधे अपने गुप्त कमरे में, प्रार्थना के लिए चला जाता हूं, और जब तक मैं कुछ महसूस नहीं करता, तब तक मैं वहां बना रहता हूं। मैं बस इसे छोड़ता नहीं।

41 एक दिन, जब सैम, डॉ सैम ने मेरी आंख से उस चीज को निकाला, तो वह कोशिश कर रहा था, और इससे उसे बहुत दुःख हो रहा था, उसे मेरे चेहरे पर एक तौलिया रखना पड़ा था। कहा, "मैं अपने मित्र का लहू नहीं देख सकता।" कहा... और मैं उसमें पूरा भीग गया था, आप जानते हैं। उसने कहा—उसने कहा, "मैं बस इसे नहीं कर सकता और इस पर काम नहीं कर सकता।" देखा? और सो उसने उस चीज को बाहर निकाला। और अगले दिन वो अस्पताल में था। इसलिए मैंने उसके लिए प्रार्थना की, और वह ठीक होकर बाहर आ गया।

42 और फिर दूसरे दिन, उसकी पत्नी, वे यह भी नहीं जानते थे कि उसके साथ क्या समस्या है, उन्होंने सोचा कि बहन को पोलियो हो गया है। देखा? कहा, और कहा... और उसके लिए प्रार्थना की, और अब वह अच्छी तरह से घर आ गई है। सो हम कमरे में गए, डॉक्... हम ऑफिस में गए, और वह... हमने एक साथ दरवाजा खोला, कहा, "अब, भाई बिल, मैं आपसे कुछ पूछने जा रहा हूं।" कहा, "क्या आप मेरे और बेट्टी के लिए प्रार्थना करेंगे?"

मैंने कहा, "आओ हम करे। आओ हम प्रार्थना करें।"

43 तो, वही वो एक है जिसे प्रभु ने दर्शन को दिखाया, चिकित्सालय को

कहाँ बनाना है। आपको, आपको वह कहानी याद होगी। यदि आपको कभी भी इस पर संदेह हो, तो जाकर और उससे कभी भी पूछ लेना। जी हाँ, बस कहा, “बस किसी को भी आकर पूछने दो।” कहा, “मैंने ये बात दस हजार लोगों को बताई है।”

44 [एक भाई कहता है, “भाई ब्रन्हम? ”—सम्पा।] हां, भाई। [“आज सुबह यहां उपस्थित लोगों के लिए और दूसरों के ह्रदय में अधिक विश्वास डालने के लिए बोल रहा हूं: ईस्टर रविवार की सुबह, आपने यहां एक बहुमूल्य प्राण को बुलाया, तीसरा व्यक्ति, जो एक पुरुष था। आपने कहा कि वह सीमोर से है। और आपने पवित्र आत्मा के अभिषेक के जरिये से कहा, ‘वे आपको “बिल” कहकर बुलाते हैं।’ मैं उस व्यक्ति को जानता हूं। मैं उसे बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। और हमारे यहां से जाने के बाद, उसका नाम इसहाक रखा है। वे उसे ‘बिल’ कहकर बुलाते हैं।”] जी हां, श्रीमान। देखा?

45 उसका असल में नाम इसहाक है। [भाई कहता है, “यह सही है।”—सम्पा।] लेकिन वे उसे बिल कहते हैं। [“यह सही है।”]

46 पवित्र आत्मा कभी कोई गलती नहीं करता है। यह अचूक है। अब, यह, कोई तो बात कर रहा था, कहा... मैं—मैं तिरपन वर्ष का हूं, और तीस–... लगभग इकतीस वर्ष से, मैं पुलपीट के पीछे रहा हूं, और मैंने उसे हजारों चीजों में देखा है।

47 कल, मैं वहां नीचे दक्षिणी केन्टकी में था, ठीक टेनेसी की सीमा पर, और मैं भाई डॉल्टन के साथ एक नाव में बैठा हुआ था, जिसके सभी बच्चों को प्रभु ने उसे प्रदान किया था। आपको वह सुबह याद है, जब उसने निकलना आरंभ किया। और उसने कहा, “भाई ब्रन्हम,” कहा, “मैं समझता हूं आपके लिए इसका अनुमान लगाना कठिन होगा।”

48 मैंने कहा, “ओह, भाई डॉल्टन, दस हजारों गुना दस हजार इस तरह की चीजे है।”

कहा, “आप इस पर एक किताब को लिखने की कोशिश क्यों नहीं करते” (मैंने कहा... ) “इसके विषय में? ”

49 मैंने कहा, “ओह, प्रभु, भाई डॉल्टन, यहाँ पर यह—यह पूरी नाव भर जाएगा, एक पूरा विश्वकोश, इससे तो बस किताबों का ढेर लग जायेगा जो

मैंने प्रभु को करते हुए देखा है। और वह एक बार भी असफल नहीं हुआ है, देखिए, एक बार भी नहीं; लेकिन, हर बार सिद्ध होता है।"

50 मैं देखता हूं, मैं अब विश्वास करता हूं, यदि मैं गलती नहीं कर रहा हूं, तो वो भाई शेफर्ड की बेटी है, जिसने एक प्रकार की संतरे रंग की पोशाक पहन रखी है। मैं यह सोचता हूं। मैं उस सुबह उसके पास रुका हुआ था। वह नीचे की ओर चलकर जा रही थी, और मैंने सोचा कि मैं हो सकता है गलत लड़की को गाड़ी पर बैठा दूंगा, इसलिए मैंने उसे छोड़ दिया। तो बहन वह मैं ही था जो रुक गया था। मैंने—मैंने सोचा यह भाई शेफर्ड की बेटी थी, और मैं उसे गाड़ी में ले लूंगा, क्योंकि मैंने सोचा हो सकता है उसकी कार ख़राब हो गई होगी या कुछ और हुआ होगा। हम बेकी को लेने के लिए जा रहे थे। और मैंने—मैंने सोचा शायद यह गलत लड़की हो। लेकिन अब मैंने उसे वहां उनके साथ बैठे हुए देखा, इसलिए मैं—मैं सोचता हूं कि यह सही लड़की थी। तो वह मैं ही था जो वहां आपके पास तक आया और फिर दूर चला गया।

51 तो, हर कोई प्रभु यीशु से प्रेम करता है? ओह, अद्भुत! यह तो बहुत अच्छी और बढ़िया बात है। आमीन।

52 [भाई नेविल कहते हैं, "भाई विलार्ड अभी–अभी आए हैं।"—सम्पा।] तो ठीक है, भाई विलार्ड, हमें आपके आने से बहुत खुशी है। और आप काफी अच्छे भी लग रहे हो, जितना मैं देख सकता हूं। हम दोनों का चेहरा एक प्रकार से कीमे के बर्गर जैसा हो गया था। मुझे तो ऐसा लग रहा है जैसे मुझ पर मुट्ठी भर कीमे का बर्गर मार दिया गया हो। और मैंने उस रात भाई विलार्ड को देखा, जब वे सो रहे थे, और ईमानदारी से कहूं तो, वे ख़राब लग रहे थे। लेकिन आज सुबह आप बहुत अच्छे लग रहे हैं। और हम इसके लिए परमेश्वर को धन्यवाद देते है और स्तुति करते हैं, भाई। आमीन। जी हां। आप जानते हैं, शैतान हमें तब तक नहीं मार सकता जब तक परमेश्वर ना कहे, "आ जाओ।" तब हम जाना चाहेंगे, क्या हम नहीं जाना चाहेंगे, भाई विलार्ड? यह सही है। तब तक वो व्यर्थ में कोशिश कर रहा है। ऐसा ही है। प्रभु यीशु हमारा सहायक और हमारा शरणस्थान है।

53 अब यहां मैं यहां बात कर रहा हूं, जबकि आज सुबह मेरे पास प्रचार करने के लिए लगभग छह घंटे हैं। समझे? बस... अब, हमने किसी को सूचना नहीं दी, न ही कोई पत्र भेजा, या कुछ भी, क्योंकि मैंने पहले ही

घोषणा कर दी थी कि मैं यहाँ नहीं रहूँगा। लेकिन, बस भाई नेविल की सहायता करने के लिए, और आप सबसे दोबारा मिलने के लिए, और थोड़ी संगति करने के लिए यहाँ पर आया हूं।

54 और पिछले रविवार की रात, भाई रॉय रॉबर्सन थे, मैं नहीं जानता कि वह यहां पर है या नहीं। मैं इतना साफ नहीं देख पा रहा हूं कि पता चले कि वह यहाँ हैं। उसने मुझे फोन किया था, मुझे संदेश के विषय में बता रहा थे।

55 और किसी ने फोन किया, कहा, “मैं सोच रहा था कि जब आपने इस विषय में प्रचार किया कि ‘परमेश्वर ने हमें सारी चीजों को दिया है।’” देखा? उसने हमें दी है। उसने हमें जीवन दिया। इसे खरीदने की कोशिश करें। उसने हमें प्रेम दिया। इसे खरीदने की कोशिश करें। उसने हमें आनंद दिया। इसे खरीदने की कोशिश करें। उसने हमें शांति दी। इसे खरीदने की कोशिश करें। इसे खरीदने का कोई तरीका नहीं है। आप इसे नहीं खरीद सकते है।

तब मैंने कहा, “उसने हमें मृत्यु दी।”

किसी ने फोन किया, कहा, “प्रचारक, मैं सोचता हूं कि आप इस बात के साथ कहां जा रहे थे।” उसने कहा, “मैंने सोचा, ‘उह–ओह, यहाँ भाई ब्रन्हम ने उस समय खुद को फंसा दिया।’” पर ऐसा नहीं है जब कि बाईबल ऐसा कहती है। समझे? बाईबल ने कहा उसने हमें मृत्यु दी।

56 अब, हम मृत्यु के साथ क्या कर सकते हैं? आप जानते हैं, पौलुस ने मृत्यु के निकट आते हुए, कहा, “हे मृत्यु, तेरा डंक कहाँ है?” मृत्यु हमें नियंत्रित नहीं करती है। हम इसे नियंत्रित करते हैं। सही है। सारी चीजें हमें दी गई हैं।

57 और उसके बाद मैंने उदाहरण दिया कि कैसे वो इस्राएल प्रतिज्ञा के देश की ओर आगे बढ़ रहा था, उन्होंने उस देश को कभी नहीं देखा था। वे इसके बारे में कुछ नहीं जानते थे। उनके पास केवल परमेश्वर की प्रतिज्ञा थी, वहां पर एक देश था, और यह दूध और शहद से भरा हुआ था, और अच्छा था, और—और एक बड़ा स्थान था। और यह... उन्होंने इसे कभी भी नहीं देखा था। कोई भी वहां कभी नहीं गया था, वे इसके बारे में कुछ भी नहीं जानते थे। लेकिन उनके पास इसकी प्रतिज्ञा थी। और विश्वास के द्वारा वे रेगिस्तान में डेरा डालकर रहे।

58 और जब वे ठीक सीमा रेखा तक पहुंच गए, उनके साथ *यहोशू* नाम का एक योद्धा था, जिसका अर्थ होता है, "यहोवा उद्धारकर्ता।" इसलिए उसने यरदन को पार किया, प्रतिज्ञा के देश में गया, और प्रमाण को वापस लाया कि वह देश वहां पर है। मैं यह पसंद करता हूं। और यह एक अच्छा देश था। दो लोग अंगूरों का एक गुच्छा लेकर आए। यह एक अच्छा देश था, इसलिए उसने प्रमाण को वापस लाया कि जिस देश पर वे अधिकार करने जा रहे थे, वह वहां पर था।

59 अब, कलीसिया के लिए, हम अमरता के देश की ओर यात्रा कर रहे हैं, एक ऐसा देश जहां कोई मृत्यु नहीं है, एक ऐसा देश जहां मरे हुओं को जिलाया जाता हैं। और हमारे पास छावनी में एक महान उद्धारकर्ता था। *यीशु* का अर्थ होता है "यहोवा उद्धारकर्ता," जो प्रिय है। और वह मृत्यु की यरदन नदी को पार करके, वहां उस ओर दूसरे देश में चला गया, और वापस आकर, और प्रमाण को लाया कि हम मृत्यु के बाद भी जीवित रहते हैं। आमीन। तो मृत्यु कहाँ पर है?

60 और फिर उसने हमें सारी चीजों को दिया। "अब हमारे पास हमारी विरासत का बयाना है। इतना अधिक... " अब ध्यान से सुने। और मैं उस विषय पर प्रचार नहीं कर रहा हूं, लेकिन ठीक अभी यह मुझे अच्छा लग रहा है। समझे? यह, हमारे पास इसका बयाना है। क्योंकि, एक दिन हम पाप में चले; और उसके नाम में बपतिस्मा लेने के बाद, और उसके साथ पुनरुत्थान में जी उठे, हमें पाप में से बाहर लाया गया है, अब कभी भी हम फिर से वापस जाना नहीं चाहते हैं। समझे? हम पाप से जी उठे हैं, प्रमाण के साथ जो हमारे पास है। हम संभावित रूप से सभी मृत्यु से पुनरुत्थान में हैं। समझे? यदि हम उस में विश्वास करने के द्वारा, पाप से ऊपर उठ सकते है; और वहां पाप है, कौन फिर से पाप के उस कूड़ेदान में वापस जाना चाहेगा? देखा? हम मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हैं। समझे? और यही वो बयाना है। आमीन। यही वो सम्पूर्ण पुनरुत्थान का बयाना है। सारी मृत्यु, शारीरिक और आत्मिक, हमने आत्मिक मृत्यु पर जय पायी है, क्योंकि हम मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हैं।

61 और जब एलिय्याह एक दिन यरदन के पास गया, और इस पर मारा, एलीशा के साथ, और नदी दो भाग हो गई, और वह पार हो गया। वह दुगने भाग के साथ वापस आया।

62 और जब हम मसीह के साथ यरदन को मारते हैं, तो हमारे पास एक भाग होता है, लेकिन जब हम वापस लौटते हैं, तो हम दुगने भाग के साथ आते हैं। अब, हमें पवित्र आत्मा के साथ धार्मिकता में, पाप से पुनरुत्थान, अनन्त जीवन मिला है। और फिर मसीह के साथ वापसी पर, हम दोनों भौतिक पुनरुत्थान के साथ वापस आते हैं, और हमारे पास पहले से ही आत्मिक पुनरुत्थान है। हमारे पास इसका दुगना भाग है। ये हमेशा ही मसीह और कलीसिया का एक नमूना रहा है: एलीशा और एलिय्याह।

63 ओह, मैं इस बात पर आरंभ नहीं करना चाहता। ओह, प्रभु, परमेश्वर, हम यहां छह घंटे के इस संदेश में कभी नहीं ले पायेंगे। [भाई नेविल कहते हैं, "हड्डी पर अभी भी मांस है।"—सम्पा।] जी हां। प्रभु! "हड्डी पर मांस," भाई नेविल। अब भी इसे चबा रहे है। ओह, क्या आप खुश नहीं है? देखा? हमारे पास नहीं...

64 वहां अब कोई और परेशानी नहीं है। मृत्यु कुछ भी नहीं है। हमने इसे पा लिया है। यह हमारी है। यह मुझे नियंत्रित नहीं कर सकती। मैं इसे नियंत्रित करता हूं। कैसे? उसी के द्वारा जिसने मुझे जयवंत बनाया, इसलिए मैं पहले ही मृत्यु पर जय पा चुका हूं। मैंने यह कैसे किया? उस पर विश्वास करने के द्वारा। समझे? मृत्यु पाप में है, अविश्वास में है। मैं एक अविश्वासी नहीं हूं। मैं एक विश्वासी हूं। मैं उस चीज से ऊपर उठ चूका हूं, पुनरुत्थित हुआ हूं। यह मेरे पूरी तरह सारे शारीरिक, आत्मिक पुनरुत्थान का, और हर एक चीज का बयाना है। जी हां, श्रीमान। आपने इसे समझ लिया? इसलिए यीशु मसीह के जरिए से मृत्यु हमारे नियंत्रण में है जिसने मृत्यु, अधोलोक, कब्र, बीमारी, दुःख, बाकी की हर एक चीज पर जय पा लिया है, सभी पर विजयी हुआ है।

65 और अब हम उसके साथ जी उठे हैं, स्वर्गीय स्थानों में बैठे हुए हैं, आत्मिक रूप से बोल रहा हूं, मसीह यीशु में, सारी चीजों के साथ ये हमारे पैरो के नीचे है। यहां तक कि शारीरिक पुनरुत्थान भी हमारे पैरो के नीचे है, क्योंकि हम मसीह में हैं। क्या—क्या आपने इसे समझ लिया? यदि आपने समझ लिया, तो अपने हाथ ऊपर उठाए। आमीन। यह अच्छा है। जब तक आप इसे समझ रहे हैं, यह अच्छी बात है। देखा? ऐसा ना होने दे... अब बस इसे अपने मन में बनाये रखे। देखा? "हम मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हैं," शारीरिक, आत्मिक, हर तरह से।

66 और हर एक चीज, और सारी चीजे, अब हमारी है। क्यों, यहां पर संसार कह रहा है कि हम पागल है, और तो भी पूरी धरती हमारी है। आप इसके उत्तराधिकारी कैसे बनेंगे?

67 जब कि, जैसा मैंने कहा, अब्राहम, देखो, वह प्रतिज्ञा किए गए देश में था; परमेश्वर ने उसे यह देश दिया। लूत को किसी सिरफिरे डाकू ने पकड़ा था, उसे उठाकर ले गये। वह उसका भतीजा था। तो ठीक है। उस देश में हर एक चीज अब्राहम की थी। तो, वह एक योद्धा नहीं था। उसने कभी भी युद्ध नहीं लड़ा। उसके पास कोई योद्धा नहीं थे। उसके पास कुछ सेवक लोग थे। लेकिन जब उसने देखा कि कुछ तो, शैतान ने आकर और उससे कुछ तो लूट लिया जो उसके लिए एक प्रतिज्ञा थी, उसने अपने सेवकों को हथियार दिए और खुद भी हथियार को उठा लिया। वह नहीं जानता था कि वह राजाओं के इस सारे समूह पर कैसे विजय को प्राप्त करेगा। बस कुछ मुट्ठी भर सेवक लोग ही थे, लेकिन परमेश्वर ने उसे बताया कि इसे कैसे करना है। उसने अपने आप को विभाजित कर लिया, और राजाओं को घात किया, और विजयी होकर वापस आया। क्यों? उसने अपना विश्वास परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर रखा कि उस देश की हर एक चीज उसकी है, और लूत उसका भागीदार था, यह सही बात है, जो उस देश का भागीदार था। ओह, प्रभु!

68 और वहां युद्ध समाप्त होने के बाद उसकी भेंट मलिकिसिदक से हुई। क्या आप अब अब्राहम को मार्ग पर आते हुए देख सकते हैं? वह नहीं जानता था कि वह एक योद्धा था, लेकिन उसने तब जान लिया कि वह योद्धा है। जी हां, श्रीमान। और उसने उस एक से भेंट की जिसने प्रतिज्ञा की थी, मलिकिसिदक।

69 अब आइये आमोस की किताब में से पढ़े। मैं आज सुबह बोलने जा रहा हूं; हालांकि, ना ही छह घंटे। मैं आशा करता हूं नहीं। समझे? एक—एक विषय पर, जो है, *एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग*। और आज रात, प्रभु ने चाहा तो, मैं इस पर बोलने जा रहा हूं, *दबाव मुक्त होना*, और सो—सो प्रभु ने चाहा तो।

70 अब, मैं एक आलोचक के रूप में जाना जाता हूं, लेकिन मैं—मैं—मैं आलोचना करने वाला नहीं हूं, केवल उसी की करता हूं जो गलत है। लेकिन मुझे, हमें, गलत की आलोचना करनी चाहिए।

71 अब, यदि आप अपने रिकॉर्डर को चालू करने जा रहे हैं, कमरे में, क्यों, तो ठीक है। मैं अब आमोस का 3रा अध्याय पढ़ना चाहता हूं। या... हाँ। आमोस का तीसरा अध्याय, बस इसका कुछ भाग, आमोस 3:

> *हे इस्राएल की संतान, यह वचन सुनो जो* ***यहोवा*** *ने तुम्हारे विरोध में बोला है, उस सारे परिवार के विरोध में कहा है जिसे मैं मिस्र देश में से निकाल लाया हूं,*
>
> *पृथ्वी के सारे कुलों में से मैंने केवल तुम्हीं को जाना है: इस कारण मैं... तुम्हारे* अधर्म के कामों *का दण्ड दूंगा।*
>
> *यदि दो मनुष्य परस्पर सहमत न हों, तो क्या वे एक साथ चल सकेंगे?*
>
> *क्या एक सिंह बिना अहेर पाए वन में गरजेगा? क्या जवान सिंह बिना कुछ पकड़े अपनी मांद में से गरजेगा?*
>
> *क्या कोई चिडिय़ा धरती पर जाल में फंस सकती है, जहां उसके लिए कोई फंदा नहीं है? क्या कोई धरती पर से फन्दा उठाएगा, और कुछ भी ना पकड़ा गया हो?*
>
> *क्या किसी नगर में, तुरही फूंकने पर लोग न थरथराएंगे? क्या* ***यहोवा*** *के बिना भेजे किसी नगर में कोई विपत्ति पड़ेगी?*
>
> *इसी प्रकार से यहोवा... अपने दास भविष्यव्यक्ताओं पर अपना* भेद *बिना* प्रकट *किए कुछ भी न करेगा।*
>
> *सिंह गरजा, कौन न डरेगा?* ***परमेश्वर*** *यहोवा* बोला है, *कौन भविष्यवाणी न करेगा?*

72 उसकी आंखें अवश्य ही सिकुड़ गई होगी, जब वह उस सुबह सामरिया नगर के उस पार पहाड़ी पर खड़ा हुआ था। मैं उसके संतुलित हाथों को देख सकता हूं जब ये उसकी सफेद दाढ़ी पर घुमा रहा था। गर्म तेज धूप चमक रही थी। वो ज्यादा आकर्षक नहीं था कि उसकी ओर देखते। आज के आधुनिक प्रचारकों से कितना भिन्न है! उसके कपड़े फटे–पुराने थे; बिखरी सी दिखने वाली दाढ़ी। और उसने सामरिया के उस नगर की ओर देखा, जब उसने देखा उसकी आंखें सिकुड़ गई थी। वो इतना अच्छा नहीं था कि उसकी ओर देखते, लेकिन उसके पास उस राष्ट्र के लिए **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था।

73 यह, हो सकता है, इस आने वाले अभियान के लिए बहुत ही भिन्न बात थी, जिसके लिए प्रभु ने उसे सामरिया में भेजा था, हमारे आधुनिक प्रचारकों की तुलना में भिन्न बात थी। वो इस तरह की बेदारी के लिए सुसज्जित नहीं था, जैसा कि हम सोचते हैं कि उसे आज होना चाहिए। लेकिन याद रखें, वह एक आधुनिक सुसमाचारक नहीं था। वह एक भविष्यव्यक्ता था। उसने आधुनिक उपकरणों के विषय में परवाह नहीं की। उसके पास **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था।

74 उसने परवाह नहीं की कि वह कैसा दिखता है, और उसने किस तरह के फैशन के कपड़े पहने है, क्या उसने बालों में सही तरह से कंघी की है या नही, या कोई उसकी ओर देख रहा है या नहीं। उसके पास प्रभु का वचन था। यही उसका सारा अभिप्राय था: प्रभु के उस वचन को लाना। यह व्यक्ति कौन था? जी हां। यह आमोस था, वो भविष्यव्यक्ता, अटल व्यक्तित्व वाला, लेकिन वह जानता था कि वह कहां खड़ा था। वह जानता था कि वह क्या कर रहा है। वह वचन का सच्चा भविष्यव्यक्ता था। और वो इस नगर में इसलिए आया था, क्योंकि उसके पास वचन आया था।

75 और जब प्रभु का वचन एक सच्चे सेवक के पास आता है, तो उसे अवश्य ही जाना चाहिए, परिस्थितियों की परवाह किए बिना, या कठिनाइयों की परवाह किए बिना। उसे जाना ही है, जो कुछ भी हो। चाहे वह तैयार हो या नहीं, चाहे वह इस तरह से महसूस करे या नही, चाहे वह चाहता हो या नही, चाहे जो कुछ भी और हो; उसे जाना ही है, जो कुछ भी हो। यह परमेश्वर बोल रहा है, और उसे अवश्य ही इस संदेश को लेकर जाना है। क्योंकि, यह... वह कभी भी मूर्खतापूर्ण चीजों के पीछे नहीं जाता है। वह कभी भी पैसो के पीछे नहीं जाता है। वह कभी भी लोकप्रियता के पीछे नहीं जाता है। वह केवल प्रभु के नाम में जाता है, एक ही बात के लिए। उसके पास एक—एक मिशन होता है, और वह प्रभु का भेजा हुआ होता है। और वो परमेश्वर का वचन होता है, क्योंकि वो प्रभु के वचन को लेकर चल रहा होता है। यही प्रभु का एक सच्चा भविष्यव्यक्ता होता है।

मेरा विषय है: *परमेश्वर के एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग।*

76 परमेश्वर के इस महान, निडर मनुष्य ने यारोबाम द्वितीय के दिनों में भविष्यवाणी की। मैंने उसके इतिहास का भाग लिखा हुआ यहाँ मेरे सामने रखा है। उसने अपने अभियान की लगभग तेरह वर्ष भविष्यवाणी की। और

जो यारोबाम था, यारोबाम द्वितीय, बस लगभग उतना ही चतुर और एक योग्य मनुष्य था जितना कि कुछ समय के लिए इस्राएल था। वो एक मनुष्य था जिसने इस्राएल को फलने–फूलने की स्थिति में लाया था। इस्राएल पूरी तरह फल–फूल रहा था। लेकिन, वो, उस व्यक्ति के साथ कुछ तो गलत था। वह एक मूर्तिपूजक था।

77 और उस दिन मैं एक प्रकार से इसे पढ़ रहा था, मैंने एक तरह से सोचा जो आज के लिए बहुत ही उपयुक्त बैठता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि एक मनुष्य कितना चतुर है, और वह कितना भी कुछ कर सकता हो, और कितनी भी सफलता को रखता हो, यदि वह परमेश्वर से दूर हो जाता है, तो वह राष्ट्र का ऋणी है, जो परमेश्वर और उसके वचन से दूर होता है। मैं सोचता हूं कि क्या यह आज हमारे लिए उपयुक्त नहीं बैठता है, किसी के लिए जो टेलीविजन पर बैठना पसंद करते है और दिखाते है कि वे कितने चतुर हैं, उनके पास कितना दिमाग है। लेकिन मैं सोचता हूं कि क्या उनके पास **यहोवा यों कहता है** को लेने के लिए पर्याप्त समझ है। वह एक चतुर मनुष्य था, तो ठीक है।

78 इस्राएल एक पिछड़ी हुई स्थिति में था। उसके प्रचारक, उसके याजक, और उसकी सरकार भी, सभी ने प्रभु का वचन छोड़ दिया था। अब, उन्होंने इस पर विश्वास नहीं किया। उन्होंने सोचा कि वे प्रभु के वचन के साथ थे। "लेकिन वहां एक मार्ग है जो मनुष्य को सही दिखाई पड़ता है, लेकिन उसका अंत मृत्यु का मार्ग है।" वे क्यों गलत थे? एक मनुष्य ऐसा क्यों विश्वास करेगा कि—कि—कि वो गलत है? लोगों का एक सारा याजकगण, हजारों प्रचारक और वे याजक, और वे राजा और वे राज्यपाल, वे सभी जो परमेश्वर के आराधना करने का दावा कर रहे थे, और, फिर भी, वे सभी गलत थे।

79 तब, उन्हें फलने–फूलने के लिए किसी राजा की आवश्यकता नहीं थी। उन्हें एक भविष्यव्यक्ता की आवश्यकता थी, क्योंकि प्रभु का वचन, या प्रभु के वचन का अनुवाद, एक सच्चे भविष्यव्यक्ता के पास आता है। कभी–कभी आप तब देख सकते हैं कि उसका मार्ग क्या होता है। यह एक बहुत ही कठिन मार्ग है, जब सभी याजक, और सभी प्रचारक, और—और—और सभी भविष्य का अनुमान लगाने वाले, और—और स्वयं सरकार उसके विरोध में होते है। लेकिन, फिर भी, प्रभु का वचन केवल भविष्यव्यक्ता के

पास ही आता है। उसके पास सही वचन होता है। यद्यपि उसके पास वही बाईबल था जो उनके पास थी, लेकिन वचन उसी के लिए था। परमेश्वर प्रमाणित कर रहा था कि उसके पास वचन था।

80 उनके पास सबसे बड़ी–बड़ी इमारतें थी और धार्मिक व्यवस्था, और इत्यादि चीजें, जो उन्होंने कभी बनाये थे, हर जगह वेदियों बनाई गई, और—और हर प्रकार की—की चीजें, लेकिन फिर भी वे परमेश्वर के वचन से लाखों लाख मील दूर थे।

81 मैं अपने आप में सोचता हूं, आज के लिए बिल्कुल सही तस्वीर बैठती है, जब मैं आमोस की इस किताब को पढ़ता हूं। जब आप घर जाते हैं तो आपको इसे अवश्य ही पढ़ना चाहिए। सारी सत्ता के लोग, सारे याजक, उन सभी ने परमेश्वर के वचन को छोड़ दिया था।

82 मैं यहां वचन के दूसरे भाग को पढ़ना चाहता हूं, जो मेरे पास है, यह दिखाने के लिए कि उन्होंने इसे ऐसा कहाँ पर किया था। अब आइए 2रा अध्याय और 4था पद पढ़े, बस एक मिनट।

> ***यहोवा*** *यों कहता है; यहूदा के तीन क्या वरन चार अपराधों के कारण, मैं उसका दण्ड न छोडूंगा; क्योंकि उन्होंने* ***यहोवा*** *की व्यवस्था को तुच्छ जाना है,...*

83 यही वो वचन है, इसे तुच्छ जाना गया, और फिर भी उन्होंने सोचा कि ये उनके पास है।

> ... *और* मेरी *आज्ञाओं का पालन नहीं किया, और उनके झूठ ने उन्हें* भटका *दिया,...*

84 अब, उनके पास वचन था, बाईबल, लेकिन वे झूठ जिसके साथ वे जुड़ गए थे, उन्होंने उन्हें भटका दिया था।

> ... *उसके बाद... जिस पर उनके पूर्वज चले थे:*

85 आपने कारण को देख लिया? अब, वे भटक गये थे क्योंकि उन्होंने अपने स्वयं के अनुवाद को या अनुवादों को वचन में डाल दिया था। और मैंने सोचा कि यह आज के लिए सही बैठता है, क्योंकि बहुत से लोग अपने विचारों को वचन में डालना चाहते हैं, और फिर हम एक गड़बड़ी में चले जाते हैं। इस भविष्यव्यक्ता के पास परमेश्वर की ओर से क्या ही फटकार थी।

86 अब, आमोस परमेश्वर का भविष्यवव्यक्ता था, एक सच्चा भविष्यवक्ता। कोई भी व्यक्ति जो कभी आमोस के बारे में पढ़ता है, वह परमेश्वर के उस निडर मनुष्य के साहस को जानता है। उसे छोटे भविष्यवक्ताओ में से एक माना जाता है, क्योंकि वो अधिक समय तक नहीं रहा, लेकिन उसने निश्चित रूप से पेड़ की जड़ पर कुल्हाड़ी चलायी थी। वह भविष्यद्वक्ताओं में सबसे निडर था, और वह अभिषेक के साथ आया। वह **यहोवा यों कहता है** के साथ आया। वह जानता था कि वह किस बारे में बात कर रहा था, क्योंकि परमेश्वर का अभिषेक उस पर था ताकि वह परमेश्वर के वचन के सही अनुवाद को उनके लिए लेकर आये।

87 आमोस उस देश से आया, उस जंगल से, उस तड़क भड़क के शहर में। वह पहले कभी भी वहां पर नहीं गया था। वो एक गांव का लड़का था, जो दूर पीछे जंगल में रहता था। जब वह वहां पीछे प्रार्थना कर रहा था, तो परमेश्वर ने उससे भेंट की थी, और उसे इस तड़क–भड़क वाले राष्ट्र की दुष्टता के बारे में बताया था जिसमें का वो एक हिस्सा था। और सामरिया वो राजधानी थी, उस समय की राजधानियों में से एक, और यारोबाम के राज्य की।

88 और जब वह उस सुबह वहां खड़ा था, पहाड़ी की चोटी पर, अपने पुराने, असभ्य, देहात के कपड़े पहने हुए चल रहा था, हो सकता है उसके पैरो पर धूल और कीचड़ लगी हो, और जहां वह प्रत्येक रात को उस पुराने फटे–पुराने कपड़ो में सोया था। और मैं नहीं जानता, उसके पास उन दिनों में नहाने का टब नही था। हो सकता है उसे नहाए हुए कुछ दिन हो गये होंगे। लेकिन यह बात मनुष्य के भीतर नुकसान नहीं पहुंचाती है। आज कल बाहर के सजने–संवारने पर बहुत अधिक ज़ोर है, भीतर के लिए इतना जोर नहीं है। हम इस बात को लेकर बहुत चिंतीत रहते हैं कि क्या हम हर दिन नहाते हैं या नही, और हमारे बालों को संवारा हैं या नही, और हमारे कपड़े बदले हैं या नही, और हर एक चीज, और फिर भीतर से किसी भी तरह से होने दो, वही पुराने पाप से भरे वस्त्र पहने हुए, सम्प्रदायों और मत–सिद्धांतों से प्राण को बदबूदार करते है, और ना ही कभी भी इसे जांचते है और ना ही इसे संसार की चीजों से अलग करने के जल के वचन में धोते है।

89 जब वह उस सुबह खड़ा हुआ था, पहाड़ी के ऊपर से देख रहा था, उस तड़क–भड़क के शहर को, जो आधुनिक चीजों से भरा हुआ था जिसे

उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वहां ऐसी चीज है। इस्राएल अपनी चरण सीमा पर था। यह अपने आस–पास के सभी राष्ट्रों के साथ एक गठबंधन में था। बहुत ही आकर्षक, महिलाओं ने मौके के अनुरूप कपड़े पहने हुए थे, और—और पुरुषों ने। और वे सुख–विलास में डूबे हुए थे, दौड़ में दौड़ रहे थे, और ओलम्पिक, और हर एक चीज चल रही थी। कोई आश्चर्य नहीं कि उसकी आंखें सिकुड़ गयी थी; ना ही शहर के चकाचौंध से, जैसा कि कुछ पर्यटक लोगों की हो जाती है, न्यूयॉर्क के अंदर आते हुए, या लॉस एंजिल्स में, आधे कपड़े पहने महिलाओं को देखकर, पुरुष ऐसे ही करते हैं और पाप करते है।

90 कुछ दिनों पहले मेरे कुछ मित्र मछली पकड़ने के दौरे से वापस आ रहे थे, वे एक बड़े बाईबल कॉलेज के ठीक नीचे खड़े थे, जो प्रसिद्ध बाईबल कॉलेज था। और वहां, सड़क पर, घास के मैदान में, युवा लड़कियां, आधे कपड़े पहने हुए थी, और युवा लड़के थे, शायद वे कॉलेज के छात्र थे, शराब पी रहे थे और भयानक उत्पात मचा रहे थे।

91 अब, इस तरह की हरकतें बहुत से अमेरिकी लोगों की लालसा को भड़काती हैं, जो अपने आप को मसीही कहते हैं। जब वे वहां नीचे लॉस एंजिल्स की ओर देखते हैं, या मैंने उन्हें हवाई जहाज में देखा जब हम लॉस एंजिल्स में उतर रहे थे; वे इससे पहले कभी भी वहां नहीं आये थे; या हॉलीवुड में, या—या फ्लोरिडा में जहाँ उनके—उनके ताड़ के सारे पेड़ों पर चमकीली, रंग–बिरंगी पट्टीदार लाइटें लगी होती है। ओह, वे अपनी नाक को पाउडर लगाकर नया बनाती है, और श्रृंगार करके तैयार होती है। उन्होंने... सोचा कि यह अब तक की सबसे तड़क–भड़क वाली चीज है जो उन्होंने कभी देखी है। और देखते है अच्छी तरह से सज–धज कर और तैयार होकर, सड़कों पर चलती है, वे वहां से बाहर जाकर और देखना चाहते थे कि वे कैसे उनके इतने तंग कपड़े पहनती हैं, या सड़कों पर ऊपर–नीचे मटकती हैं। जब कि, उन्हें लगता हैं कि यह कुछ तो बहुत ही अनोखी चीज है।

92 लेकिन उस भविष्यव्यक्ता की परमेश्वर से अभिषिक्त आंखें तड़क–भड़क के कारण नही सिकुड़ी, जैसे किसी पर्यटक की सिकुड़ जाती है, लेकिन नैतिक भ्रष्टता पर, उन लोगों के प्रति जो परमेश्वर से आशीषित होने के लिए बुलाए गए थे। उसकी आंखों ने उस तड़क–भड़क की ओर

नहीं देखा। वे तड़क भड़क के कारण नही सिकुड़ी। यह उन लोगों की उस——उस——उस अश्लीलता और भ्रष्टता के कारण था जिन्हें परमेश्वर का चुना हुआ होने के लिए बुलाया गया था, और वे इस तरह से व्यवहार कर रहे है। सोचता हूं, उसने कहा, "सिंह गरजता है, कौन ना डरेगा? परमेश्वर बोला, और कौन भविष्यवाणी करने से रुक सकता है? "

93 वो भ्रष्टता को, सड़न को देखता है। यही है जिसकी ओर वो देख रहा था। यही है जब उसने यह सब देखा। इसने उसे आकर्षित नहीं किया। इसने उसके प्राण को बीमार कर दिया। क्यों? वह एक भविष्यव्यक्ता था। वह जानता था कि परमेश्वर ने किस आशीष को देने की प्रतिज्ञा की थी, और वो आशीष क्या थी, और लोग आशीष के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। और शैतान ने अपने समय में उस बात को, जो वास्तव में एक आशीष थी, बिगाड़कर एक——एक——एक नैतिक सड़न बना दिया; एक ऐसी आशीष जो अपरिवर्तित लोगों की आँखों और अभिलाषाओं को लुभाए, न कि परमेश्वर की इच्छा और परमेश्वर के जीवन के मार्ग की ओर ले जाए।

94 आज के लिए यह कितना प्रतीकात्मक है! कैसे प्रचारक पुलपीट पर खड़े होकर, और इस संसार के पाप और भ्रष्टता को देख सकते हैं, और लोगों को उस प्रकार कार्य करते हुए और व्यवहार करते हुए देख सकते हैं जिस तरह से वे करते हैं, फिर भी बस उन्हें आशीष देते है क्योंकि वे उनकी कलीसिया या किसी संप्रदाय के एक सदस्य हैं, यह बात मेरे प्राण की समझ से परे है।

95 जब परमेश्वर बोलता है, भविष्यवाणी करता है! यदि परमेश्वर का आत्मा परमेश्वर के एक सच्चे भविष्यव्यक्ता पर उतरता है, तो वह वचन के साथ पुकार उठेगा। मैं आलोचनात्मक नहीं होना चाहता, लेकिन उन्हें कौन चुप करा सकता है? कौन ऐसी चीज को देखकर बर्दाश्त कर सकता है, और मसीह का दास होने का दावा कर सकता है, और उसके विरुद्ध आवाज़ न उठाए? मैं परवाह नहीं करता कि एक संप्रदाय क्या कहेगा, या कोई कलीसिया क्या कहेगी; यही कारण है कि मैं उनसे जुड़ा हुआ नहीं हूं। पहली चीज, वे आपको बाहर निकाल देंगे। लेकिन परमेश्वर का वचन पहले आता है। यदि आप एक संदेशवाहक हैं, तो आपके पास कहने के लिए कुछ तो होता है। यदि आप इस वचन के विपरीत कुछ भी कहते हैं, तो आप परमेश्वर के एक संदेशवाहक नहीं हैं; आप किसी संप्रदाय या किसी

धर्मज्ञान की वाचा के संदेशवाहक हैं। लेकिन परमेश्वर के एक संदेशवाहक के पास परमेश्वर का वचन होता है।

96 और आज सुबह हमारा मित्र, जैसा कि हमने उसकी ओर देखा, उसके पास परमेश्वर का वचन था, क्योंकि वह प्रभु का एक सच्चा भविष्यव्यक्ता था।

97 अब, उन्होंने सोचा कि उनके पास इसका—इसका अनुवाद था, और सोचा, "ठीक है, निश्चय ही, देखो हम क्या कर रहे हैं।"

98 अब, बात ऐसी है, हमने उसे आज सुबह पहाड़ी की चोटी पर खड़ा हुआ पाया, नीचे शहर में से होते हुए देख रहा हैं। अपने सिर को हिलाते हुए, वहां देख रहा था; उसकी आंखें सिकुड़ रही थी। अपनी आस्तीन को ऊपर करते हुए और अपने चेहरे से पसीना, और धूल पोंछ रहा था। उसके गंजे सिर पर तेज धूप पड़ रही है। उसकी दाढ़ी नीचे लटक रही है; वह इसे अपने हाथों से रगड़ रहा है। उसने चमक–दमक को नहीं देखा। उसने पाप को देखा। इसने उसे प्रसन्न नहीं किया। इसने उसे बीमार कर दिया।

99 उसने क्यों नहीं कहा, "मैं, एक इस्राएली हूं, देखो मेरा देश कितना फल–फुल चूका है"? वह ऐसा कैसे कह सकता था जब कि वह परमेश्वर का सच्चा भविष्यव्यक्ता था, परिणाम को जानते हुए, और जानते हुए कि ऐसी चीज का क्या परिणाम होने जा रहा था?

100 आइए आज उसे एक पहाड़ी पर खड़ा करे और वहां उसे नीचे की ओर देखने दें। उसे जेफरसनविले की ओर देखने दे, उन लोगों की ओर जो खुद को मसीही कहते हैं। उसे अमेरिका में कहीं भी ऐसे लोगों की ओर देखने दे जो खुद को मसीही कहते हैं। उसकी परमेश्वर से अभिषिक्त आंखें फिर से सिकुड़ जाएंगी। उसके हाथ उसकी दाढ़ी को मरोड़ रहे थे। क्यों? वो उस चमक–दमक और फलने–फूलने को नहीं देखता है जिसे संसार देखता है। वह परमेश्वर से उन्हें—उन्हें दूर जाते हुए देखता है। वह लोगों के नैतिक सड़न को देखता है। वह राष्ट्र को पीछे हटते हुए देखता है। वह कलीसिया में सड़न को देखता है। वह उसकी आँखों को सिकुड़ने और इसके अंदर जाने की इच्छा करने के सिवाय और क्या सकता था, जिससे कि वह इसे पूरी तरह टुकड़े–टुकड़े कर सके?

101 क्या होता यदि वहां पर कोई बिशप उससे मिलता, और कहता, "अब, क्या तुम प्रभु के भविष्यव्यक्ता हो? अब, हम तुम्हें बतायेंगे कि तुम क्या कह

सकते हो और तुम क्या नहीं कह सकते”? आप सोचते हो कि वो उनकी सुनेगा? क्या हो यदि वे कहते, “आकर अब हमारे संगठन में जुड़ जाओ, और हम तुम्हारे अभियान में तुम्हारी सहायता करेंगे”? आप सोचते हैं कि वो सुन लेता? नहीं। मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता, इस प्रकार के मनुष्य से। नहीं।

102 वह परमेश्वर की ओर से भेजा गया था। उसे उनसे सहयोग लेने की कोई जरूरत नहीं थी। उसके पास परमेश्वर का वचन था, परमेश्वर का अभिषेक था, परमेश्वर का ठहराया हुआ समय। वो **यहोवा यों कहता है** में आ रहा था। उह–हुंह। यही सच्चा भविष्यव्यक्ता होता है। वह इसी तरह से आगे बढ़ता है। वह **यहोवा यों कहता है** को छोड़ और किसी के साथ आगे नही बढ़ता है।

103 क्या सामरिया का यह आकर्षक करने वाला शहर, यह स्वघोषित, उच्च शिक्षित इस्राएल, ये अच्छे चमकाए हुए प्रचारक और याजक, इस छोटे से, इस अज्ञात व्यक्ति को स्वीकार करेंगे? शायद उसका व्याकरण बहुत ही खराब था। जंगल में एक निर्धन परिवार से आया था। घर को छोड़ दिया, परमेश्वर द्वारा बुलाया गया, जंगल में चला गया कि परमेश्वर और उसके वचन का अध्ययन करे, और एक भविष्यव्यक्ता बन गया। प्रभु ने उसे इसी तरह जन्म दिया।

104 भविष्यव्यक्ता जन्म लेते हैं, युग के लिए एक संदेशवाहक होते है, जिसे परमेश्वर, पूर्वज्ञान के द्वारा, उस युग को जानता है और पाप के विरूद्ध बोलने के लिए वहां उसके पास उसका प्रतिनिधि होता है।

105 क्या वह चमक–दमक वाला शहर उसे ग्रहण कर सकता है? क्या आप सोचते हैं कि उन स्त्रियों ने उसकी ओर कोई ध्यान दिया होगा जो उसने कहा? आप सोचते हैं कि उन याजको ने उसकी बात सुनी होगी? क्यों, नहीं, श्रीमान। उसके पास उसके साथ किसी भी संस्था से कोई सिफारिश नहीं थी। वो ऐसा नहीं कह सकता था, कि, “फरीसियो ने मुझे भेजा है।” ना ही वह कह सकता था कि सदूकियों ने उसे भेजा है। उसके पास कोई प्रमाण पत्र नहीं था। उसके पास लोगों के किसी भी झुण्ड से कोई संगति का कार्ड नहीं था। उसके पास अपने अभियान को तैयार करने के लिए कोई अग्रदूत नहीं था। ऐसा नहीं हुआ था कि सारे फरीसियों ने कोई संयुक्त सभा की हो और एक—और एक सेवकों की नाश्ते की बैठक रखी हो, और हर

एक चीज को एकत्र करे, जिससे कि उसके अभियान को आगे बढ़ाये, और जानते हुए कि वह आ रहा है। वह उनके लिए अज्ञात था। उसके पास कोई संगति कार्ड नहीं था। उसके पास कोई प्रमाण पत्र नहीं था। उसके पास लोगों से कोई सिफारिश नहीं थी।

106 लेकिन उसके पास **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था। सच्चे भविष्यव्यक्ता का यही मार्ग होता है। उसके पास **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था। यदि उसके पास **यहोवा यों कहता है** था, तो यह यहाँ हमारी मनुष्य की बनाई हुई योजनाओं से बहुत ही भिन्न है। उसे बस यही चाहिए था। यदि वह *इस* मार्ग से आता है, तो वह एक कलीसिया के नाम में आया है। यदि वह इस मार्ग से आता है, तो वह प्रभु के नाम में आता है। इसलिए, एक सच्चा भविष्यवक्ता हमेशा ही प्रभु के नाम के मार्ग से ही आता है। वह हमेशा ही प्रभु के नाम में आता है।

107 अब, वो संगति के कार्ड को नहीं दिखा सकता था, लेकिन उसके—उसके पास परमेश्वर का वचन था। और यही है जो परमेश्वर ने लोगों के लिए भेजा है। अब, लोगों ने अपने खुद के लिए संगठन बना लिया था। उनके पास अलग–अलग सांप्रदायिक समूह थे, और यही है जो लोगों ने बनाया था। लेकिन आमोस के पास यह नहीं था। उसके पास बस **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था। उसके पास यही सब था।

108 मैं उन याजको की कल्पना करता हूं, एक सुबह को, सब्त की सुबह को, छोटी सी प्रार्थना करते है, और इत्यादि, एक छोटी सी समर्पण की सभायें करके, और—और वापस जाते है। और महान मूसा के विषय में कुछ बोलते है, जो एक समय यहाँ पर रहा था, और कोई तो एक और महान व्यक्ति जो किसी दिन पर रहा था। "लेकिन, ओह, अब वह दिन बीत चुके हैं। आप लोग हमारे नए राष्ट्रपति को जानते हैं, हमारी नई सरकार को और जो कुछ भी हमें मिला है," और इस तरह की कुछ बातें करके और घर चले जाते हैं।

109 लेकिन यहाँ एक व्यक्ति आता है जो इसकी परवाह नहीं करता है। वो **यहोवा यों कहता है** के साथ आता है। देखा? भविष्यव्यक्ता का यही मार्ग होता है। कोई सहयोग नहीं, वह जानता था कि उसे आगे क्या सामना करना है, वो जानता था कि हर एक चीज उसके विरोध में होगी, जानता था कि वे उसे अस्वीकार कर देंगे, वे उसे ठुकरा देंगे। लेकिन वह प्रभु के

नाम में आ रहा था।

110 यीशु जानता था कि कलवरी उसके सामने है, लेकिन वह प्रभु के नाम में आया। देखा? सच्चे भविष्यव्यक्ता का यही मार्ग होता है।

111 उसके पास राष्ट्र के लिए प्रभु का वचन था। लेकिन प्रभु का सच्चा वचन उन लोगों के लिए अनजानी बात था। फिर भी, उन्होंने सोचा कि उनके पास वचन है। मुझे आशा है कि यह बात गहराई तक पहुँचेगी। वे अपने आपको इतना पवित्र और धार्मिक समझ रहे थे कि परमेश्वर का वास्तविक वचन उनके लिए एक अनजानी बात बन गया था।

112 आज भी इसी तरह से है। परमेश्वर का सच्चा वचन जो प्रकट बना, ये बहुत से पेंटीकोस्टल लोगों के लिए एक अनजानी बात है। वचन का सच्चा अनुवाद, वास्तविक विपत्तियां, और वे शाप, परमेश्वर की सच्ची आशीषे बहुत से लोगों के लिए एक अनजानी बात है जो खुद को पवित्र कहते हैं, कलीसिया के सदस्य, मसीही। यह उनके लिए एक अनजानी बात है। वे इसे नहीं जानते। आप उन्हें इसके विषय में उल्लेख करे। "उन्होंने ऐसी बात कभी भी नहीं सुनी।" और, फिर भी, उनके संगठन बढ़ रहे है और फल-फूल रहे हैं, तथा हर समय उनके सदस्यों की संख्या बढ़ती और बढ़ती जा रही है। और हर वर्ष और अधिक संगठन जुड़ते जाते है।

113 उन्होंने सोचा कि जो कुछ भी उनके पास आता है, वह उन सांप्रदायिक समूहों में से ही आता है। निश्चय ही वे उसे ग्रहण नहीं करेंगे। ना ही आज वे ऐसा करेंगे। वे लंबे समय से भूल गए थे, कि, "परमेश्वर इन पत्थरों से परमेश्वर के लिए सच्चे भविष्यव्यक्ता को खड़ा करने में सक्षम है।" परमेश्वर पिछड़े जंगलों के लोगों में से भी खड़ा करने में सक्षम है। वह इन पत्थरों को खड़ा करने में सक्षम है, वे मनुष्य जो उसके वचन के लिए खड़े होंगे, और उसके नाम में अर्थात सच्चाई में भविष्यवाणी करेंगे। "कुल्हाड़ी को पेड़ की जड़ पर रखते हुए।" लकड़ी के टुकड़ो को गिरने दो।। मैं इसकी परवाह नहीं करता कि उसे सहयोग मिला है या नहीं। लेकिन सच्चे भविष्यव्यक्ता का यही मार्ग होता है।

114 कुछ लोग सोचते हैं कि वो इसे आसानी से कर लेगा। वे नहीं जानते कि वे क्या बोल रहें हैं। उसे शहर में किसी शानदार घोड़े की बग्घी में नहीं लाया गया था, जिसमें सुन्दर सजे-धजे घोड़े लगे हों, झूमर लटक रहे हों, और महायाजक वहां बाहर खड़े हों, जिनके सिर पर बड़े-बड़े मुकुट जैसी

चीजें लगी हों, और वे उसके आगे झुक रहे हों, “आदरणीय डॉक्टर *फलां–और–फलां* आ रहे है।” यह कोई संगठनात्मक व्यवस्था रही होती।

115 जैसे उन सभी का राजा आया, वह आया, जैसे, एक खलिहान में अस्तबल में से होते हुए आया, अर्थात गाय का खलिहान। वो कभी भी धूमधाम और शोभा में नहीं आया, लेकिन वह एक छोटे बालक की नम्रता में आया जो एक खलिहान में जन्मा था। आमोस नहीं आया... प्रभु का वचन; क्योंकि वो प्रभु का वचन *था*। परमेश्वर का कोई भी वचन, यह वो व्यक्ति नहीं है; यह परमेश्वर है।

यीशु ने कहा, “यह मैं नहीं हूं जो कामों को करता हूं।”

उन्होंने कहा, “तुम एक मनुष्य हो, अपने आप को परमेश्वर बना रहे हो।”

116 उसने कहा, “तब यदि मैं परमेश्वर के काम नहीं करता, तो मेरा विश्वास मत करो। लेकिन यदि काम अपने आप में बोलते हैं, और तुम मुझ पर विश्वास नहीं करना चाहते, तो कामों का विश्वास करो।”

117 आमोस परमेश्वर का वचन था जो रास्ते पर चल रहा था। वह साधारण ढंग से चलकर वहां आया, संसार के फैशन या तौर–तरीको में नहीं आया। वह आत्मा की सामर्थ के साथ में आया।

118 परमेश्वर का वचन इसी प्रकार से आता है। ना ही संगठनात्मक मत–सिद्धांत में, ना ही पुलपीट में कायरता की किसी चीज के साथ; लेकिन यह आत्मा की सामर्थ में आता है, ताकि परमेश्वर को राष्ट्र और लोगों पर प्रगट करें। यही एक भिन्नता है। कितनी भिन्नता है!

119 अब, यह बात तो बहुत पहले ही भूला दी गई थी, कि परमेश्वर पत्थरों से भी सच्चे भविष्यद्वक्ताओं को खड़ा करने में सक्षम है। उनके पास नहीं... उनके संगठन को किसी सच्चे भविष्यव्यक्ता को खड़ा करने की ज़रूरत नहीं थी, क्योंकि शायद वह ऐसा कर ही नहीं सकता था। क्योंकि, यदि ऐसा होगा, तो यह एक संगठनात्मक भविष्यव्यक्ता होगा।

120 लेकिन, परमेश्वर उठा कर खड़ा करता है! परमेश्वर जिसे चाहता है उसे ही लेता है। वह अपने काम को करने के लिए अक्सर उसे लेता है जो कुछ भी नहीं है; ये बात दिखाती है कि यह परमेश्वर है। एक मनुष्य जो पूरी तरह से फूला हुआ है, और सोचता है कि वह कुछ तो है, तब परमेश्वर

उसका उपयोग नहीं कर सकता है, क्योंकि वह अपने–आप में बहुत बड़ा है।

121 आज मसीही कलीसिया के साथ यही समस्या है। वे सोचते हैं कि वे कुछ तो जानते हैं। बाईबल कहती है, "जब एक मनुष्य सोचता है कि वह कुछ तो जानता है, तो वह कुछ भी नहीं जानता जो उसे जानना चाहिए।" आज यही परेशानी है, कि हमारे पास बहुत अधिक स्वार्थ, अधिक ढोंग, अधिक शिक्षा, बहुत अधिक धार्मिकता है, और परमेश्वर के वचन के उद्धार के विषय में कुछ भी नहीं जानते। यही इसका दयनीय भाग है। जी हां।

122 वे भूल गए थे, कि, "परमेश्वर इन पत्थरों से अब्राहम के लिए संतान को खड़ा करने में सक्षम है, या वचन के सच्चे भविष्यद्वक्ताओं को खड़ा करने के लिए सक्षम था।"

123 उन्हें किसी विशेष विद्यालय से पढ़कर आने की आवश्यकता नहीं है। परमेश्वर उन्हें उनकी शिक्षा को देता है। उन्हें कॉलेज की चार डिग्रियों को लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें उनकी बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री की आवश्यकता नहीं है, और—और उनकी डॉक्टर की डिग्री, और इत्यादि चीजों की। उनके पास यह होने की आवश्यकता नहीं है। परमेश्वर जिस किसी को भी चाहता है उसे लेता है, और उसमें अपना वचन डाल देता है। वो यह कैसे करता है? वह इसे प्रगटीकरण में लाता है और साबित करता है।

124 वे यह नहीं बोल सकते थे कि यीशु किस धर्म विद्यालय में से आया है। वो किसी धर्म विद्यालय में नहीं था। "वह किस विद्यालय से है? " वो किसी विद्यालय में नहीं था। लेकिन उसके पास क्या था? उसके पास परमेश्वर था, और वो वचन था। वे किसी विद्यालय की ओर संकेत नहीं कर सकते थे।

125 और परमेश्वर ने कभी भी किसी मनुष्य को विद्यालय में से नहीं खड़ा किया। इतिहास में से होकर देखे और पता करे कि उसने ऐसा कहां पर किया है। वह ऐसा नहीं करता है। वो कहीं से तो किसी को तो लेता है, जिसके पास कुछ भी नहीं है, इसके लिए कोई आशा नहीं है। तब वह उसे अंदर लेकर आता है और उसमें अपने वचन को रखता है, और स्वयं को प्रकट करता है। यही है जो वो यहाँ आमोस में कर रहा था। तो ठीक है।

126 अब, आमोस का वचन परमेश्वर के द्वारा उनके अपने दिनों में प्रमाणित

हुआ था। एक... परमेश्वर ने आमोस के वचन को प्रमाणित किया कि वही था, उसके पास प्रभु का वचन था।

127 और यदि वह ठीक अभी हमारे पास आता है, क्या आप सोचते हैं कि हमारा राष्ट्र और हमारे लोग ऐसे एक मनुष्य को ग्रहण करेंगे? [सभा कहती है, "नहीं।"—सम्पा।] क्या आप सोचते हैं कि बैपटिस्ट आमोस को स्वीकार करेगा? ["नहीं।"] मेथोडिस्ट? ["नहीं।"] प्रेस्बिटेरियन? ["नहीं।"] पेंटीकोस्टल? ["नहीं।"] कैथोलिक? ["नहीं।"] नहीं, श्रीमान। नहीं। निश्चय ही उसे नहीं करेंगे।

128 आइये, बस कुछ क्षण के लिए, उसे उठा कर और उसे यहाँ पर लेकर आये, बस कुछ मिनट, और पता करेंगे कि वे स्वीकार करेंगे या नहीं। आइए अब देखें कि क्या उसे... आज हमारी कलीसियायें उसे स्वीकार करेगी या नहीं।

129 पहली चीज जो वह करेगा, वह हर एक संगठन से असहमत होगा, क्योंकि यह वचन के विपरीत है। उम–हुंम, उंह–हुंह, जी हां, श्रीमान। वह हमारी सारी व्यवस्था को दोषी ठहराएगा। यह सही है। हर एक शिक्षा, हर एक संस्था, हर एक संप्रदाय, वह सारी चीजों को दोषी ठहराएगा।

मैं बस कल्पना करता हूं, मैं इनमें से कुछ पेंटीकोस्टल अगुवों को यह कहते हुए देख सकता हूं, "क्यों, परमेश्वर की महिमा हो! यदि वह... क्यों, हम हमारे शहर में उस मनुष्य को नहीं रहने देंगे।"

130 और आप क्या सोचते हैं कि प्रेस्बिटेरियन और बैपटिस्ट क्या उसे रहने देंगे? "क्यों, वह अज्ञानी, हम उसे अपने देश के आसपास भी नहीं चाहते। वो एक—एक सनकी के अलावा और कुछ नहीं है।" यदि संभव हुआ तो वे उसे जेल में डालने के लिए एक कागज पर हस्ताक्षर करेंगे, उसे रास्ते पर से हटा देंगे।

131 लेकिन आप सोचते हैं कि आप उसे जेल में रख सकते हैं? ओह, नहीं। आप परमेश्वर के वचन को पिंजरे में नहीं रख सकते। नहीं, नहीं। कुछ भी हो, यह बाहर आ ही जायेगा। एक रात को जेल की सलाखें खुल गई, जब उन्होंने इसे जेल में बंद करने की कोशिश की। एक प्रकाश अंदर आया और उसे बाहर निकाला।

132 नहीं, वह—वह निश्चय ही हमारी व्यवस्था से असहमत होगा। तो ठीक है। वह क्या करने लगेगा? वो इसे उखाड़ फेंकेगा। क्यों? वो एक परमेश्वर

का सेवक है। वह सीधे बुनियाद में चला जायेगा और अपना अभियान आरंभ करेगा, ठीक सीधे पीछे जाकर, और उसके हर एक मत–सिद्धांत को उखाड़ फेंकेंगा, और वापस बुनियाद की ओर जायेगा। बुनियाद क्या है? परमेश्वर के वचन पर। सही है। “आकाश और धरती टल जाएंगे, लेकिन मेरे वचन नहीं टलेंगे।” इसलिए वह हर एक संप्रदाय, हर मत–सिद्धांत, हर एक शिक्षा को उसमें से उखाड़ फेंकेगा, और इसे एक ओर फेंक देगा, वह इसे अनंतता में ध्वस्त कर देगा।

133 आप सोचते हैं कि पेंटीकोस्टल उसे ग्रहण करेंगे? नहीं, श्रीमान। बैपटिस्ट? प्रेस्बिटेरियन? नहीं, श्रीमान। नाज़रीन? पिलग्रिम होलीनेस? वे उससे घृणा करेंगे। निश्चित रूप से। आप सोचते हैं कि वे बाहर जाकर और उससे एक—एक आरामदायक कार में मिलेंगे, और उसे शहर में लेकर आयेंगे? वे तो प्रार्थना करते थे कि सूरज उसे वहीं पर झुलसा दे। वे तो उसके शहर में आने से रोकने के लिए एक अवरोध लगा देते। क्यों, शहर के हर कहीं और अधिक सेवक लोगों की बैठक होती, आपने अपने जीवन में इतनी बैठक कभी नही देखी होगी। “उस सनकी को इस शहर से बाहर ही रखो।”

134 लेकिन, फिर भी, उसके पास **यहोवा यों कहता है**, वाला वचन था। समझे? यही एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग है। उसे तिरस्कृत किया जायेगा। निश्चित रूप से। वह अपने अभियान के लिए सीधे बुनियाद में जाएगा। उसे किसी की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह यह नहीं कहेगा, “अब, मैं चाहता हूं कि आप सभी मेथोडिस्ट लोग आकर और मेरी सहायता करे। मैं आप बैपटिस्ट को चाहता हूं। मैं यहां के आस–पास के सभी लोगों को चाहता हूं। आप सारे पेंटीकोस्टल लोग, आप दावा करते हैं कि आप अंतिम झुण्ड है जिसे परमेश्वर बुलाने जा रहा है, मैं चाहता हूं कि आप सभी मेरे पास आयें, और मैं चाहता हूं कि आप मेरे अभियान का सहयोग करें।”

135 “आप कैसे बपतिस्मा लेते हैं? पवित्र आत्मा का आरंभिक प्रमाण क्या है? ” वे प्रश्न, यह उसके सामने डाल दिए जाते। और जब वह बाईबल की सच्चाई के साथ वापस आता, तो वे उसे ठुकरा देते। लेकिन यही एक सच्चे भविष्यवक्ता का मार्ग होता है। उसे इन सभी का आमना–सामना करना पड़ता है। समझे? निश्चित रूप से।

136 हम उसे ग्रहण नहीं करेंगे। नहीं, श्रीमान। हमारे—हमारे... हम उसे

बिल्कुल भी नहीं रखते। हमारे—हमारे देश के आस–पास उसका कोई भी अभियान नहीं होने देते। नहीं, बिल्कुल नही। तो, हम उसे नही चाहेंगे। नहीं, श्रीमान। लेकिन वह आकर और कलीसिया को वचन की ओर वापस लाएगा, क्योंकि यही वो बुनियाद है। "कोई भी किसी और बुनियाद पर रखेगा, तो यह धंसती हुई रेत है। केवल *इसी* बुनियाद पर, परमेश्वर अपनी कलीसिया को बनाता है, प्रेरितों की शिक्षा पर।"

137 जैसा कि मैं उस दिन कह रहा था; कोई तो शुद्धिकरण के विषय—विषय में बोल रहा था, और संत फ्रांसिस और संत सीसिलिया जैसे बहुत से लोगों का उल्लेख कर रहा था, और उसने कुछ लोगों के लिए प्रार्थना की, और शुद्धिकरण से मुक्त हो गये, और इस तरह के अधिकारो को प्रमाण के रूप में दे रहा था। यह वचन अनुसार अधिकार नही है। ये वे लोग है जिनके पास कोई अधिकार नहीं है। प्रेरितों के पास वचन के अनुसार अधिकार था। और यदि यह उन वचनों के विपरीत है, तो जहाँ तक मेरी दृष्टि में यह एक झूठ है।

138 मैं शुद्धिकरण में विश्वास करता हूं, लेकिन मैं विश्वास करता हूं कि यह ठीक अभी है। आप अपने ही प्राण को शुद्ध करते हैं। *शुद्धिकरण* का अर्थ होता है "शुद्ध करना।" जब आपको लगता है कि आपने कुछ तो गलत किया है, तो आगे बढ़ें और उसे अपने अंदर से साफ़ कर लें, अंगीकार करने, और रोने, और उपवास करने, और प्रार्थना करने के द्वारा।

139 यहां तक कि कोई तो मुझ पर हंसा ज्यादा समय नही हुआ जब प्रभु ने यहां आकर और मुझे एक दर्शन दिया। मैं हमेशा ही उस सर्प को बांधने के विषय में देखना चाहता था। मैं हमेशा सोचता था कि कैसे बांधना है। मुझे इस तरह से आगे कदम बढ़ाना चाहिए। जबकि, यही है जिसे मैंने अपने सारे जीवन में चाहा है। तब मैं उपवास और प्रार्थना करने लगा। कहा, "तुम ऐसा किस लिए कर रहे हो? "

140 मैंने कहा, "वहां पर, उसने मुझे बताया कि मैं इतना ईमानदार नहीं हूं।" उसके आने के बाद, मैं अपने आप को तब शुद्ध करना चाहता था। अपनी मृत्यु तक प्रतीक्षा ना करें, और ना किसी याजक को कोशिश करने दे कि आपको शुद्ध करे। आप अपने प्राणों को शुद्ध करे!

141 लेकिन, देखो, उन्होंने इसे आधिकारिक वचन में से निकालकर, और इसे किसी मनुष्य के बनाए हुए सिद्धांत के हाथों में दे दिया, जिससे कि

कलीसिया में पैसा लाया जा सके, क्योंकि वे सांसारिक चीजों की ओर देखते हैं, सांसारिक कलीसिया की ओर, संसार में की बड़ी–बड़ी शक्तियों को, राजनीतिक शक्तियों को। लेकिन परमेश्वर अपने वचन की ओर देखता है। और कोई भी शब्द जो परमेश्वर के वचन के विपरीत है, वो गलत है। जहां तक मेरा संबंध है, मेरे लिए या तो वचन है, नहीं तो कुछ भी नहीं। जी हां, श्रीमान। जी हां, श्रीमान।

142 वह सीधे बुनियाद में चला जाता। वह चीजो को उखाड कर टुकड़े–टुकड़े कर देता। उसे ऐसा करना ही है। यदि आज अमोस यहां पर होता तो वह कुछ भी और नहीं कर सकता था। वह और कुछ भी नहीं कर सकता था, क्योंकि, याद रखें, वह परमेश्वर का सच्चा भविष्यव्यक्ता है, जिसके पास वचन आता है। वह और कुछ भी नहीं कर सकता, वचन पर वापस जाने के अलावा। कोई फर्क नहीं पड़ता यदि देश में सारे पेंटीकोस्टल उसके चारों ओर इकट्ठा होकर, कहते, "श्रीमान, आमोस, हम विश्वास करते हैं कि तुम एक भविष्यवक्ता हो, लेकिन तुम वचन से भटक गए हो। हम तुम्हें सही राह दिखाना चाहते हैं।" वह वचन के साथ बना रहेगा। वह और कुछ भी नहीं कर सकता है, क्योंकि वह एक भविष्यव्यक्ता है। उसे उनके सहयोग की जरूरत नहीं थी। उसके पास देने के लिए एक संदेश है। "और वे सब जो पिता ने मुझे दिए हैं, वे मेरे पास आयेंगे।" और वह वचन का प्रचार करने जा रहा है, और वह इसका ठीक वैसे ही प्रचार करेगा जैसे यह बाईबल में है, और इसलिए हम उससे ठुकरा देते। यह सही है।

143 कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह क्या होगा, परमेश्वर का वचन भविष्यवक्ताओं के पास आता है, उनके वचन का अनुवाद, सही अनुवाद होता है।

144 इस्राएल हमेशा ही पंक्ति से हट जाता था, और परमेश्वर ने उनके लिए एक भविष्यव्यक्ता को चिन्हों और अद्भुत कार्यो के साथ भेजा, ताकि उस वचन का अनुवाद करे। और उसने कैसे जाना? उसने कहा, "यदि यह भविष्यव्यक्ता बोलता है, और यह घटित होता है, तो यह सही है।" उसने अपने भविष्यव्यक्ताओं को सही प्रमाणित किया, कि वे सही थे।

145 यीशु ने कहा, "वह जो मुझ पर विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं वह भी करेगा। इसे तुम जान जाओगे। विश्वास करने वालों के ये चिन्ह होंगे।

146 और भला वे प्रभु के एक भविष्यव्यक्ता होने का दावा कैसे कर सकते हैं और परमेश्वर के वचन का इन्कार कर सकते हैं? कैसे एक मनुष्य "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम से बपतिस्मा ले सकता है, उन शीर्षक में, और उसी यीशु मसीह के नाम का इन्कार कर सकता हैं, जब कि बाईबल में उनकी शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोई वचन नहीं है? मैं कठोर और आलोचनात्मक हो सकता हूं, लेकिन यह उसी तरह से होने का समय है। यह सच है।

147 कैसे लोग आज अपने आप को मसीही होने का दावा कर सकते हैं, और हर एक चीज के लिए यहाँ बाहर भागते फिरते हैं, और स्त्रियां कटे बालों के साथ होती है, और छोटे कपड़े पहने हुए, और सिगरेट पी रही है, और सिनेमा के तमाशे के लिए भागती है, किसी भी तरह का एक पुराना तमाशा, और ऐसा करना जारी रखती है? मुझे बताओ कि यही पवित्र आत्मा है? आप मुझे ऐसा कभी मत कहना। आप, आप परमेश्वर को घोर अप्रसन्न कर देते हो, यदि ऐसी कोई चीज़ हो सकती है। जी हां। मुझे पक्का है कि आप समझते हैं। अपने आप को इस तरह से कहकर बुलाते है, भला ऐसी चीज किस तरह से हो सकती है? "वे उनके फलों के द्वारा जाने जाते हैं।"

148 वह फटकार लगाता और हर एक बाल कटी स्त्री को दोषी ठहराता। वह और कुछ कर भी कैसे सकता है? वह एक भविष्यव्यक्ता है। और यही वचन है। वह कहेगा, "तुम, ईजाबेलो!" वह उनके साथ कठोर व्यवहार करता। क्यों? वह एक भविष्यव्यक्ता है। उसे वचन के साथ बने रहना होगा। यह सही है। आप सोचते हैं कि वे रुक जाएंगे? नहीं, श्रीमान। वे कहेंगे, "यह एक कट्टरपंथी है। वह उतना ही बुरा है जितना कि वो बाईबल में पुराने समय का पौलुस था, स्त्री से घृणा करने वाला।"

149 "तुम, पाखंडियों का झुंड, जो नाम के कहलाने वाले मसीही हो। कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम कितना पवित्र जीने की कोशिश करो, इसका इससे कोई लेना-देना नहीं है। जब तक तुम परमेश्वर के वचन का इन्कार करते हो और इसके साथ पंक्तिबद्ध नहीं होते हो, तुम एक पापी हो, एक अविश्वासी हो," यही है जो वह कहता। वह नहीं... रखता, वह कुल्हाड़ी को सीधे पेड़ की जड़ पर रखता। वह किसी को भी नहीं छोड़ता। वह एक भविष्यव्यक्ता है, और यही एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग है। वे उस वचन के साथ बने रहते है, चाहे यह कोई भी हो। यदि यह उनके अपने माता या

पिता हैं, तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता। यीशु ने ऐसा किया। इतना तक उसे मां भी कहकर नही बुलाया; वह थी ही नहीं। वह परमेश्वर था। परमेश्वर की कोई मां नहीं होती है। वे कहेंगे, तो फिर उसका पिता कौन है? उंह–हुंह, उंह–हुंह।

150 वह फटकार लगायेगा और उन्हें दोषी ठहराएगा। वह हर एक संप्रदाय को दोषी ठहराएगा, क्योंकि उनमें से कोई भी वचन पर बना हुआ नही है। मैं उनमें से एक को भी नहीं देख सकता हूं। और जैसे ही वे संप्रदाय बन जाते हैं, वे ठीक तभी वचन के विरोध में होते हैं। तो कैसे... एक भविष्यव्यक्ता उसे कैसे आशीष दे सकता है जिसे वचन दोषी ठहराता है? फिर भी, वह ऐसा नहीं करना चाहता, कि अपने भाई को चोट पहुंचाये, लेकिन फिर भी उसे ऐसा करना है क्योंकि वह एक भविष्यव्यक्ता है। और वह परमेश्वर के सच्चे वचन का एक प्रतिनिधित्व करता है, और इससे बिल्कुल भी नहीं हटता है, किसी भी तरह से नहीं; आज्ञा पर आज्ञा, और नियम पर नियम। समझे मेरा क्या मतलब है? एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग।

151 कितने लोग कहते हैं, "प्रभु, मेरी इच्छा है कि आप मुझे एक भविष्यव्यक्ता बनाते"? वह ऐसा नहीं करता है। नहीं। वह ऐसा नहीं करता है।

152 वह कलीसिया के हर एक अनैतिक कार्य को दोषी ठहराएगा, ये पासा फेंकने के खेल की पार्टियां और ये सारी चीजें जो वे कर रहे हैं, ताश के पत्तों की पार्टियां, सूप का भोज। वह उनमें से हर एक चीज को दोषी ठहराएगा। वह उन्हें ध्वस्त करके नरक में डाल देगा, जहां से वे आए है।

153 क्या आप सोचते हैं कि आप उसे स्वीकार करेंगे? नहीं। आज की कलीसिया उसे स्वीकार नहीं करेगी। पेंटीकोस्ट उसे स्वीकार करेंगे? तो ठीक है, वह वहां पर चलकर जाता, कहता, "तुम कटे बालों वाली इजाबेलो का झुण्ड, क्या तुम नहीं जानती कि **यहोवा यों कहता है** का क्या अर्थ होता है? एक छोटे से खाल जैसे दिखने वाले वस्त्र के साथ यहां बाहर चलकर जाती है, क्या तुम नहीं जानती कि तुम हर दिन सैकड़ों पुरुषों के साथ व्यभिचार करने के लिए दोषी हो? " यही है जो वह कहेगा।

154 आप कहते हैं, "तो ठीक है, वह पुराने ख्यालों वाला! वह बूढ़ा गंजे सिर वाला, सफ़ेद बालों वाला व्यक्ति, उसे उस पुलपीट से बाहर निकालो। आओ तुम्हें देखते हैं, ट्रस्टी बोर्ड, डिकन, उसे यहां से बाहर निकालो।"

155 "तो ठीक है, तुम दयनीय पाखंडियों का झुंड हो।" सही है। आमोस इसे ऐसा ही कहता। फिर अपने आप के लिए कहते है, "हम... हम *इस* झुण्ड से जुड़े हुए है। हम *उस* झुंड से जुड़े हुए हैं।" तुम शैतान के हो, तुम्हारा पिता, क्योंकि वही वो एक है जो वचन का इन्कार करता है।

156 कहते है, "मैंने अन्य भाषा में बोला।" और फिर अपने बालों को काटती है? "परमेश्वर की महिमा हो! हाल्लेलुय्या!" और बाईबल ने कहा, "यह एक—यह एक उचित—उचित बात नही है, कि एक स्त्री इस तरह से अपने बाल को काटकर प्रार्थना करे।" फिर अपने आप को मसीही कहते है। आप पर शर्म आती है। कहीं तो एक कोने में रेंगकर जाओ, परमेश्वर के साथ सही कर लो।

157 उन छोटे–छोटे कपड़ो को पहनती है, और यहाँ आंगन में जाकर, और अँगड़ाई लेती है, जब कि आप भली प्रकार और अच्छी तरह से जानती है आप प्रतिदिन सौ पुरुषों के साथ व्यभिचार कर रही हैं। कहा, यीशु ने ऐसा ही कहा, "जो कोई भी स्त्री की ओर कुदृष्टि डाले, वह उसके साथ व्यभिचार कर चूका।" वो ही वो एक थी जिसने स्वयं को ऐसा प्रस्तुत किया, और आपने इसे किया...

158 जहां, आप, आप संसार की चीजों के लिए मरे हुए हैं। आप उसी में से ऊपर उठे हैं, जैसा कि मैंने कहा, आरंभ में। "तुम अपना सिर शर्म से फेर लोगे। तुम्हारी आंखें पाप की ऐसी भयानक चीज पर सिकुड़ जाती है, बजाये इसके कि स्त्रियों को वासना की दृष्टि से देखें। तुम पुरुष जो इस तरह का काम करते हो और अपने आप को मसीही कहते हो।" यही है जो वह आपको बताएगा। मैं आज सुबह उसके वचनों को लेने की कोशिश कर रहा हूं। वे उसके वचन होंगे। क्योंकि, वो, याद रखना, वह एक सच्चा भविष्यव्यक्त्ता है। उसे उस वचन के साथ बने रहना होता है। उह–हुंह। मैं बस उसके वचनों का हवाला दे रहा हूं। बस ऐसा ही है। क्योंकि, यदि आप उसे लाए हैं, तो वो वचन है। तब, यहाँ वचन है, अपने आप में। हो सकता है आपके पास वो मनुष्य नही है, लेकिन आपके पास उसका वचन है, क्योंकि उसके पास प्रभु का वचन होगा।

159 हर एक मनुष्य की बनाई हुई शिक्षा, वो इसे दोषी ठहरायेगा, जैसे कि बपतिस्मा "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम में।" वह उस चीज को वापस अनंतता में फेंक देगा। वह इसे दोषी ठहरायेगा, यहाँ तक इसमें की कोई

गंध भी न बचे। जी हां, श्रीमान।

160 आप में से कितने, आज सुबह कलीसिया में कितने लोग है, जो उसे उस पर स्वीकार करेंगे?

161 तब वे, यह यीशु नाम का झुंड, वे—वे कहेंगे, "ओह, हम उसे इस पर ले लेंगे।" और फिर आपके संगठन, वह आपको सीधे इसके साथ बाहर निकाल देगा। यह सही है। आपकी बाल कटी हुई स्त्रियां, और आप उसका समर्थन करते हो। यह सही है। आपके पुरुष, जिस तरह से वे कार्य करते है और आचरण करते हैं। यह सही है।

162 बहुत से लोग कहते हैं, "एक भविष्यव्यक्ता होना अच्छी बात है।" यह अच्छी बात है, यदि आप संसार को सब कुछ बेचने के लिए तैयार हैं और परमेश्वर के साथ और उसके वचन के साथ बने रहने के लिए तैयार है। हम्म।

163 नहीं, आज जो हमारे संप्रदाय है, हम उसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं करेंगे। निश्चय ही हम उससे कोई लेना-देना नहीं रखेंगे।

164 उसे इसे फटकार लगाते हुए सुने। उसने कहा, "वही परमेश्वर जिस पर तुम विश्वास करने का दावा करते हो, वो तुम्हें नष्ट कर देगा।" आप इस विषय में क्या करेंगे? वही परमेश्वर जिस में पेंटीकोस्ट विश्वास कर रहे है, उन्हीं अनैतिक कामों और उन बातों के कारण जो वे कर रहे हैं और करने की अनुमति दे रहे हैं, वही परमेश्वर उन संगठनों के ऊपर न्याय को लेकर आएगा। यह सही है। बिल्कुल वैसा ही जैसा आमोस ने उनसे कहा था।

165 "ओह," उन्होंने कहा, "हमारे पास अब्राहम है। हमारे पास—हमारे पास *यह* है। हमारे पास नियम है। हमारे पास वे याजक है। हमारे पास वे भविष्यव्यक्ता है।"

166 ओह, भाई, वे आंखें सिकुड़ गई जब उसने उनकी ओर देखा, और उस वचन को उन पर गरजते हुए सुनाया। जी हां, श्रीमान। निश्चय ही। वे उसे स्वीकार नहीं करेंगे। नहीं, श्रीमान। उसने कहा, "वे उन्हें तुम्हारे मनुष्य के बनाए हुए मत-सिद्धांतों से नष्ट कर देंगे।" आज वो आपको यही बताएगा। वह वैसा ही कहेगा जैसा उसने तब कहा था। उसने कहा, "वही परमेश्वर जिसके लिए तुम कलीसियाओ को बना रहे हो, शायद लाखों डॉलर खर्च कर रहे हो, वही पवित्र स्थान जो तुम यहोवा के लिए बना रहे हो, जिसका

तुम दावा करते हो कि तुम उससे प्रेम करते हो, वही परमेश्वर तुम्हें नष्ट कर देगा क्योंकि तुम उसके वचन को अस्वीकार कर रहे हो।”

167 आज भी यही हो रहा है! वही परमेश्वर जिसकी सेवा करने का अमेरिका दावा करता है वो राष्ट्र पर न्याय को लाएगा और इसे नष्ट कर देगा। मैं आशा करता हूं कि यह इतना गहरा होता जाता है कि आप कभी भी इसमें से बाहर नहीं निकल पाएंगे। वही एक जिसका आप दावा करते हैं कि आप प्रेम करते हैं, और अपने स्वयं के मनुष्य के बनाए मत–सिद्धांतो के साथ, और अनैतिक जीवन और सड़न जो आप में है, परमेश्वर के वचन से दूर है, वो किसी दिन आपको नष्ट कर देगा। यही **यहोवा यों कहता है**। उनके लिए और कुछ भी नहीं बचता है।

168 वचन के साथ पंक्ति में आ जाये! उन्हें सुसमाचार का प्रचार करें; राष्ट्र को पार करके; उन्हें सच्चाई को बताये। सेवक उपद्रव मचाते है और चिल्लाते है, और बहस करते है। लोग दोषी ठहराते हैं। संगठन आपको बाहर कर देते हैं। स्त्रियां अपने सिर को हिलाती है, और किसी भी हालत में अपने बाल बढ़ने नहीं देतीं।। साल दर साल, वे ठीक वैसे ही कपड़े पहनती हैं, जैसे पहले पहनती आई हैं। जैसे बत्तख की पीठ पर पानी को डालना। “तब तुम दावा करते हो कि तुम परमेश्वर से प्रेम करते हो? ”

169 उसने कहा, यीशु ने कहा, “तुमने अपने रीति–रिवाजों को लेकर और परमेश्वर की आज्ञाओं को निष्फल बना दिया है।”

170 यही एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग है। समझे? यह एक आसान मार्ग नहीं है। यह ऐसा नहीं है जो हर कोई सोचता है कि ऐसा हो सकता है।

171 ऊपर और नीचे कूदना और चिल्लाना, हर कोई आपके कंधे को थपथपाता है, तब यह एक चिन्ह है कि आप एक सच्चे भविष्यव्यक्ता नहीं हैं। यह उन चिन्हों में से एक है कि आपको वह बात नही समझी है जिसके बारे में आप बात कर रहे हैं।

172 उन्होंने कब उसकी पीठ को थपथपाया, जब तक कि उनका अपना कोई मतलब न हो? क्या? वह पीछे मुड़कर और उन्हें दोषी ठहराता। सही है। वे आमोस की पीठ पर थपथपा नहीं सकते थे। वे एलिय्याह की पीठ को थपथपा नहीं सकते थे। उसने ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं किया। नहीं, श्रीमान। उसने उन्हें परमेश्वर का सत्य बताया। और यदि स्वर्ग इतना महान है, और हम जहां जा रहे हैं, तो फिर यदि हम छोटी–छोटी बातों के साथ

पंक्तिबद्ध नहीं हो सकते हैं, तो हम वहां पर आत्मा के साथ कैसे पंक्तिबद्ध होंगे? वचन के साथ पंक्तिबद्ध होना है। यही तो सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग है। हालाँकि इस बात को कहने के लिए यह उसे तोड़ कर रख देगा, जी हाँ, उसे इसके साथ एक राष्ट्र को उखाड़ कर टुकड़े–टुकड़े करना होगा। यह सही बात है। लेकिन यही वो मार्ग है।

173 वो इसे जोर से फटकार लगाएगा। ओह, प्रभु! जानते है उसने उनसे क्या कहा? "हो हल्ला करना," यदि आप यहां ध्यान दे, तो उसने कहा, "यह आपकी सरकार में नहीं है, यह आप में है।" यही है जो उसने कहा। जी हां। "कलीसिया में हो हल्ला करते है, अपनी भक्ति का भेष धरते है, यही है जो परेशानी का कारण है।"

174 आज देश में साम्यवाद फैलने का जो कारण है, यह साम्यवाद के कारण नहीं है। यह कलीसिया के कारण है। ये लोगों की वजह से है। आज वे अपने आप को मसीही कहते हैं। वे दूतों की तरह गाते हैं। प्रशिक्षित आवाजें, और ऐसे बड़े–बड़े शब्दों के साथ बोलते है, जैसे वे प्रधान दूत थे; और परमेश्वर के वचन का अविश्वास करते है, शैतानों की तरह। बिल्कुल सही है। एक प्रधान दूत की तरह गाते हैं, ऐसे कपड़े पहनते है जैसे मैं नहीं जानता क्या कहूं, और परमेश्वर के वचन का इन्कार करते है।

175 एक मनुष्य, प्रचारक जो पुलपीट पर खड़ा होता है, और डॉक्टर, आदरणीय कहलाता है, और उससे पूछे, "क्या बाईबल ने 'प्रभु यीशु मसीह के नाम में,' बपतिस्मे की बात की या, 'पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में'?" और वो आपके मुंह पर हंसेगा और, "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा," को लेगा। फिर अपने आप को परमेश्वर की संतान कहता है?

176 स्त्रियां जानती हैं कि बाईबल उन्हें कुछ चीजें करने के लिए दोषी ठहराती है, और वे अपने बालों को काटती है, और संसार की तरह व्यवहार करती हैं, और अनैतिक कपड़े पहनती हैं और इस तरह की चीजें, और वे इसे लगातार करती ही रहेंगी, जो भी हो; और अन्य जुबान में बोलती हैं, और ऊपर–नीचे कूदती हैं, और चिल्लाती हैं, और उनके पास बूढ़ी महिलाओं के समाज होते हैं, और सिलाई की मंडलियां होती हैं, और मिशनरियों को कार्य क्षेत्र में भेजते है। यह परमेश्वर की दृष्टि में एक दुर्गंध बन गया है। और **यहोवा यों कहता है**, वह सब कुछ नष्ट कर देगा। वह करेगा।

177 यह एक आसान बात नहीं है, लेकिन एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का यही

मार्ग है। वहां पर इसे फटकार लगाता है, और इसे बोल देता है चाहे इससे दुख पहुंचे या नहीं।

178 यूहन्ना एक सच्चा भविष्यव्यक्ता था। उसने कहा, "कुल्हाड़ी पेड़ की जड़ पर रखी है।" उनका यही मार्ग होता है। निश्चय ही।

179 परेशानी उस स्त्री में है। स्वर्गदूतों की तरह गाती हैं, यहाँ शैतानों की तरह नाचती हैं, वे नाचते हैं, ऐसे ही करना जारी रखते हैं, ताश खेलते हैं, घुड़दौड़ को खेलते है। पेंटीकोस्टल, मनोरंजन के स्थानों में जा रहे हैं, चलचित्र के तमाशों में उनकी भीड़ लगी रहती है। हर स्थान पर, किसी भी प्रकार का पुराना नाटक या कुछ भी हो, और सीधे वहां पर जाते है, और घुड़-दौड़ होने दो और हर एक चीज, और अपने आप को मसीही कहते है, और ऊपर जाकर और जयजयकार करते है, और अन्य जुबान में बोलते है, और पैर धोते है और प्रभु भोज लेते है।

180 क्यों, ये—ये ऐसे है, "जैसे एक कुत्ता अपनी उल्टी के पास जाता है," भविष्यव्यक्ता ने कहा, "वैसे ही वे करते हैं।" यदि वह चीज संसार की है, जिसे आप में से बाहर निकालना था, तो आप फिर से इसकी ओर वापस क्यों लौटते हैं? सही है। बाहर सड़कों पर, मटकती है, वे इसे कहते हैं, रॉक-एंड-रोल, बाल काटती हैं, छोटे कपड़े पहनती हैं। ओह, प्रभु! अपने आप को मसीही कहते है। क्या आप... नहीं, अच्छा होगा कि मैं यह ना कहूं।

181 इसलिए मैं उन्हें दोषी ठहराता हूं। यदि मैं *इस* वचन के साथ बना रहता हूं, यदि यह वचन मेरे पास आता है, तो मैं इस वचन के साथ बना रहूंगा। यही है जो मेरे पास आता है, वचन। कि इसे दोषी ठहराए!

182 पवित्र आत्मा के द्वारा चलाए चलने का दावा करते है, और ऐसी चीजों को करते है। क्या आप एक स्त्री की कल्पना कर सकते हैं, जो पवित्र आत्मा की अगुवाई में है, उसके बालों को कटवाएगी, जब कि वही पवित्र आत्मा इसे दोषी ठहराता है? तो फिर पवित्र आत्मा किस प्रकार का व्यक्ति है? क्या आप कल्पना कर सकते हैं?

183 क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक प्रचारक पुलपिट पर खड़ा है, और कोई भी मनुष्य उसे चुनौती देता है कि उसे एक भी स्थान दिखाए जिसने कभी भी ऐसा बपतिस्मा लिया हो "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," के शीर्षकों का उपयोग करते हुए, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा

लेने पर, आपके मुंह पर हंसता है और आपको कट्टरपंथी कहता है, और कहता है कि वह आत्मा के द्वारा चलाये चल रहा है, और कहता है कि उसने पवित्र आत्मा पाया है? क्या पवित्र आत्मा अपने ही वचन का इन्कार करेगा? नहीं, श्रीमान। उह–हुंह। क्या आप समझे? मैं आशा करता हूं कि आप इसे समझ गए होंगे।

184 मैं नहीं जानता कि कितना समय है। हो सकता है अगला विस्फोट मुझे ले ले। लेकिन, जब तक ऐसा नहीं होता, मैं ठीक वचन के साथ वहां पर खड़ा रहूंगा। जब मैं न्याय के समय वहां आपसे मिलूंगा, तो मैं ठीक उस वचन के पास खड़ा रहूंगा। यही है जो मैं सत्य होने का विश्वास करता हूं।

185 नहीं, आप इस तरह की चीजों को नही करते है, और तब आपके पास पवित्र आत्मा है। एक बार मैं एक सेवक की पत्नी के पास गया, वहां वो एक पोशाक पहने हुए बैठी हुई थी, वह भयानक दिख रही थी।

आप कहते हैं, "आपके पास कहने का कोई अधिकार नहीं है।"

186 मेरे पास अधिकार है। यही वचन है। इस सब का प्रचार करो। आप बहुत से कायर प्रचारक उन बातों को छोड़ देते हैं, क्योंकि उनके पास साहस नहीं है... हो सकता है कि आरम्भ से ही, आपको प्रचार करने के लिए बुलाया भी नही गया हो। जी हां। लेकिन परमेश्वर का एक सच्चा सेवक ठीक उस वचन के साथ बना रहेगा। सही है।

187 सेवक की पत्नी वहां बैठी हुई थी, एक पोशाक में पूरी तरह से सिकुड़ी हुई, कानों में बालियां लटकी हुई थी, और श्रृंगार किया हुआ था, और छोटे–छोटे कटे हुए बाल। जब कि, परमेश्वर सारी चीज को गंदगी के रूप में दोषी ठहराता है। और फिर कहते है कि आपके पास पवित्र आत्मा है?

188 कुछ समय पहले, मैं यहां फिनिक्स में कुछ तो इसी तरह के विषय पर प्रचार कर रहा था, और सेवक की पत्नी पुलपीट पर बैठी हुई थी, उसके बाल इन लड़कों जैसे छोटे–छोटे कटे हुए घुंघराले थे, और एक ऐसी पोशाक को पहने हुए थी कि उसके अंदर वाली स्कर्ट को भी छिपा नहीं सकती थी। अपने घुटनों तक भी नहीं पहुँच रही थी। उसके घुटनों से लगभग चार या पांच इंच ऊपर थी, वहाँ पर बैठी हुई थी; ऊपर और नीचे कूद रही थी, गीतों में अगुवाई कर रही थी। मैंने उसका जितना कड़ा विरोध कर सकता था उतना कड़ा विरोध किया। निश्चय ही, वह मुझे दोबारा आमंत्रित नहीं करेगा। मैं उम्मीद भी नहीं करता। लेकिन वह जानता है कि क्या सही है

और क्या गलत है। जब मैं न्याय के समय खड़ा होता हूं, तो यह मेरे हाथ में नहीं होगा। फिर जाकर और कहे...

189 एक मनुष्य, नाम का कहलाने वाला शिक्षक, जो मैं नहीं कहता, लेकिन वह नहीं है, एक दिन मैंने एक टिप्पणी की, मेरे कुछ मित्रों के सामने किसी एक शहर में मैं गया था। आप भाई को जानते हैं। और यह भाई अंदर आया। उसने कहा, अच्छा, उसने कहा, "एक बार भाई ब्रन्हम हमारे यहां आए थे।" किसी एक शहर में, और पश्चिम की ओर। और इस व्यक्ति ने कहा, "ओह, भाई ब्रन्हम एक भले मनुष्य है।" देखा? वो बेहतर जानता था कि किसी के चरित्र के विरुद्ध कुछ भी नहीं कहना चाहिए। कहा, "भाई ब्रंहम, लेकिन आप उनके टेप को मत सुनना, क्योंकि वे टेप आपको उलझन में डाल देंगे।"

190 और वहां पर ऐसा हुआ कि मेरा एक मित्र खड़ा हुआ था, उसने कहा, "बस एक मिनट, श्रीमान! मैं उलझन में था जब तक मैंने टेपों को नहीं *सुना*।" जी हां। यही वो अंतर है। "मैं यह नहीं समझ सकता हूं कि एक पवित्र परमेश्वर इस तरह की चीजों को कैसे सहन कर सकता है, जैसा कि आप सभी करते हैं।" जी हां।

191 वही व्यक्ति, उसके साथ एक और व्यक्ति था, ज्यादा समय नहीं हुआ किसी एक स्थान पर खड़ा हुआ था, बोला, "भाई ब्रन्हम एक भविष्यवक्ता है। वह चीजों को परख सकते है। और इस तरह की चीजें... लेकिन," कहा, "अब, उसकी शिक्षा को मत सुनना, क्योंकि वो सही नहीं है।" ऐसा कथन कितना पागलपन भरा और असभ्य है!

192 क्या आप नहीं जानते कि यदि यह... मैं कोई भविष्यवव्यक्ता नहीं हूं। लेकिन यदि परमेश्वर का वचन सच्चा है, तो यह भविष्यव्यक्ता के पास आता है। "प्रभु का वचन भविष्यव्यक्ताओं के पास आया।" वे ही एक थे जिन्होंने वचन का अनुवाद किया। तब, आप देखते हैं, आप नहीं...

193 इसका यहाँ तक कोई मतलब भी नहीं बनता है, बस किसी छोटे–छोटे संप्रदायों के पीछे छिपना, उन दिनों में से एक दिन यह चकनाचूर हो जायेंगे, गल जायेंगे, और अधोलोक में नष्ट हो जायेंगे।

194 लेकिन परमेश्वर का वचन सर्वदा स्थिर रहेगा। उस चट्टान पर मैं अपनी आशाओं को सर्वदा के लिए बनाता हूं, प्रभु के वचन पर। बाकी की हर एक

चीज को डूबने दो। यदि मैं हर एक मित्र को, बाकी हर एक चीज को खो भी दूँ, मेरी मित्रता मसीह में है।

मेरी आशाये किसी और बात पर नहीं,
केवल यीशु के धार्मिक वचनों पर बनी है;
जब मेरा प्राण चारों ओर टूटने लगता है,
तब वही मेरी पूरी आशा और सहारा होता है।

195 जब उस दिन वो बंदूक फट गई और मैंने देखा... मुझे लगा कि मैं मर गया हूं। एक शांतिपूर्ण एहसास हुआ था। मैंने चारों ओर देखा। मैंने सोचा, "तो, अब यही अंत है।" तब एक संप्रदाय मेरे लिए किस काम आता? तब एक संगठन मेरे लिए किस काम आता? मुझे उस ओर परमेश्वर के अग्निमय न्याय के सामने *इस* वचन के द्वारा न्याय के लिए खड़ा होना होगा।

196 भले ही मुझे बहुत से लोगों को कड़ी फटकार देनी पड़ी, झुकाना पड़ा, मोड़ना पड़ा, और अलग होना पड़ा, बहुत से लोगों को, लेकिन मैं आशा कर रहा हूं कि कर लूंगा, वहां से परमेश्वर के वचन के वास्तविक सार को बाहर ला सकूँ, और वहां अनंतता के लिए एक प्राण को तैयार करूं। यह सही है। परमेश्वर को उसके हाथों में लेने दो और इसे एक आज्ञाकारी संतान बनाए।

197 कैसे—कैसे एक मनुष्य, पवित्र आत्मा की अगुवाई में, इस तरह के काम को कैसे कर सकता है? या, एक स्त्री जो पवित्र आत्मा के साथ है, कैसे ऐसी चीजें कर सकती है? नहीं। वो पवित्र है। और यदि उसका जीवन आप में है, तो आप भी वही होते है। आप बिल्कुल उसके जैसे ही होंगे।

198 इस्राएल, जैसा कि हमने सोचा, क्योंकि वे दूसरों के साथ गठबंधन करके फल-फुल रहे थे, परमेश्वर की उस पर स्वीकृति थी। अब, आप जानते हैं, हम आज ऐसा ही सोचते हैं।

199 कुछ दिन पहले, मैंने कुछ लोगों से बात की थी यहां एक होटल में, जो धार्मिक क्षेत्र के बड़े लोग थे। और उन्होंने मुझसे कहा, "परमेश्वर साबित करता है कि वह हमारे साथ है। क्यों, भाई ब्रन्हम, हम पिछले वर्ष काफी बढ़ चुके हैं," मैं भूल गया कि इस तरह से कितने सैकड़ों है।

200 मैंने कहा था, "यह जरा सी भी स्वीकृति नहीं है।" उह-हुंह। यह सही है। वेश्यावृत्ति बढ़ गयी है, पिछले वर्ष वृद्धि हुई है, लगभग तीस प्रतिशत; क्या यह बात दिखाती है कि परमेश्वर वेश्यावृत्ति के साथ था? [सभा कहती

है, “नहीं।”—सम्पा।] हूं–हुंह। उह–हुंह। उह–हुंह। निश्चय ही। ओह! यह तर्क ठीक नही है। नहीं। आप यह नहीं कह सकते। नहीं, श्रीमान। परमेश्वर अपने वचन के साथ खड़ा होता है। कोई भी दूसरा मनुष्य उसके वचन के साथ खड़ा होगा, यदि वह ईमानदार है। तो ठीक है।

201 उन्होंने सोचा, क्योंकि उनका एक गठबंधन था! अब, यहाँ, हम कुछ क्षण के लिए सरकारी मामलों पर आते है। हमारे राष्ट्र ने भी परमेश्वर के वचन को ठुकरा दिया है, ठीक जैसे इस्राएल ने किया। उन्होंने परमेश्वर के वचन को ठुकरा दिया, और उनके लोग, उनके याजक, और भविष्यव्यक्ता, और इत्यादि, उनके लिए अच्छी भविष्यवाणियाँ कर रहे हैं। वे और... हम क्या कर सकते हैं सिवाय गलत भविष्यवाणी करने के, क्योंकि यह वचन के विपरीत है! वो नष्ट हो गया है। “हमारा महान, प्रिय राष्ट्र,... हमारे पूर्वजों के अनुभव पर आधारित है।” तो फिर वापस वही जाए जो उनके पास था। उह–हुंह। सही है। निश्चय ही।

202 इस्राएल एक महान राष्ट्र था। उनके पूर्वजों को देखो, लेकिन परमेश्वर ने उन्हें नहीं छोड़ा। वह बूढ़ा गंजा भविष्यव्यक्ता उन को वचन दे रहा था, और यह बिल्कुल ठीक उसी तरह से हुआ जैसा उसने कहा था। यहां अपना इतिहास पढ़ें और पता करें कि क्या यह सही नहीं है। यह ठीक वैसे ही घटित हुआ, जैसा उसने कहा था। और उसने उन्हें दोषी ठहराया, फिर भी, वे जो वहां पर खड़े थे, और पवित्र याजक पवित्र वस्त्रों को पहने हुए थे, *इसका* छिड़काव कर रहे थे; और *इस* तरह से या *उस* तरह से हाथ भी नहीं हिलाते थे, क्योंकि यह कुछ *इस* तरह से था, एक रीति–रिवाज या कुछ तो था।

203 यीशु ने कहा, “तुम अपने पिता शैतान से हो, और तुम उसके कामों को करोगे।” उन्होंने उसे पकड़ लिया और उसे दोषी ठहराया, और उसे एक पेड़ पर लटका दिया, और उसे मार डाला। बिल्कुल सही। परमेश्वर ने उसे फिर से उठा कर खड़ा किया। जी हां, श्रीमान।

204 नहीं, वे ऐसा नहीं करेंगे। आज हम आमोस पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करेंगे। और आज हमने एक गठबंधन बनाया है। हमें वो मिला है जिसे हम आज कहते हैं... हम सोचते हैं कि यह परमेश्वर की “अनुमति,” है क्योंकि हमारे संगठन बढ़ रहे हैं और—और हर एक चीज उसी तरह से जा रही है जिस तरह से यह है। हम सोचते हैं कि यह इस बात पर परमेश्वर

की "अनुमति" है। आप जानते हैं, मैं सोचता हूं, लगभग बीस या तीस लाख और प्रोटेस्टेंट जुड़ गये है। और कैथोलिक की संख्या तो कई लाख से भी अधिक हो गई हैं। समझे? वे सोचते हैं कि उनका कैथोलिक होना ही यह परमेश्वर की स्वीकृति है। प्रोटेस्टेंट सोचते हैं कि उनका प्रोटेस्टेंट होना ही यह परमेश्वर की स्वीकृति है। ओह! यह बकवास है। यह केवल युद्ध में झोंकने का सामान है। ये परमाणु बम की राख है। ये परमेश्वर का क्रोध है जो विस्फोट के लिए तैयार हो रहा है। ये बिल्कुल सही है।

आप मेरी सुनिए। मैं आपको प्रभु का वचन बताऊंगा। आमीन।

205 हमारी ओर देखे। आज संसार की ओर देखें। हमारे राष्ट्र की ओर देखे। हम संयुक्त राष्ट्र के साथ जुड़ गए हैं। इसमें क्या है? ये अधर्मियों का झुंड हैं। और हममें इतनी हिम्मत आ गई है यहां तक कि हमारे सत्र की सभा शुरू होने से पहले प्रार्थना तक नहीं होने देते।

206 क्या मैंने अभी यहाँ नहीं पढ़ा, "जब तक दो लोग सहमत न हों, वे भला कैसे चल सकते हैं? परमेश्वर कुछ भी नहीं करता है जब तक कि वह इसे अपने सेवकों, भविष्यद्वक्ताओं पर प्रकट न कर दे। वे दो जन कैसे चल सकते हैं, जब तक वे सहमत न हों?"

207 जब, हमने मुसलमान, बुद्ध, नास्तिक, अधर्मी, स्वार्थी, इसमें बाकी सभी को शामिल कर लिया है। आप सोचतें हैं—आप सोचते हैं कि परमेश्वर कुछ इस तरह की चीज में वास कर सकता है?

208 "तो ठीक है," आप कहते हैं, "कि, खैर, हम उनके साथ गठबंधन में हैं। हमें सारे पश्चिमी देशों का पूरा संरक्षण प्राप्त है।"

209 उनके आसपास के सभी राष्ट्र उनकी सुरक्षा कर रहे थे। लेकिन उस भविष्यव्यक्ता ने कहा, "परमेश्वर तुम्हें नष्ट कर देगा। जिस परमेश्वर की तुम सेवा करते हो, वही तुम्हारी मूर्खता के लिए तुम्हें नष्ट कर देगा।" आज सुबह भी वो इसी बात को कहता। वह व्हाइट हाउस से लेकर गरीब किसानों तक ऊँची आवाज़ में चिल्लाता। वह निश्चय ही चिल्लाता। वह उन्हें परमेश्वर के वचन से फटकार देता। वो निश्चय ही करता। यही एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग है।

210 "हमारी ओर देखो, कलीसियाये। ओह, हम महान पवित्र रोमन कैथोलिक कलीसिया है!" बाईबल में बोला गया, कि वो एक **वेश्या** होगी।

211 "हम पूर्वजों के कुलपति है, प्रोटेस्टेंट कलीसियाये, सभी एक साथ एक हो गए है, और कहलाता है... कलीसियाओ का विश्व परिषद कहलाता है।" व्यभिचारियों की **वेश्या**, बाईबल ने कहा। बिल्कुल यही कहा गया है। उह–हुंह। और फिर भी हम सोचते हैं, "और अब सभी कलीसियाये एक साथ हो रही है।"

212 श्रीमान कोलिन्स, मेरे एक मित्र, भाई जो कैलिफोर्निया या वहां एरीजोना से आये थे। आपका कु–... आपका... पीट, [भाई नेविल कहते हैं, "एल्मर।"—सम्पा।] एल्मर। मैंने कहा, "तो, मुझे लगता है कि आप किसी अच्छी छोटी मेथोडिस्ट कलीसिया में जा रहे हैं।"

213 कहा, "मैं तब वहां से बाहर आ गया जब वे वहां कलीसियाओ के परिषद के साथ जुड़ गए।"

214 मैंने कहा, "परमेश्वर आपको आशीष दे। आप राज्य के निकट आ रहे है, भाई।" उह–हुंह। जी हां, श्रीमान।

215 मतसिद्धांत, लोगों के साथ संगति पर निर्भर करता है, और उनके मनुष्य के बनाए हुए सिद्धांत के साथ, और परमेश्वर के वचन को छोड़ देते है। आज हमें एक भविष्यव्यक्ता की आवश्यकता है, जो उस वचन को वहां पर जोर से गरजे। बिल्कुल सही है। जी हां।

216 वे, वे आपस में ही सुरक्षा को लेते हैं। "ओह, हम जुड़ गए है। हम, पेंटीकोस्टल लोग, निश्चय ही, हम कलीसियाओ के विश्व परिषद में जुड़ गए है, क्योंकि वहां हमारी संगति होती है। हम उन्हें वहां जीत लेंगे।" जैसे एक स्त्री शराबखाने में जाती है, कि अपने पति के साथ शराब पीये, ताकि उसे परमेश्वर के लिए जीत सके। आजकल यह कुछ ऐसा है जैसे पति शराबखाने में जाता है, कि शराब पीये, ताकि उसे परमेश्वर के लिए जीत सके। बकवास है! शैतान की भूमि से दूर रहे।

217 जब कोई भी उस वचन का इन्कार करता है, तो मैं इसके विरोध मे हूं। यह मुझे हर संगठन के विरोध मे बना देता है, क्योंकि ये वचन के विरुद्ध है। हर एक विश्वासी को इसी तरह से महसूस कराना चाहिए। हुंह!

"तो ठीक है," वे कहते हैं, "लेकिन, याद रखना, हमारे पास... "

218 मैंने अखबार में एक बड़ा लेख पढ़ा, किसी ने मुझे एरीजोना से भेजा है, कि कैसे यह कुलपति *फलां–और–फलां*, उस दिन, कहा गया, "जॉन

बाईसवा पोप," या जो भी वे उसे कहकर बुलाते हैं, "उसका... वह एक भला व्यक्ति है। वह एकमात्र ऐसा व्यक्ति है जिसने कभी कलीसियाओ को एक करने पर बात की, कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट को, एक साथ।" कहा, "हो सकता है कि ऐसा हमारे दिनों में ना आए, लेकिन, अगले पंद्रह या बीस वर्षों में, यह यहाँ पर होगा।"

219 मैंने सोचा, "लड़के, तुम एक कुलपिता होने पर, तुम भविष्यवाणी कर रहे हो, और तुम्हें इसकी जानकारी नहीं हैं।"

220 "यह हमारे सोचने से भी अधिक देर हो चूकी है।" जिस व्यक्ति ने मुझे यह लिखा, उसने पन्ने के ऊपर लिखा था, "यह हमारे सोचने से भी अधिक देर हो चूकी है।" वह टेपों को भी सुन रहा था। जी हां, श्रीमान। उसने कहा, "यह हमारे सोचने से भी अधिक देर हो चूकी है।" कहा, "भाई ब्रन्हम, क्या आपने इसे वर्षों पहले नहीं कहा था?"

221 मैंने कहा, "निश्चय ही।" जी हां, श्रीमान। यह घटित हो रहा है, क्योंकि यह प्रभु का वचन है। इसे होना ही है। निश्चय ही। जी हां।

222 वे कहते हैं, "तो ठीक है, यह पवित्र कुलपति, क्या आपको नहीं लगता कि उसे इससे अधिक कुछ और पता होना चाहिए?" नहीं, श्रीमान। यदि वह परमेश्वर के वचन का इन्कार करता है, उसे इस तरह देखता है, तो उसे पता नहीं हो सकता।

223 मैं परवाह नहीं करता कि कितने पोप, भविष्यव्यक्ता, और आपके बीच में और क्या–क्या है। यदि आप वचन से बाहर हैं, तो आप वचन से बाहर हैं। यह सही है। जब वे परमेश्वर के उसी वचन का अस्वीकार करते है, तो परमेश्वर भला कैसे कभी ऐसी चीज को आशीष दे सकता है? वह अपने वचन के अलावा किसी भी चीज को कैसे आशीषित कर सकता है, कुछ तो जो उसके वचन के विपरीत है? वह कैसे इसे इन्कार कर सकता है?

224 आप उस कैंसर को कैसे आशीष दे सकते हैं जो आपको खा रहा है? आप कैसे एक—एक—एक बिजली के तार को आशीष दे सकते हैं, जिसे आप पकड़े हुए हैं, आप कहते हैं, "ओह, मुझे पकड़ लो और मुझे जला दो"? यह तो पागलपन होगा।

225 परमेश्वर अपने वचन के विरुद्ध किसी भी चीज को आशीषित कैसे कर सकता है? इसलिए वचन पर वापस आ जाये! उह–हुंह।

226 आप प्रचारकों के झुंड, शिकारी कुत्तों के जैसे, आपके साथ मामला है? आप यहां बाहर जाते हैं और अपने जन्मसिद्ध अधिकार को कुछ मांसाहारी भोजन को खाने के लिए बेच देते हैं, किसी कैडिलैक कार या किसी चीज में घूमने के लिए, या कहीं कोई बड़ी, ऊंची हवेली, और लाखों डॉलर की एक बड़ी कलीसिया के लिए। और इस तरह की सारी चीजों के लिए, और अपने जन्मसिद्ध अधिकारों को बेच देते हो, और अपने सभा के लोगों को परमेश्वर का वचन प्रचार करने में लज्ञाते हो और डरते हो। बोलो, क्या आपको अपने आप से लज्ञा नहीं आती? और अपने आप को एक सेवक, परमेश्वर का एक भविष्यव्यक्ता कहते हो, संसार की गंदगी के लिए अपने जन्मसिद्ध अधिकार को बेच रहे हो। तुममें से क्या उत्पन्न होगा? वही जो एसाव ने किया। ओह, क्या ही शर्म की बात है!

227 ओह, नहीं! एक पवित्र परमेश्वर जो अपने वचन के ऊपर नजर रखता है, ताकि इसे प्रमाणित करे, ऐसी किसी चीज को आशीषित नहीं कर सकता है जो उसके वचन के विरुद्ध हो। अब सुनिए। मैं जानता हूं कि मुझे थोड़ी देर हो गयी है, और हो सकता है कि मैं आपका घुटन दे रहा हूं। लेकिन, देखिए, मैं आपसे कुछ तो पूछना चाहता हूं। कैसे एक पवित्र परमेश्वर, जिसने अपने वचन को बोला और कहा, “अब, आकाश और धरती टल जाएंगे, लेकिन यह नही टलेगा, इसका एक वचन भी न टलेगा,” अब वो भला किसी ऐसी चीज़ को कैसे आशीषित कर सकता हैं जो उसके विपरीत है? वह ऐसा कैसे कर सकता हैं? देखो। वह स्वयं को साबित करता है। वह अपने वचन को प्रमाणित करता है। वह वही कहता है जो सही है, सदस्यता के आधार पर नहीं।

228 मोआब की ओर देखो। मोआब के पास भी उसका वचन था, मोआब। इस्राएल के पास उसका वचन था; और मोआब ने उसके वचन के साथ, भक्ति का एक भेष धरा था। उन्होंने सात बलिदानों को चढ़ाया, शुद्ध बैल, सात वेदियों पर; सिद्ध संख्या, जो सिद्ध बलिदान था। फिर, इसके अलावा, उसने सात मेढ़े लिए, यह बता रहे थे कि वे आने वाले परमेश्वर के पुत्र में विश्वास करते हैं, और उन्हें वहां चढ़ाया था, उनके उच्च आर्कबिशप के साथ। उनके सारे गणमान्य लोग, उनके सभी याजक और महायाजक, बाकी के हर एक जन, अपने राजाओं और राष्ट्रपतियों और जो भी है, उनके साथ चारों ओर खड़े थे, और उन्होंने इसे उनता ही धार्मिक रूप से चढ़ाया जितना वे कर सकते थे, इस्राएल के प्रतिकूल किया।

229 और वहां पर नीचे इस्राएल था, ऐसा दिखाई दिया, एक छोटा सा विद्रोही लोगों का झुण्ड जैसा है। लेकिन इस्राएल के साथ कौन था? उनके अभियान में परमेश्वर था। वह अपने आप को साबित कर रहा था, कि वह उनके साथ है। समझे?

230 कोई फर्क नही पड़ता उनके पास कितने भी कुलपति हो, पोप हो, या जो कुछ भी और हो, परमेश्वर उनके साथ नहीं हो सकता, जब तक वह अपने आप को उनके साथ साबित नही करता है। और जब वे उसके वचन से बाहर है, और उसके वचन का इन्कार करते है, वह उनके साथ कैसे हो सकता है? उनके बीच जीवित परमेश्वर का कोई चिन्ह नहीं हैं।

231 परमेश्वर संयुक्त राष्ट्र में कैसे हो सकता है, जब कि दो लोग बिना सहमति के साथ नहीं चल सकते?

232 अब, जरा यहाँ देखिए। यहां एक चर्च ऑफ क्राइस्ट है, नाम के कहलाने वाले, पेंटीकोस्टल के साथ जुड़े हुए है। पेंटीकोस्ट कहता है कि वे अन्यभाषा में बोलने में विश्वास करते हैं। वे पवित्र आत्मा के प्रमाण में विश्वास करते हैं, जो अन्य जुबानों में बोलना है। वे कहते हैं कि वे *इस* में और *उस* में और *इत्यादि* में विश्वास करते हैं। वे चिन्हों और चमत्कारों में विश्वास करते हैं। चर्च ऑफ क्राइस्ट उन पर हंसते है, कहते है, “तुम अज्ञानियों के झुण्ड हो! यह बीते दिनों में होता था।” जब तक दो लोग एक सहमति में न हों, वे साथ–साथ कैसे चल सकते हैं? और वे एक साथ जुड़ गए हैं। वे क्या कर रहे हैं? वे एक दूसरे से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। ऐसी चीजों से दूर रहे!

233 मेरी सुरक्षा मसीह में है और उसके वचन में है, क्योंकि उसका वचन स्वयं वही है। यह सही है।

वहां जीवित परमेश्वर के कोई चिन्ह नहीं है, बिल्कुल भी नहीं।

234 यही है जो यीशु ने कहा, “यदि मैं वचन को प्रकट ना करूं, तो इसे विश्वास मत करो। यदि परमेश्वर नहीं बोलता है और मेरे जरिये से भविष्यवाणी नहीं करता है, और ना मेरे जरिये से बोलता है और ना मेरे जरिये से करता है, जो मसीहा को करना चाहिए, तो फिर तुम मेरा विश्वास मत करो।”

235 फिर, एक व्यक्ति कहता है कि वह परमेश्वर का भेजा गया भविष्यव्यक्ता है, और वचन का इन्कार करता है? परमेश्वर ऐसी चीजों के लिए दया करे! परमेश्वर भला ऐसे कैसे कर सकता है?

236 मुझे पूछने दो, अब यह पूछता हूं। मैं—मैं नहीं जानता कि मैं आपसे फिर से कब बात करूंगा। यह तो परमेश्वर पर निर्भर करता है। मैं बस भोजन को जमा कर रहा हूं, जैसे कि उसने मुझे उस समय उस दर्शन में बताया था, इसे भण्डारों में रख रहा हूँ।

237 आप मुझसे पूछ सकते हैं, "आमोस कैसे पहले से ही देख सकता था कि उनके साथ क्या होने जा रहा है?" क्यों, यह अच्छा लग रहा था।

238 देखो। अब यहां पर देखो। अब, अब ध्यान से सुनना। क्योंकि, ये सब टेप पर है, और यह जाता है, यह सारे संसार भर में जाएगा। समझे? अब कैसे... यहाँ देखो।

239 वहां इस्राएल था। उनके धर्म विद्यालय पहले से कहीं बेहतर हालत में थे। उन्हें परेशान करने वाला कोई नहीं है। उनके पास उनके खुद के धर्म थे। वहां कोई भी नहीं कहता, "तुम यहोवा की आराधना नहीं कर सकते हो।" "आगे बढ़ो," मूर्तिपूजक राष्ट्रों ने कहा, "आराधना करो। हमने एक दूसरे से, एक समझौता किया है।"

240 उस भविष्यव्यक्ता ने इस सब में होकर देख लिया था। समझे? वैसे ही आज एक भविष्यव्यक्ता इसमें से होकर देखेगा। समझे?

241 "आगे बढ़ो।" और इस्राएल ने कहा, "तो ठीक है, आओ हम खाये, पीये और आनंद करे।" इसलिए वे एक साथ एक झुंड हो गये और उनमें से कुछ मत–सिद्धांत बना दिए, और संगठन, संप्रदाय, और इत्यादि, और सबका अपना–अपना ढाँचा तैयार कर लिया। और उनकी स्त्रियां वहां बस सुख साधन में जीती और पाप में जीवन बिताती। लड़के, वे नाच–गाने और मनोरंजन के स्थानों में जाते, वे कम कपड़े पहनती थीं और आकर्षक छोटे वस्त्र पहनती थीं। यदि आपने कभी उनके—उनके उन दिनों के किसी इतिहास में देखा है, कि वे कैसे दिखते थे, ओह, लगभग एक–तिहाई उतने ही बुरे जितना कि आज के लोग हैं। हालांकि, पूरी तरह से नहीं, वे ऐसा नहीं कर सकते थे। जी हां। और किस तरह से उन्होंने किया और इसी तरह से करना जारी रखा; और वे राजा, और वे याजक, और बाकी के सभी लोग।

242 यीशु ने कहा, "हे कपटियों तुम विधवाओं के घरों को निगल लेते हो।" उसने यह कहा। और ये सारी चीजें जो वे कर रहे थे।

243 वह भविष्यव्यक्ता वहां खड़ा था, उस पर नीचे की ओर देख रहा है, इस प्रकार का वह राष्ट्र, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उसका ह्रदय टूट गया था। जी हां, श्रीमान।

244 अब, आप कहते हैं, "वो कैसे जानता था कि क्या होने जा रहा है? वह इसे पहले ही कैसे देख सकता था? कैसे? " यह सब अच्छा लग रहा था। क्यों, उनके पास खाने को भरपूर था। उनके पास पहनने को भी बहुत कुछ था। वे, उनके पास उनकी बड़ी–बड़ी कलीसियाये थी। वे फल–फूल रहे हैं। हर जगह पैसा लगा था, सुख साधन। सड़क पर नाच–गाना, अनैतिकता, और बाकी की हर एक चीज बस चल रही थी, और सब कुछ अच्छा चल रहा है। बिल्कुल वैसे ही जैसे आज अमेरिका है। टेलीविजन गंदे चुटकुलों से भरा हुआ है, अधनंगी औरतें, बाकी की हर एक चीज। हर एक चीज जो आप देखते हैं वह बस कीचड़ और पाप है। आपको टेलीविजन देखने की आवश्यकता नहीं है, बस अपनी आंखें खोले, कहीं भी देखे। लड़कियां, लड़के, पुरुष, स्त्रियाँ: धूम्रपान कर रहे है, शराब पी रहे है। वे इजेबेल खुद को मसीही कहती हैं। ये गंदे शैतान खुद को मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, कैथोलिक और पेंटीकोस्टल कहते हैं। उह–हुंह। उह–हुंह।

कोई आश्चर्य नहीं कि जब उसने देखा तो उसकी आँखें सिकुड़ गईं। हुंह! यह सही है।

245 "यह सब कुछ अच्छा दिखता है। तुम इसे कैसे बचा सकते हो? यदि हम ऐसा करेंगे तो... कैसे? कैसे? यहाँ देखो। तो ठीक है, हमारे—हमारे पास और अधिक दस लाख लोग है। हमारे—हमारे पास... हम... हमारी इमारतें, ओह, हमारी कलीसियाये बहुत बड़ी हैं, हमें नई कलीसियाये बनाना होगा। तो, हमारे पास बहुत सारा पैसा है, हम नहीं जानते कि इसका क्या करें। क्यों, हम बस राष्ट्र में—में सबसे अच्छे स्थानों का निर्माण करते हैं। वहां सबसे बड़ी कलीसियाये, हम उनके मालिक है। और हमारे पास अब भी बहुत सारा पैसा है। क्या आपको नहीं लगता कि परमेश्वर ने हमें आशीष दी है? " नहीं। आप उसके वचन से बाहर है।

246 "और, भाई ब्रन्हम, आपका मतलब है कि परमेश्वर इसे नष्ट करने जा रहा है? " जी हां, उनमें से हर एक को।

"आप कैसे जानते हैं? " आमोस, तुम्हें कैसे पता चला?

247 जैसे एक डॉक्टर किसी बीमारी का निदान करता है। जब वह उस बीमारी को देखता है जो रोगी पर है, वह जानता है कि क्या करना है। वह जानता है कि उस मरीज को क्या हुआ है। वह जानता है कि यह तकलीफ कितनी आगे बढ़ गई है। और वह जानता है कि क्या होने वाला है। एक भविष्यव्यक्ता, एक सच्चे भविष्यव्यक्ता के साथ ऐसा ही होता है, जब वह देखता है। मैं परवाह नहीं करता कि आप क्या कर रहे है। जब वह पाप को आगे बढ़ते हुए देखता है, तो ये खाता हुआ कैंसर है। और यह पेंटीकोस्टल और बाकी के सारे लोगों में इस तरह से आगे बढ़ चुका है, यह वापस नहीं आ सकता। यह बहुत विकसित हो चूका है। वे नष्ट होने जा रहे हैं।

248 इसी तरह से आमोस बीमारी का निदान कर सका। उसने परमेश्वर के वचन के द्वारा इसका निदान किया। इस तरह एक भवि–... एक सच्चा भविष्यव्यक्ता मामले का निदान करता है, और उन महिलाओं से कहता है, "जब तुम अच्छी तरह से जानती हो तो तुम कभी भी कटे हुए बालों के साथ न्याय में जाने की कोशिश मत करना।" आप पुरुषो से कहता हूं, आप में से बाकी लोग, और तुम प्रचारक वचन का इन्कार करते हो, और भक्ति का भेष धरते हो, और इस मुद्दे से बचने के लिए, संगठनाओं से जुड़ रहे हो, जब कि आप अच्छी तरह से जानते हों। आप उसी वचन की ओर देखते है जिसे सच्चे भविष्यव्यक्ता देखते हैं। बीमारी के निदान ने कहा, "मृत्यु! अलगाव!" बिल्कुल एक डॉक्टर की तरह, वह बीमारी को जानता है। वह जानता है कि इसके किस प्रकार के लक्षण है।

249 इस राष्ट्र की ओर देखो। जब आप कहते हैं, "पेंटीकोस्टल समाप्त हो चूका है।" जब, वे आपको कलीसिया में भी नहीं आने देंगे, क्योंकि आप महिलाओं के कटे हुए बालों के बारे में प्रचार करते हैं, और बाईबल इसे दोषी ठहराती है। डरते है कि आप इस विषय में कुछ तो कहेंगे...

250 यहां एक दिन, जब मैं कुछ अभियानों की योजना बना रहा था, रॉय बॉर्डर्स पश्चिमी तट पर थे, वे उसे एक साथ लेकर आये, सेवकों का एक झुण्ड, लगभग, ओह, मुझे लगता है कि उनमें से चालीस या पचास थे, जहां मेरी एक बड़ी सभा हुई थी। उन्होंने कहा, "श्रीमान बॉर्डर्स, मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं।" कहा, "क्या यह सच है कि भाई ब्रन्हम बपतिस्मा देने के लिए प्रभु यीशु मसीह के नाम का उपयोग करते है? "

251 श्रीमान बॉर्डर्स, एक बहुत ही सम्मानित सज्जन व्यक्ति है, जैसा कि आप

जो यहां से है भाई बॉर्डर्स को जानते हैं। उसने कहा, “श्रीमानो,” उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, जब वह अभियान में बाहर होते है, तो,” कहा, “वह प्रचार नहीं करते। वो बस आगे बढ़कर और आपके बीमारों के लिए प्रार्थना करते है। बस यही है जो वे करते है।”

252 कहा, “यह वो नहीं है जो मैंने आपसे पूछा था,” कलीसिया के प्राचीन ने कहा। “क्या वो?” अब, उनके पास टेप थे। वे जानते हैं। कहा, “क्या वो यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा देते है?”

253 उसने कहा, “हां, उनकी अपनी कलीसिया में। यही एकमात्र वो स्थान है जहां वो बपतिस्मा देते है, उनकी अपनी कलीसिया में।”

254 उसने कहा, “बस इतना ही। मैं बस इतना ही जानना चाहता हूं। हम उसे नहीं चाहते। हम अपने लोगों के बीच ऐसे विधर्मी को नहीं चाहते।”

255 और एक दिन, जब मेरे अच्छे मित्र एड डॉल्टन को बैपटिस्ट कलीसिया से एक पत्र मिला। उसने कहा, “हम आपको बैपटिस्ट संगति से बहिष्कृत करते हैं, क्योंकि आप यीशु के नाम में बपतिस्मा लेने के विधर्म में जुड़े हुए हैं।”

256 मैं पौलुस के साथ खड़ा होना चाहूंगा, “जिसे संसार विधर्मी कहता है, इसी तरह से मैं परमेश्वर की आराधना करता हूं, क्योंकि यह उसका वचन है।” जी हां, श्रीमान। जी हां। ओह, निश्चय ही।

257 डॉक्टर बीमारी का निदान करता है। वह देखता है कि यह कहां पर है। एक सच्चा भविष्यव्यक्ता वचन के द्वारा बीमारी का निदान करता है। वो क्या करता है? एक डॉक्टर लक्षणों के द्वारा ही बीमारी का निदान करता है। क्या ये सही है? वह लक्षणों को देखता है और वह देखता है कि मरीज को क्या समस्या है। वह देखता है कि यह बीमारी कितनी विकसित हो चुकी है, और कहता है, “कुछ भी नहीं किया जा सकता है।”

258 और एक सच्चा भविष्यव्यक्ता परमेश्वर के वचन को लेता है और बीमारी का निदान करता है, उसमें दवा को डालता है। और लोग इसे वापस उसके मुंह पर फेंक देते है। क्या होने जा रहा है? नाश, ऐसा ही है; सुख विलास से प्रेम करने वाले, संसार की चमक–दमक से ग्रस्त कहलाने वाले ढोंगी! लेकिन यही एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग होता है। समझे? ओह, प्रभु!

259 वह बीमारियों को देखता है। उसने देखा कि वे वचन से दूर हो गए हैं। उसने वचन को देखा। और वह उन परिणामों को जानता था जो आने वाले

थे। उसने उस सुखसाधन को देखा जिसमें वे जी रहे थे, देखा कि वे स्त्रियां किस तरह से व्यवहार कर रही है। उसने देखा कि वे याजक किस तरह से कर रहे है, कैसे वे परमेश्वर की सच्ची आराधना से दूर हो गए थे, और इस तरह की चीजें। वहां, उसके पास—उसके पास उत्तर था। उसने कहा, "जिस परमेश्वर की तुम सेवा करने का दावा करते हो, वह तुम्हें नष्ट कर देगा।"

"क्यों? "

260 "तुमने मेरी आज्ञाओं का पालन नहीं किया है।" और फिर भी उन्होंने सोचा कि उसने ऐसा किया है। क्या मैंने अभी इसी बात को नहीं पढ़ा? 2दूसरा पद, 4था... 2रा अध्याय, 4वा पद, "क्योंकि मैंने तुम्हें चुना है कि... धरती के सभी परिवारों में से, मैंने तुम्हें चुना है, और फिर भी तुम मेरी आज्ञाओं पर चलने से इन्कार करते हो।" आप सोचते हैं...

261 वह छोटा, गंजे सिर वाला भविष्यव्यक्ता उस सफेद दाढ़ी के साथ वहां खड़ा था; उसकी आंखों में तेज चमक थी, जैसे आग की लपटें निकल रही हों; उन याजको के झुण्ड और इत्यादि से बात कर रहा था, और कहा, "तुम पाखंडी लोग जिस परमेश्वर की सेवा करने का ढोंग कर रहे हो, वही परमेश्वर तुम्हें नष्ट कर देगा।" आप सोचते हैं कि उसे सहयोग मिलेगा? हुंह! उसने कहा... ओह, प्रभु! वह, आज कोशिश करे और देखे कि क्या उसे मिलेगा। नहीं। लेकिन वह क्या करेगा? यही एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का यही मार्ग है। उसके पास वचन था। वह जानता था कि यह क्या है।

पुराने समय के मीकायाह की तरह...

262 वो छोटा बालक जिसे मैंने समर्पित किया, तब मैंने इसमें का कुछ हिस्सा कुछ मिनट पहले छोड़ दिया, क्योंकि मैं समय बचाने के लिए जल्दी कर रहा था।

263 लेकिन, मिकायाह, जब वह आहाब के सामने खड़ा हुआ, उसने उनकी तरफ देखा। वह वचन को जानता था। मिकायाह ने उनसे वचन कहा। क्यों? मिकायाह ने अपने दर्शन को जांचा, उसकी शिक्षा को, परमेश्वर के वचन के साथ जांचा। और उसने देखा कि उसकी शिक्षा और वचन एक ही थे। क्योंकि, वचन ने कहा कि वह आहाब को शाप देगा, और वह कुत्तों से उसका लहू चाटने का कारण बनेगा। वचन ने यही कहा था।

264 इसलिए, मिकायाह के पास एक दर्शन था। यही है, वह एक भविष्यव्यक्ता था। “देखो, मेरे पास कौन सा वचन आता है।” और उसने प्रार्थना की, “हे प्रभु परमेश्वर, मुझे क्या करना चाहिए? मैं यहां खड़े हुए इन प्रचारकों के झुण्ड से क्या कहूं? यहां ये सारे संगठन है। देश में हर एक जन मेरे विरुद्ध इकट्ठे हुए है, प्रभु। यहां मैं राजा के सामने खड़ा हूं। मुझे क्या कहना चाहिए? ”

265 और वह एक दर्शन में चला गया। कहा, “ऊपर जाओ। आगे बढ़ो।” कहा, “लेकिन मैंने इस्राएल को बिना चरवाहे की उन भेड़ों के समान तितर–बितर देखा है।” जी हां।

266 उस—उस जिले का पुरोहित वहां चलकर गया और उसके मुंह पर जोर से मारा, और कहा, “परमेश्वर का वचन, परमेश्वर का आत्मा जब यह मुझ में से निकल गया तो वो कहाँ गया? ” उसमें से निकला?

267 आप जानते हैं परमेश्वर ने क्या कहा? उसने एक शैतान को उनके बीच नीचे आने दिया, क्योंकि वे आरंभ से ही वचन से बाहर थे।

268 बाईबल ने कहा, “यदि वे वचन का विश्वास न करे, वह उन्हें बड़े भ्रम में डाल देता है, ताकि एक झूठ पर विश्वास करे, और इसके द्वारा शापित हो।” ठीक यही है जो ये संगठन और इस राष्ट्र के लोग आज कर रहे हैं, एक झूठ पर विश्वास कर रहे हैं, कि इसके द्वारा शापित हो। “क्योंकि आकाश के नीचे कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया है जिसके द्वारा तुम बचाए जा सको।” पंक्तिबद्ध हो जाओ, संगठनात्मक, इत्यादि लोगों। जी हां।

269 अब, इन दूसरों ने क्या किया... ? ... इन दूसरे भविष्यवक्ताओं ने क्या देखा? वे भविष्यवक्ता थे। जी हां, श्रीमान। वे भविष्यवक्ता थे। लेकिन यदि वे रुक कर और वचन के साथ अपनी भविष्यवाणी की जांच करते!

270 यदि मेथोडिस्ट लोग आज रुककर और अपनी भविष्यवाणी की जांच करें, तो वे कभी भी दूसरे व्यक्ति पर छिड़काव नहीं करेंगे। वे पवित्र आत्मा को पायेंगे। वे हर एक को यीशु मसीह के नाम में डुबाकर बपतिस्मा देंगे। यदि असेंबली ऑफ गॉड आज रुककर और उनकी भविष्यवाणी को देखे, तो वे वचन पर वापस आ जायेंगे। यदि आज वननेस रुककर, और उनकी भविष्यवाणी की जांच करे, तो वे वचन पर वापस आ जायेंगे।

271 लेकिन, आप देखते हैं, यदि वे भविष्यव्यक्ता रुक जाते और उनकी भविष्यवाणी की जांच की होती! उन्होंने तर्क किया। उन्होंने कहा, “यह तो

हमारा है। इसलिए हम रामोत–गिलाद पर चढ़ाई करेंगे और उसे ले लेंगे, क्योंकि वह तो हमारा है। यहोशू ने हमें उसे दिया था।"

लेकिन मिकायाह ने कहा, "यह सुनने में तो ठीक लगता है।"

272 लेकिन बात यही है। आप तर्क नहीं करना चाहते। आप वही विश्वास करना चाहते हैं जो परमेश्वर ने कहा है। कुछ भी तर्क मत करो।

273 क्या होता यदि अब्राहम तर्क करता? वह कैसे कभी अपने देश को छोड़ता? कैसे वह सौ वर्ष का होकर, अब भी परमेश्वर को स्तुति दे रहा होता, और कैसे उन्हें साराह के जरिये बालक को होता, और उसके नब्बे की आयु में?

तर्क–वितर्क को दूर करें। आप केवल विश्वास करें।

274 आप शैतान को यह बोलने देते है, "तुम जानते हो, भाई ब्रन्हम कुछ नहीं केवल एक ढोंगी है।"

275 "अब, मैं अब रुककर, मुझे देखने दो कि क्या वो ढोंगी है। आओ हम देखें कि क्या वह सही शिक्षा दे रहा है या नहीं। मुझे बाईबल पर वापस जाकर देखने दो।" नही, ना जाये... वह आपको ऐसा नहीं करने देगा। नहीं, नहीं। समझे?

276 लेकिन वह मेरे बारे में कुछ बुरा कहेगा, और शायद उसे ऐसा कहने का अधिकार भी हो, फिर आप उसी बात को पकड़ लेते हैं, रुककर और सोच–विचार करना आरंभ करते है, "हाँ। उसे *ऐसा* नहीं करना चाहिए था। उसे *वैसा* नहीं करना चाहिए था।" आप मेरी ओर देखना आरंभ करते है, तो, आपको बहुत–सी कमियाँ मिलेगी।

277 और आप प्रभु यीशु की ओर देख सकते थे। आप वहां भी बहुत कमियाँ निकाल सकते थे। उसकी ओर देखे, बस एक मिनट। मैं आप में से हर एक को सेवक की भूमिका में रख रहा हूं। अब हम भूल जाएंगे कि वो कभी धरती पर था। यहाँ पर एक लड़का है जिसने साबित किया है, सारे राष्ट्र भर में, कि वह एक—एक नाजायज बालक जन्मा है। उसकी मां ने उसे जन्म दिया था इससे पहले उसकी माँ और उसके पिता का कभी विवाह होता। इससे साबित हो गया है। (अब, वे वचन की ओर नहीं देख रहे है, "एक कुंवारी गर्भवती होगी।") वे बस वही कहेंगे जो वे सुनते हैं, देखो,

"एक अवैध बालक।" क्या उन्होंने उसे नहीं बताया कि वह पाप में जन्मा था, और उन्हें यह सिखाने की कोशिश करता है? मैं... समझे?

278 और देखो वह क्या कर रहा था। वह असल में उस देश की हर कलीसिया को तोड़-फाड़ कर रहा था। क्या यह सही है? संगठनायें, बाकी की हर एक चीज।

279 वो क्या था? "बस कोई बड़ी उम्र का लड़का जो इस तरह से इधर-उधर घूम रहा है, नौजवान, कोई संप्रदाय नहीं। मुझे बताओ कि तुम किस कलीसिया से संबंध रखते हो। तुम्हारे पिता कौन है? तुम कहते हो कि यूसुफ तुम्हारा पिता नहीं है?"

"यूसुफ मेरा पिता नहीं है," वह कहता है।

"अच्छा, तुम्हारा पिता कौन है?"

"परमेश्वर मेरा पिता है।"

280 "तो ठीक है, तुम कट्टरपंथी हो! बिल्कुल यही है जो तुम हों। तुम, एक मनुष्य होते हुए, और कह रहे हो कि परमेश्वर तुम्हारा पिता है?"

281 काश उन्होंने इसे वचन से जांचा होता! हाल्लेलुय्या। आप नहीं देखते क्या है? वचन को देहधारी होना था। उन्होंने उनके दर्शन की जांच वचन के साथ नहीं की। ऐसा ही है।

282 यही मामला आज भी है। आप अपने दर्शनों की जांच नही करते... आपकी—आपकी भविष्यवाणी और आपकी शिक्षा की परमेश्वर के वचन के साथ जांच नही करते। कोई तो आपको सच्चाई बताने की कोशिश करता है, तब आप उनसे संबंध बिगाड़ लेते हैं, जैसा कि आमोस के समय लोगों ने किया, आप भी वही काम करते हैं।

283 अब यहां देखें। वो इसी स्थिति में है। अब, आप उसे दोषी ठहराते, हो सकता है, यह सही है, यदि आप वचन पर वापस जाकर नहीं देखते है। वे आज भी वही करते हैं। वे आज उसे दोषी ठहराते हैं।

284 क्या हो यदि आप महिलाये, *यहाँ* और *यहाँ* पर, जी हाँ, क्यों नहीं आप वचन के साथ अपने कटे हुए बालों के विचार की जांच करती हैं, और देखती हैं कि ये क्या कहता है? समझे? आप उन चीजों को क्यों नहीं करती?

285 आप अपने बपतिस्मे की जांच क्यों नहीं करते, "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा," जो झूठी "त्रिएकता," कहलाती है, जो कि संसार में कुछ भी नहीं, सिवाये एक परमेश्वर के तीन कार्य स्थान के, जो शीर्षक है? "पिता" कोई *नाम* नहीं। "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," *नाम* जैसी कोई चीज नहीं होती।

286 पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा का नाम, जो कि "प्रभु यीशु मसीह" है। अपने बपतिस्मा की जाँच उस तरीके से करें, जिस तरह बाईबल में हर किसी का बपतिस्मा हुआ है। यदि आप अपने विचार को वचन के साथ जांचते है, तो आप—आप वापस आकर और आप "प्रभु यीशु मसीह" के नाम में बपतिस्मा लेंगे।

287 पौलुस ने उन्हें यही करने के लिए कहा था। और कहा, "यदि कोई और कुछ अलग सिखाता है, तो उसे—तो उसे शापित होने दो, यहाँ तक यदि कोई एक दूत भी नीचे आये।"

288 आप जानते हैं, बहुत सी बार, वे दूत नीचे आये हैं। लड़के, किस तरह से पेंटीकोस्ट इसे जोश के साथ स्वीकार करते है!

289 जब संत मार्टिन वहां खड़ा था, और यहां एक बड़ा तेज प्रकाशमान जीव आकर उसके सामने खड़ा हुआ था, उसके विषय में क्या?

290 एक व्यक्ति जिसने यीशु के नाम में बपतिस्मा लिया, जिसने पवित्र आत्मा में विश्वास किया, और वचन का पालन किया! और रोमनों ने उसे धक्के मारकर बाहर निकाल दिया, और उसके साथ सब कुछ किया, वे उसे उनके सिद्धांत और मनुष्य की बनाई हुई शिक्षा देने का यत्न कर रहे थे। वह व्यक्ति वचन पर खड़ा था।

291 एक दिन, उसकी शक्ति में, शैतान उसके पास आये और उससे बात करने की कोशिश की। उसने उन पर कोई ध्यान नहीं दिया।

292 एक दिन, शैतान इस तरह से आया, जैसे मसीह, मुकुट पहने हुए, सोने की चप्पल पहने हुए था, वहां खड़ा हुआ और कहा, "क्या तुम… " उसके चारों ओर आग की लपटें उठ रही थी। कहा, "मार्टिन, क्या तुम मुझे नहीं पहचानते? मैं तुम्हारा प्रभु हूं। मेरी आराधना करो।"

मार्टिन ने उसकी ओर देखा। "वहां कुछ तो गड़बड़ है।"

293 उसने कहा, “मार्टिन, क्या तुम मुझे नहीं पहचान सकते? ” कहा, “मैं तुम्हारा प्रभु और उद्धारकर्ता हूं।” कहा, “मेरी आराधना करो।” उसने ऐसा तीन बार कहा।

294 और मार्टिन ने यहाँ–वहां देखा। उसने देखा, मसीह को उसके लोगों के द्वारा आगमन पर ताज पहनाया जाएगा। वह सोने की चप्पल नहीं पहनेगा। उसने कहा, “शैतान, तू मुझ से दूर हो जा।”

लड़के, क्या पेंटीकोस्टल लोग पूरे जोश से इसे नहीं स्वीकार करते? “लड़के, एक प्रकाशमान चमकता हुआ दूत!”

295 वह महिला शिकागो आई, जहां मैं जा रहा हूं, उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, वहां पर उपस्थित सेवकों ने कहा कि यदि प्रभु के दूत ने आपको यीशु के नाम में बपतिस्मा देने के लिए कहा है, तो वे इसे स्वीकार कर लेंगे। लेकिन क्या यह आपका अपना विचार है? ”

296 मैंने कहा, “यदि प्रभु के दूत ने इसके विपरीत कुछ भी कहा, तो वह प्रभु का दूत नहीं होगा।” समझे?

297 यदि कोई दूत कुछ भी कहता है जो *इस* वचन के विपरीत है, तो ये एक झूठ ठहरे। और यदि कोई व्यक्ति आपसे कहे, कि वह परमेश्वर की ओर से एक संदेशवाहक है, कहता है कि वह परमेश्वर की ओर से है, और आपसे कहता है, “यह सही है कि ‘पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा’ के नाम का बपतिस्मा लिया जाए, ” तो वो एक झूठा ठहरे।

298 यदि कोई व्यक्ति आपको बताता है, “यह आपके लिए ठीक है, छोटे बाल काटे, और इस तरह की चीजें; कि आपको कलीसिया में एक टोपी पहननी चाहिए, आवरण के लिए, ‘सिर को ढांकने के लिए,’” वो एक झूठा ठहरे।

299 परमेश्वर का वचन, ये सत्य है। इनमें से कोई भी चीज जो वचन के विरुद्ध है, ये एक झूठ ठहरे। यह वचन है, ये सत्य है। यह बना रहेगा।

300 यही कारण है कि मिकायाह जान सका कि उसकी भविष्यवाणी परमेश्वर की ओर से थी, क्योंकि यह परमेश्वर के वचन के अनुसार थी। जी हां, श्रीमान। उसका दर्शन परमेश्वर के ठीक वचन के साथ मेल खाता था।

301 ओह, यदि आमोस यहां पर होता, तो वह वचन के साथ बना रहता। यह सही है। लेकिन, आप देखे, आज हमारे साथ क्या परेशानी है, ये ऐसा ही उनके साथ है। मैं बंद करने जा रहा हूं। हमारे साथ परेशानी यह है कि जैसे यह उनके साथ थी। उन्हें बुनियाद से बाहर सिखाया गया था। यीशु ने कहा, "तूम ने परमेश्वर के वचन को अपने रीति रिवाजों के द्वारा निष्फल बना दिया है।" और वो झूठा बपतिस्मा! पवित्र आत्मा पाने का वो झूठा चिन्ह! उनमें से कुछ ने कहा, "हाथ को मिलाना।" उनमें से कुछ ने कहा, "अन्य जुबान में बोलना।" मैंने शैतानों को अन्य जुबान में बोलते हुए सुना है, और हाथ मिलाते हुए भी देखा है। जी हां, श्रीमान। इसका कोई चिन्ह नहीं। अब, ये सारी चीजें इस तरह से, वे सारी चीजें, देखो, आप उन रीति–रिवाजों को सिखाने के लिए परमेश्वर के वचन से बाहर हो जाते हैं। यह सही है।

अब, वो ऐसा ही करता, वो आपको अवश्य ही वचन की ओर वापस ले जाता।

302 लेकिन हमारे पास, आज हमारे शिक्षक, उन्होंने लोगों को परमेश्वर के वचन की बुनियाद के बाहर शिक्षा दी है। अब ध्यान से सुने।

303 यही है जो उन्होंने वहां किया था। यही है जो आमोस उन्हें बता रहा था। "जिस परमेश्वर को तुम जानने का दावा करते हो, वही वो एक है जो तुम्हें नष्ट करने जा रहा है।"

304 अब, हमने उन्हें इससे बाहर सिखाया है, (किससे? ) उस बुनियाद से "जो विश्वास की बुनियाद है जिसे एक बार पेंटीकोस्टल पूर्व–पिताओं को सौंपा गया था," जी हाँ, बाईबल। एक झूठे शुद्धिकरण को सिखाया! एक झूठा बपतिस्मा सिखाया! सब कुछ, झूठ, झूठ, झूठ, मूल से अलग करते हुए।

305 आप इसे विश्वास नहीं करते है? बाईबल पर वापस आकर, और अपने "शुद्धिकरण," को ले और अपने "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा," को ले, और "छिड़काव को करना," और उन सारी चीजों को, और वापस आकर देखें कि क्या यह वचन के अनुसार है। यही वो तरीका है। पता लगाये कि क्या यह बुनियाद पर है। समझे? वे बुनियाद से बाहर हैं।

306 जो, पौलुस ने कहा कि... बाईबल—बाईबल कहती है कि वो—वो... कि, "परमेश्वर की कलीसिया प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं की शिक्षा पर

बनी है।" भविष्यद्वक्ताओं और प्रेरितों को एक सा होना है। निश्चय ही।

307 क्या? हम वचन की उस बुनियाद से हटकर, सांप्रदायिक बुनियाद पर चले गए है।

308 अब सुनना। मैं बंद कर रहा हूं। अपने आत्मिक सुनने के उपकरण को लगा ले। सुनना।

309 हम वचन की बुनियाद से बाहर आ गए हैं, और एक संप्रदाय की बुनियाद पर है। मैं इस विषय पर कब तक बने रह सकता हूं? और तीन घंटे तक। वचन की बुनियाद से हटकर, सांसारिक सुख विलासो की बुनियाद पर, सांसारिकता, अनैतिकता कलीसिया में रेंग कर अंदर आ रही है। वचन से हटकर, मत–सिद्धांतो की ओर। मुझे इसे प्रचार करने के लिए तीन सप्ताह का समय लगेगा, आधा तक ही, उन चार टिप्पणियां पर। वचन से हट गये है, एक संप्रदाय पर चले गये है, संप्रदायिक शब्द पर। जैसे ही वो—वो कलीसिया संप्रदाय होती है, यह ठीक तभी वचन से बाहर हो जाती है।

310 वहां कुछ नही केवल एक चीज करना है। ठीक वापस आ जाये जहां पर इसे छोड़ा है, और फिर से वहां जाये। वचन की ओर वापस आ जाये। यह सही है। *पश्चाताप* का अर्थ है, "लौटो, मुड़ जाओ, पूरी तरह दिशा बदल दो।" आप गलत रास्ते पर जा रहे है। तो ठीक है।

311 सुखविलास का संप्रदाय। संप्रदाय का श–... एक—एक बुनियाद, मेरा मतलब, सुखविलास की—की, सांसारिकता की बुनियाद, मत–सिद्धांत की बुनियाद। और इस सभी ने, मिलकर, एक अनैतिक भ्रष्टता, आत्मिक भ्रष्टता को जन्म दिया।

312 वो एक सच्चा भविष्यव्यक्ता होने पर, वह हमारे अंदर भी बिल्कुल ठीक वही देखेगा जो उसने उनमें देखा था। यदि वह आज यहां इस मंच पर खड़ा होता था, और मैं कहता, "भाई आमोस, परमेश्वर के महान भविष्यव्यक्ता, आप जो निडर है, यहां आकर और मेरे स्थान को ले," वो इस वचन का प्रचार करेगा। उसे तो करना ही होगा। वह एक भविष्यव्यक्ता है। तो ठीक है। वो इसे बिल्कुल ठीक वैसे ही प्रचार करेगा, जैसा यह लिखा हुआ है, ठीक जो हम अभी कह रहे हैं। तो ठीक है। वह उनमें वही देखेगा जो वह हम में देखता है, अनैतिक सड़न।

313 अब देखो, मित्रों। यहां पर कितने लोग है, इस वर्तमान कलीसिया में अभी यहां पर है, जो देखते है कि संसार अनैतिकता की सड़न में है?

[सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] क्यों, हम जानते हैं कि ऐसा है। क्या मामला है? यह वचन से बाहर हो गये है। सही है। तो ठीक है।

314 आमोस ने कभी भी सरकार को दोषी नहीं ठहराया। क्या आपने उस पर यहाँ ध्यान दिया है, जब आप घर जाकर जब आप इसे पढ़ते है? उसने कभी भी सरकार को दोष नहीं दिया, उसने ऐसी सरकार को चुनने के लिए कलीसिया को दोषी ठहराया। हुंह!

315 आप राजनितिज्ञ लोगों, मुझे थोड़ी देर के लिए इसे आपके अंदर गहराई तक डालने दो, यहां और दुनिया भर में, जहां भी यह जाएगा। कलीसिया ने यारोबाम जैसे व्यक्ति को चुना। सोचता हूं कि क्या आपने, हमने भी, लगभग इसी काम को नहीं किया है? हम कहते हैं कि यह एक अच्छी सरकार है; सरकार चट्टान पर घर नहीं बना सकती जब लोग रेत पर घर बनाने को चुनते हैं। क्या यह बना सकती है? मत कहो, "हमारी सरकार! हमारी सरकार!" यह तो आप है, राष्ट्र। यह तो लोग है। हम कैसे कर सकते हैं...

316 सेवक ने मुझसे कहा, कहा, "भाई ब्रन्हम," कहा, "देखो। मैं जानता हूं कि आप उसमें सही है। लेकिन," कहा, "यदि मैं यह प्रचार करूं, तो मेरा संप्रदाय मुझे बाहर निकाल देगा, मेरे लोग मुझे कलीसिया से बाहर निकाल देंगे।" कहा, "मैं कभी भी कोई और उपदेश प्रचार नहीं करूंगा।"

मैंने कहा, "कुछ भी हो, इसका प्रचार करो।" जी हां, श्रीमान।

317 यह परमेश्वर का वचन है। आप जिम्मेदार है। यदि आप परमेश्वर के सच्चे भविष्यव्यक्ता है, तो आप वचन के साथ बने रहेंगे। यदि नहीं, तो आप अपने संप्रदाय के साथ बने रहेंगे। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहां से है।

318 देखो। नहीं, श्रीमान। हम नहीं बना सकते, सरकार एक ठोस चट्टान पर घर नहीं बना सकती है जब लोग धँसती हुई रेत पर सुखविलास के घर के लिए वोट दे रहे हैं।

319 देखो हम क्या चाहते हैं। आइए हम अब एक मिनट लेते हैं। मैं आशा करता हूं कि मैं आपको नहीं थका रहा हूं। [सभा कहती है, "नहीं।"—सम्पा।] लेकिन आइए देखें कि हम क्या चाहते हैं, बस एक मिनट। मैं इस टिप्पणी को नहीं छोड़ सकता, जो यहाँ लिखा है। देखो हम क्या चाहते हैं।

320 हमारे टेलीविजन की ओर देखो। यही है जो हम चाहते हैं। हम चाहते हैं कि इनमें से कुछ हास्य कलाकार वहां खड़े होकर और सभी प्रकार के गंदे चुटकुले सुनाए, और हम बुधवार की रात को प्रार्थना सभा के बजाये घर पर ही बने रहे, या प्रचारक जल्दी छोड़ दे ताकि आप जाकर और इसे देख सकें; कोई पुरानी अश्लील, गंदी, पांच या छह बार विवाहित, वेश्या, गंदे चुटकुले सुनाती है, कामुक वस्त्र पहनती है, और हर तरह की हरकतें करती है। और आप परमेश्वर के भवन से प्रेम करने की तुलना में आप उसे अधिक पसंद करते हैं, यह दर्शाता है कि आप में किस प्रकार की आत्मा है।

321 हम अनुमति देते हैं। हम, लोग, यदि इस राष्ट्र के लोग हमारी सरकार को पत्र लिखें, मान लो कि दस करोड़ पत्र सरकार तक पहुँच जाये कि, "इन गंदे कार्यक्रमों को बंद करो," उन्हें यह करना ही पड़ेगा। हम ही वो लोग है। लेकिन हम, वो लोग है, जो गंदगी को चाहते हैं, इसलिए हमें वही मिलता है।

322 रेडियो के कार्यक्रम को देखें। ओह, प्रभु! *युगों की चट्टान* जैसी चीजों को तो तोड़–मरोड़ कर बदल दिया। उह–हूंह! *पुराना मजबूत क्रूस* गीत को घुमाकर, रॉक–एंड–रोल में कर दिया। *पुराना मजबूत क्रूस*, जी हाँ, निश्चय ही, हमारे रेडियो और टेलीविज़न पर। सब... कुछ समय पहले तो छोटी–छोटी लड़कियों को भी ऐसे मनोरंजन का हिस्सा बना दिया। हर चीज़ जितनी अनैतिक हो सकती है, उतनी अनैतिक हो चूकी है, यही है जो हम पसंद करते है।

323 यह किसके द्वारा प्रायोजित किये गये है? बीयर, व्हिस्की, सिगरेट, राष्ट्र का पैसा। वे क्या करते हैं? उनके टैक्स के पैसे को लेते है, जो टैक्स के लिए सरकार के पास जाना चाहिए, और ये उनके द्वारा दिखाए जाने वाले गंदे टेलीविजन कार्यक्रमों के लिए भुगतान करते हैं।

324 पेंटीकोस्टल वे उन अश्लील, गंदी तस्वीर को देखने को नहीं जाया करते थे, जब उनके इस तरह के नाटक होते थे। शैतान ने आपके सामने एक चीज को रख दिया, आपके घर में टेलीविजन लगा दिया।

325 एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग बहुत कठिन होता है, लेकिन आइए हम सत्य के साथ बने रहें। जी हां, श्रीमान।

326 हमारे विज्ञापनों की ओर देखे। महिलाएं हाथ में सिगरेट लिए बाहर खड़ी रहती है, देश की हर एक छोटी इजाबेल। मैंने जाकर...

327 एक दिन, मैंने एक अजीब चीज देखी। वहां एक महिला थी जो बच्चों को लेने के लिए वहां स्कूल में आई थी, जब मैं बच्चों लेने के लिए वहां गया, तो कड़ाके की ठंड होने पर भी उसने छोटे–छोटे कपड़े पहन रखे थे। उनमें से हर एक के पास सिगरेट थी। जैसे ही वे वहाँ पहुँचकर रुकते, अगर उनके पास सिगरेट जलती हुई न होती, तो वे तुरंत सिगरेट को सुलगा लेते, और, "व्यूह! देखो, मैं कैसे सही महसूस कर रही हूं? " उस हाथ को दरवाजे के बाहर *इस* तरह से बाहर लटकाए हुए, उसके हाथ में सिगरेट है। और आप इसके लिए कुछ तो कहे, ओह, उन्हें गुस्सा आ जाता हैं। निश्चय ही।

328 आप एक मदमस्त लड़के या एल्विस के लिए कुछ कह दे, या उनमें से वहां बाहर किसी एक के लिए, तो वे आपको गोली मार देंगे। और सरकार उनका समर्थन करती है, क्योंकि वे केवल किशोर आयु के है। "ओह, इसमें कोई बात नही। उन्हें, उन्हें समझ नहीं है। वे किशोर आयु के हैं। इसे अनदेखा करें।"

अब आप समझ गए होंगे कि एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का क्या अर्थ होता है, उसके मार्ग का?

329 कलीसियाओ में इन गंदे सपने देखने वालों की ओर देखो, उनके संप्रदाय के साथ, वे आपकी पीठ पर गोली मार देंगे। केवल एक ही चीज उन्हें ऐसा करने से रोकती है, वो है परमेश्वर की दया, जब तक संदेश लोगों तक नही पहुंच जाए। शैतान आपको मार डालेगा, यदि वह ऐसा कर सकता है। सही है। लेकिन संदेश को जाना ही है। "मैं प्रभु वापस लौटाऊंगा।" यह सही है। "मैं इन पत्थरों में से इसे खड़ा करने में सक्षम हूं।" यह सही है। तो ठीक है।

330 हमारे चलचित्र के नाटक, हमारे विज्ञापन, हमारे सुखविलास को चाहने वाले पापी खुद को मसीही कहकर बुलाते हैं। वे लोग जो स्वयं को मसीही कहकर बुलाते हैं; वे सुख विलास के चाहने वाले, वासना प्रेमी है। महिलाएं, अनैतिक वस्त्र पहनती है; पुरुष उनकी ओर देखते है, उन पर सीटी बजाते हैं, बाहर जाकर अपने आप को मसीही कहते हैं। क्यों, उनके पास यहाँ तक—उनके पास यहां तक...

331 यह फ्लोरिडा, कैलिफोर्निया में यह एक बड़ी बात है, कि उनके पास अब

बड़े–बड़े क्लब हैं। सारे पुरुष एक साथ एकत्र होकर और अपनी चाबी को अंदर फेंकते हैं, और महिला अंदर जाती है और वहां उन चाबियों में से एक चाबी को उठाती है। और यह जिसकी भी चाबी होती है, उसकी "पत्नी" को घर ले जाता है। वे एक सप्ताह तक साथ रहते हैं, फिर वापस आते हैं, चाबी को फेंकते हैं, फिर से चाबियों को अंदर से उठाती हैं। समझे? यह क्लब है। नाजायज जन्मे बच्चे और बाकी की हर एक चीज, सूअर का बैरी सूअर, कुत्ते का बैरी कुत्ता। क्या माजरा है? ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने वचन को छोड़ दिया है।

332 वे नहीं जानते कि मर्यादा का क्या मतलब होता है। यहाँ बाहर छोटे, तंग कपड़े पहने हुए, और इस तरह की चीजें करती है, और पुरुष उन पर वासना की दृष्टि रखते है, और सोचते हैं कि वे सभ्य हैं। बहन, हो सकता है आपने कुछ भी गलत नहीं किया हो, लेकिन मैं आपको एक बात बता दूं, आप शैतान का एक उपयोग करने का साधन है। और न्याय के कटघरे में, **यहोवा यों कहता है**, आप व्यभिचार करने के लिए उत्तर को देंने जा रही है, और आपका प्राण नाश हो जाएगा। आप बेहतर जानते हैं। जो भी है, अब आप इसे जानते हैं। तो ठीक है।

333 हमारी सारी व्यवस्था भ्रष्ट और सड़ चुकी है। यह हमारे लोग ही हैं, जो वे चाहते हैं। जैसे घर का एक भला मनुष्य, तो ठीक है, यदि एक मनुष्य जो घर का एक भला मनुष्य है, आपकी सरकार को दोष देता है... यही कारण है कि हमारे लड़कों को यहां भेजा जाता है और उन्हें बली का बकरा बनाया जाता है, सही है, क्योंकि ये हमारा अपना भ्रष्टाचार है। यदि हम प्रभु से प्रेम करते हैं और प्रभु की सेवा करते हैं, और सही प्रकार की सरकार और बाकी की हर एक चीजों के लिए वोट देते हैं, तो यह एक अद्भुत स्थान होगा। यह सही है। हमारे बीच कोई युद्ध नहीं होगा। नहीं। परमेश्वर हमारा शरणस्थान और शक्ति होता है। हमारे जवानो को बाहर भेजते है और वे मारे जाते है, और काट डाले जाते हैं, और बाकी की हर एक चीज होती है, इसका कारण हमारे अपने कार्य है जिसने यह परिस्थिति पैदा की है। परमेश्वर ने बाईबल में ऐसा कहा है, और वो नहीं बदलता है। वह बस एक सा है। ऐसा आपके अपने लोग ही चाहते है।

334 जैसे घर का एक भला व्यक्ति, क्या हो यदि वह एक भला मनुष्य हो? वह सही काम करना चाहता है। वह परमेश्वर के लिए जीना चाहता है।

और उसका एक सुखविलास, अनैतिकता को चाहने वाला परिवार है। एक व्यक्ति क्या करेगा, जब उसकी पत्नी छोटे–छोटे कपड़ो को पहनना चाहती है, और कामुक दिखने वाले कपड़े पहनना चाहती है, और बाहर जाकर और एक इजेबेल की तरह व्यवहार करती है, उसकी बेटियाँ और उसके सारे बच्चे, और वे सारे के सारे? उसके पिता ने... उसके छोटे लड़के को पाल–पोसकर बड़ा किया, और उसे प्रेम किया, और थपथपाया और चूमा, और बिस्तर पर रखा, और उसके लिए प्रार्थना की, खड़ा होकर, कहता है, "मेरा बूढ़ा बाप पागल है। वह केवल बाईबल के विषय में ही सोचता रहता है।" ऐसा मनुष्य अपने परिवार के साथ क्या कर सकता है?

335 हमारी सरकार में भी यही बात है, यहां के लोगों के बारे में भी। सरकार को दोष मत दीजिए। पिछड़ी हुई कलीसियाओ के इस झुंड को दोष दे, उनकी राजनीति में इस तरह की चीजों को डालने के लिए, जो उनके पास है। वे इसे चाहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इसके लिए वोट दिया, और यही कारण है कि उन्हें यह मिला है। और यही कारण है कि परमेश्वर का न्याय उन पर है। और वे जो बोयेंगे वही काटेंगे। वे अभी बो रहे हैं, और वे बाद में काटेंगे। देखो। ओह! हम पागलपन से ग्रस्त हो गए हैं। ओह, हाँ।

336 रूस में धन के बल पर अपना मार्ग बनाने की कोशिश कर रहे हैं। साम्यवाद में धन के बल पर अपना मार्ग बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कोशिश कर रहे है। इसलिए, धन से, आप परमेश्वर के इन दानों को नहीं खरीद सकते। वहां एक व्यक्ति था, शमौन, एक दिन ऐसा करने की कोशिश की, और पतरस ने कहा, "तुम अपने धन के साथ नष्ट हो जाओगे।" हम शमौन ओझा की भूमिका निभा रहे हैं, जो परमेश्वर के दान को खरीदने का प्रयास कर रहे हैं।

337 वचन पर वापस आ जाये। परमेश्वर के पास वापस आ जाये। मसीह के पास वापस आ जाये। फिर साम्यवाद की चिंता ना करे। हम सही व्यक्ति को वोट देंगे। हमारे पास अब्राहम लिंकन जैसा दूसरा व्यक्ति होगा, जॉर्ज वाशिंगटन, कोई तो जो सच्चे मनुष्य थे। वहां उस सरकार को दोष मत दो। अपने आप को दोष दो। यही है जो आमोस कहेगा। और यही बात जो परमेश्वर का कोई भी सच्चा भविष्यव्यक्ता भी कहेगा, यदि वह परमेश्वर के वचन को जानता है। यदि वह एक सच्चा भविष्यव्यक्ता है, तो वह—वह वचन को जानता है, क्योंकि ये उसके पास आता है।

338 इस्राएल, उनके बनाये हुए शत्रु के साथ—के साथ उनके गठबंधन में थे। पहले तो, उन्हें अपने शत्रु के साथ एक गठबंधन को करने से पहले, उन्हें परमेश्वर के वचन से दूर होना था।

339 और इससे पहले कि हम कभी भी अपने शत्रुओं और चीजों के साथ एक गठबंधन बना सके, हमें परमेश्वर के वचन से दूर होना होगा। उह–हुंह। अब भी वही, रोम को अधिकार करने दे रहे है। क्यों, हम ऐसा हर समय करते रहते हैं। उसने सरकार को हाथ में ले लिया है। वह स्थान को हाथ में ले रहा है। उसने लोगों को हाथ में ले लिया है। अब वो कलीसियाओ को हाथ में ले रहा है।

340 हम क्या कर रहे हैं? शांत बैठे हुए है, उनके साथ सहमत हो रहे है। "ओह, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि चाहे यह *इस* तरह से हो या *उस* तरह से हो। जो भी है, यह सब परमेश्वर का है।" तुम दरिद्र, दयनीय, पिछड़े हुए नाम के कहलाने वाले भविष्यव्यक्ता हो। तुम्हारे साथ क्या मामला है? वे परमेश्वर के वचन और इन चीजों के विषय में नहीं जानते। वे वचन का अध्ययन नहीं करते हैं। उन्हें इसका एहसास नहीं है। वे कहते हैं कि साम्यवाद सारे संसार पर अधिकार कर लेगा। नहीं, ऐसा नहीं है।

341 रोमनवाद संसार पर अधिकार करने जा रहा है, और यह इसे मसीहत के नाम के नीचे कर रहा है। क्या बाईबल में, यीशु ने नहीं कहा, "यह इतना नजदीक होगा, इतना तक कि यह बिल्कुल चुने हुओ को भी भरमा देगा, यदि संभव हो तो"?

342 आज हमें जिसकी आवश्यकता है... मैं यह कहकर बंद करने जा रहा हूं। अब मैं बंद करने जा रहा हूं। आज हमें एक और सच्चे भविष्यव्यक्ता की आवश्यकता है। आमीन। हमें एक मनुष्य की आवश्यकता है जिसके पास परमेश्वर का वचन आये। जी हां, भाई। उसे ठुकराया जाएगा और निकाला जाएगा, और बाहर कर दिया जाएगा, लेकिन वह निश्चित रूप से एक विस्फोट करके छेद करेगा। वो, वो... जी हां, हूं–हुंह। वह निश्चय ही ऐसे बीजों को डालेगा यहाँ तक चुने हुए लोग इसे पा लेंगे। उह–हुंह। यह सही है। हमें एक भविष्यव्यक्ता की आवश्यकता है। हमें एक ऐसे मनुष्य की आवश्यकता है जिसके पास वचन का सही अनुवाद आता हो, कि परमेश्वर उसके जरिये से बोले और वचन को प्रमाणित करे, ताकि इसे सत्य बनाये। यही है जिसकी हमें आवश्यकता है। और, भाई, मलाकी 4 के अनुसार,

हमसे एक प्रतिज्ञा की गई है, “वापस लौटाने की।” क्या? “लोगों का विश्वास, बाईबल की ओर लौटाता है।” हमसे उस एक की प्रतिज्ञा की गई है। वो इसे करेगा।

343 आमोस जानता था। जी हां, श्रीमान। आमोस जानता था, इस्राएल, उसके अधर्म के चाहने वाले जल्द ही उसे नाश कर देंगे।

344 और आज के उनके अधर्म के चाहने वाले जल्द ही उन्हें नष्ट कर देंगे, वही सांप्रदायिक मत–सिद्धांत और चीजें जिसमें उन्होंने खुद को बांध लिया है। आप पेंटीकोस्टल लोग, यही वो चीज है जो आपको नष्ट करने जा रही है, आपके मत–सिद्धांत और संप्रदाय। आप अपने आप को ठीक उस ओर बांध रहे है, पशु की छाप को लेते हैं, और यह जानते भी नहीं, ये आपकी आँखों के ऊपर ऐसा पर्दा डाले हुए है। निश्चय ही। यह एक बहिष्कार है। आप क्या करने की कोशिश कर रहे हैं? “आप *इस* के सदस्य हैं, या तो आप सदस्य नहीं हैं।” देखा? आप जरा प्रतीक्षा करे, बस जरा सा रुके, बस थोडा और समय। तब, आप कहेंगे, “तब मैं इसमें से बाहर निकल जाऊंगा।” नहीं, आप नहीं निकलेंगे। आप इसमें पहले से ही हैं। आप पहले से ही छाप लगा चुके हैं। आप अपने ऊपर छाप के साथ पाए गए हैं।

345 कोई फर्क नहीं पड़ता, ऐसाव फूट–फूट कर रोया, जबकि वो अच्छी तरह जानता था। लेकिन वह फूट–फूट कर रोया, पश्चाताप करने के लिए एक स्थान को ढूंढने की कोशिश कर रहा था, और इसे नहीं पा सका। तब आप वहीं पर बने रहेंगे। अभी भागने का समय है।

346 आमोस जानता था कि उनके अधर्म के चाहने वाले जल्द ही उसे नष्ट कर देंगे, क्योंकि उन्होंने, कलीसिया ने उसे छोड़ दिया था, परमेश्वर और उसके वचन को, जीवन के मार्ग को। वे परमेश्वर के जीवन के मार्ग से दूर चले गए, और अपना खुद का मार्ग बना लिया। ओह, वचन उनके लिए रुकावट का कारण था।

347 और आज भी यही बात है। परमेश्वर का वचन कहलाने वाले मसीही के लिए एक रुकावट का कारण है। उसे यीशु मसीह के नाम में पानी के बपतिस्मे के बारे में बताएं। उसे पवित्र परमेश्वर के विषय में बताएं। इससे वह...

और, खैर, वे कहते हैं, “तो ठीक है, हमारे पास पवित्र आत्मा है।”

348 तो फिर आप फिर भी छोटे–छोटे बाल क्यों रखती है? आप फिर भी “पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा” के नाम में बपतिस्मा क्यों लेते हैं? आप क्यों फिर भी इन दूसरी चीजों पर विश्वास करते हैं, जो आप विश्वास करते हैं, और उस तरह से क्यों व्यवहार करते हैं? ये यही दिखाता है। आपके फल इसे साबित करते हैं। यीशु ने कहा, “उनके फलों से, तुम उन्हें पहचानते हो।” जी हां। समझे? इससे तो यही पता चलता है, कि आप किसी ऐसी चीज के बारे में बात कर रहे हैं जिसके बारे में आप कुछ नहीं जानते हैं। जी हां, श्रीमान। जी हां।

349 यदि आमोस यहां पर होता, तो वह उनकी व्यवस्था के विरोध में चिल्लाता। आप यह जानते है?

350 अब मैं बंद करने से पहले एक पद को पढ़ने जा रहा हूं, 3रे अध्याय का 8वां पद। और आइये पढ़ते हैं।

*सिंह गरजा है, कौन ना डरेगा? प्रभु... ने बोला है, कौन भविष्यवाणी न करेगा?*

351 सुनना। अब बंद करते हुए, मैं यह कहना चाहता हूं। मुझे खेद है कि आपको आधा घंटा ज्यादा तक रोके रखा। लेकिन, देखो। मैं यह कहना चाहता हूं। मैं एक शिकारी हूं। मैं शिकार करता हूं। मुझे खुशी है कि परमेश्वर ने मुझे ऐसा कुछ तो दिया है।

352 एक दिन जब इस तरह से बंदूक की गोली चल गयी, तो मैं सीधे नीचे चला गया, यह देखने के लिए कि क्या मैं फिर से गोली चला सकता हूं। मैं नहीं चाहता हूं कि इससे मुझे डर लगे। यदि मेरी सड़क पर कोई दुर्घटना होती थी, तो मैं गाड़ी चलाना नहीं छोड़ूँगा। यदि मैं जमीन पर चलता हूं और मेरे पैर के अंगूठे को कालीन पर अटक कर ठोकर लग जाए, और मैं खिड़की से बाहर जा गिरूं, तो भी मैं चलना नहीं छोड़ूँगा। समझे? नहीं, नहीं। परमेश्वर ने मुझे एक अच्छा सबक दिया। यह शैतान था। यह परमेश्वर नहीं था। समझे? यह शैतान था।

353 अब, मैं इसके आत्मिक अर्थ को जानता हूं। इस समय इस कमरे में अभी हम तीन लोग है, जो जानते है कि यह क्या है। और ये आपके सिर कर बाल खड़े कर देगा, लेकिन मैं किसी को नहीं बताऊंगा। समझे? बस ये तीन लोग, एक पुष्टि के लिए। अब, यह सब ठीक है। सब ठीक है... परमेश्वर इसके बारे में सब कुछ जानता था, और इसकी पहले से ही चेतावनी दी

थी, और बाकी की हर एक चीज की। और हम इसे जानते हैं। यह कुछ हद तक मेरी गलती थी, और मुझमें कुछ तो था।

354 मैंने—मैंने एक बार एक व्यक्ति का पक्ष लिया, जबकि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। मैं उसे कड़ी फटकार लगा सकता था। देखा? लेकिन ऐसा न करने के कारण मुझे उसकी कीमत चुकानी पड़ी। तो, फिर, इसलिए हम... कोई बात नहीं। यह मेरी गलती थी, अब इसकी क्षमा मिल चुकी है। और हम आगे बढ़ेंगे। समझे? जी हां।

आमोस, यह 8वां पद, "सिंह गरजा कौन न डरेगा?"

355 मैंने अफ्रीका के जंगलों में शिकार किया है। मैं वहां पर भी गया हूं जहां शेर थे। वो जानवरों का राजा है। मैं रात के समय जंगलों में सोया हूं और कर्कश आवाज़ और लकड़बग्घे की आवाज़ को सुनता हूं, हंसने जैसी आवाज़ और जोर से चिल्लाना, और—और—और उन भिन्न–भिन्न जानवरों का। और फिर उनमें से कुछ लकड़बग्घे आवाज़ करते है, जब वे चिल्लाते हैं तो बस ये आपके खून को जमा देंगे। और वहां तेंदुओं के साथ, और रोने की आवाज़, और बाकी की हर एक चीज, और भौंरे, और बंदर, और लंगूर, और हजारों गुना हजारों आवाज़े, "चीखने, जोर से चिल्लाने की।" हर जगह घूमिए, आप हर प्रकार की आवाज़े सुन सकते हैं। लेकिन एक शेर को गरजने दो, यहां तक वो भौंरे भी शांत हो जायेंगे। यह एक मृत्यु सा सन्नाटा छा जाता है। वे शांत हो जाते हैं। किस लिए? उनके राजा ने बोला है। आमीन।

356 "यदि सिंह गरजता है, तो कौन नहीं डरेगा? तो जब परमेश्वर बोलता है, कौन भविष्यवाणी करने से रुक सकता है?" जब परमेश्वर बोलता है, भविष्यव्यक्ता पुकार उठता है। आप समझ रहे है मेरा क्या मतलब है? सच्चा भविष्यव्यक्ता पुकार उठता है। मित्रों, उसने बोला है। उसके बाद, उसके राज्य की हर एक सृष्टी को ध्यान से सुनना चाहिए कि उसने क्या कहा।

357 यदि एक शेर पहचान सकता है कि कुछ तो गलत है, जब वह गरजने लगता है, तो उसके राज्य की हर चीज शांत हो जाती है। वे सुनते हैं। यहां तक कि छोटे कीड़े भी, अब भी, वह उस शेर के राज्य में है। वह लकड़बग्घे की खून को जमा देने वाली डरावनी चीख, वह चुप हो जाता है। वह हाथी वहां पर है, जो शेर को उठा कर, और उसे अपने सूंड से घुमा सकता है, "व्युऊ! व्युऊ!" और एक शेर को गरजने दो, वह चुप हो जाएगा और शांत

खड़ा रहेगा। वो अफ़्रीकी भैंस, जो नाक से फुंफकार सकती है, ऐसा दिखता है जैसे उसकी नाक से उड़ती हुई आग निकल रही हो। जब एक शेर उस पर कूदता है, तो ये यहाँ तक उसकी कोई हानि भी नहीं पहुंचाता। वो गैंडा, जो उसके सात टन के कवच, और उसके बड़े थूथन के साथ, उसे छेद देगा। एक शेर को गरजने दो, वह वही अपने रास्ते पर रुक जाएगा। क्या माजरा है? उसके राजा ने बोला है। देखा? वह सुनना चाहता है कि क्या बोलने जा रहा है।

358 और जब परमेश्वर बोलता है, भविष्यव्यक्ता पुकार उठता है। और फिर उसके राज्य को ध्यान से सुनना है कि वह क्या कह रहा है। परमेश्वर ने बोला है। उसके राज्य की हर सृष्टी सुने कि वह क्या कह रहा है।

आइए हम प्रार्थना करें।

359 हे यहूदा के गोत्र के सिंह, उठ और गरज! आप इस अंतिम दिन में गरज रहे हैं। आपकी आंखें सिकुड़ी हुई हैं। आप नीचे की ओर देख रहे हैं। आप इस नाम के कहलाने वाले मसीही राष्ट्र और दुनिया के पाप को देख रहे है। आप इस राष्ट्र के पाप को देख रहे हैं, जब कि इसे बहुमूल्य लहू से खरीदा गया है। आप देख रहे हैं कि कैसे संप्रदाय आपके वचन का रौंदते हुए आगे बढ़ रहे हैं। देखे कैसे झूठे भविष्यव्यक्ता झूठ बोल रहे हैं। परमेश्वर के सत्य को वे इन्कार कर रहे हैं।

360 हे यहूदा के सिंह, गरज! आपके भविष्यद्वक्ताओं को पुकारने दो। “जब परमेश्वर बोलता है, भविष्यवाणी करने से कौन रोक सकता है?” यह परमेश्वर का वचन है जो बाईबल में से आ रहा है, भविष्यव्यक्ता के जरिए से आगे बढ़ रहा है। वह भला कैसे चुप रह सकता है? यदि वह चुप रहे, तो वो फटकर टुकड़े–टुकड़े हो जायेगा। हे परमेश्वर, आपके भविष्यव्यक्ता को गरजने दो, प्रभु। परमेश्वर, अपने संदेश को गरज, और आपके राज्य की प्रत्येक सृष्टि ध्यान से सुने।

361 होने पाए वे रुक जाए। होने पाए स्त्रियां रुक जाए और अपने आप को जांचे। होने पाए वे पुरुष रुककर और अपने आप को जांचे। होने पाए हर एक प्रचारक जो इस टेप को सुनता है, रुककर और अपने आप को जांचे, क्योंकि यहूदा के गोत्र का सिंह गरजता है। और सच्चा वचन भविष्यवक्ताओं के पास आता है, बोलता है, चिल्ला उठता है, “पश्चाताप करो और वापस मुड़ो इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।”

362 परमेश्वर, मैं संदेश को टेप पर और इस दृश्यमान श्रोतागण में, आज सुबह आपको समर्पित करता हूं, भरोसा करने के लिए आप इसकी स्वीकृति दे। और परमेश्वर के हर बेटे और बेटी को बुलाये, जो… जो कभी इस टेप को सुनते हैं, या आवाज की ध्वनि के नीचे बैठे है, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे पश्चाताप की ओर फिरे।

363 और मैं विश्वास करता हूं, प्रभु, यदि आप आमोस को यहां भेजते, तो वह इसी चीज के लिए पुकार उठता। क्योंकि वह नहीं पुकार सकता… लेकिन यदि वह प्रभु का भविष्यव्यक्ता है, तो वह वचन को आगे भेजने वाला है। उसे वचन के द्वारा भेजा गया है, वचन के साथ, और वो स्वयं वचन होता है। अब, प्रभु, यीशु मसीह के नाम में इसे होने दे। आमीन।

62-0513M परमेश्वर के एक सच्चे भविष्यव्यक्ता का मार्ग
ब्रंहम टेबरनेकल
जेफ्फ़रसनविल, इंडिआना यू.एस.ए

HINDI

©2026 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org